सुप्रभात
रांची, शनिवार
13.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 181

12 कैटरीना की 'मेरी क्रिसमस रिलीज'



## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने शैक्षणिक योजनाओं की दी जानकारी

# सीएम फेलोशिप योजना के तहत छात्रों को प्रतिमाह दी जायेगी प्रोत्साहन राशि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि सीएम फेलोशिप योजना के तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। श्री पुरवार शुक्रवार को सूचना भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सीएम फेलोशिप योजना लेकर आयी है। इसके तहत राज्य के सरकारी अथवा गैर सरकारी विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वाले में अनुसंधान को बढ़ावा देने की योजना है। सीएम फेलोशिप योजना के तहत यूजीसी नेट सीएसआईआर नेट उत्तीर्ण छात्रों को 25 हजार रुपये प्रतिमाह और झारखंड पात्रता परीक्षा पास छात्रों को 22,500 रुपये प्रतिमाह 4 साल तक दी जायेगी। इस योजना से प्रतिवर्ष कुल एक हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इसके अलावा पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा और स्नातक स्तर पर 1500 रुपये प्रति माह, स्नातकोत्तर स्तर पर एक सेमेस्टर की अधिकत्तम अवधि के लिए 2000 रुपये प्रति माह की शिक्षण सहायता प्रदान की जायेगी।

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना की खासियत :** इसके तहत उच्च मान्यता प्राप्त शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के लिए 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज पर 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण दिया जायेगा। शिक्षण अवधि तक लोन की ईएमआई नहीं देनी होगी। ईएमआई कोर्स पूरा करने के बाद ही देय होगा।



**शुरू की गयी है एकलव्य प्रशिक्षण योजना :** यूपीएससी, जेपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं ₹2500 मासिक भत्ता भी दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए झारखंड से 12वीं पास करना होगा। इस योजना के तहत 25 सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में 27,000 विद्यार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना भी होगी :** तकनीकी शिक्षण संस्थानों में छात्राओं के नामांकन में सुधार के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की योजना है। श्री पुरवार ने कहा कि झारखंड उच्च शिक्षा योग्यता छात्रवृत्ति योजना, सेमिनार, कार्यशाला संगोष्ठी सम्मेलन के लिए अनुसंधान अनुदान और प्रायोजित अनुसंधान के लिए अनुदान, झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना, दिव्यांग एवं अनाथ के लिए छात्रवृत्ति योजना हैं।

**ज़िला विज्ञान केंद्रों का पुनरुद्धार होगा :** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया कि झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सहित सभी राजकीय विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के लिए सामान्य क्रेडिट और रूपरेखा को अपना लिया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में घंटी आधारित शिक्षकों के पारिश्रमिक को बढ़ाकर 57,700 रुपये प्रति माह एवं पॉलिटेक्निक में 56100 रुपये प्रति माह किया गया है। यह भी व्यवस्था की गयी है कि यह राशि उन्हें पूरी मिले। विज्ञान केंद्र का उन्नयन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही गुमला, लोहरदगा, गिरिडीह, डालटनगंज, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, देवघर, दुमका में ज़िला विज्ञान केंद्रों का पुनरुद्धार करने का निर्णय लिया गया है। नेतरहाट में डिजिटल प्लेटोरियम के निर्माण का निर्णय भी लिया गया है। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी सहित उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में चार कदम भी आगे नहीं बढ़ी राज्य सरकार : नीरा यादव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने शुक्रवार को झामुमो गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। पूर्व मंत्री ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि हेमंत सरकार शिक्षा के क्षेत्र में फिसड्डी साबित हुई है। हेमंत सरकार ने रघुवर सरकार के कार्यकाल की योजनाओं को ठप कर शिक्षा के कार्यों को रोका है। पोशाक, स्कूल के रंग बदलने से शिक्षा में बदलाव नहीं होता है। हेमंत सरकार ने शिक्षा को लेकर बड़े बड़े दावे किये, लेकिन सब हवा हवाई निकली। उन्होंने कहा कि उच्च तकनीकी शिक्षा के 1092 करोड़ का कुल बजट में मात्र 23.12 प्रतिशत व्यय हुआ है। जबकि स्कूली शिक्षा में भी स्थिति बदतर है। 6,387 करोड़ के बजट में मात्र 58.14 प्रतिशत ही खर्च हुआ है। हाई स्कूलों में 10 हजार शिक्षकों के पद रिक्त हैं। हाई स्कूलों और प्लस टू में लगभग 70 प्रतिशत प्रिंसिपल के पद रिक्त हैं। इनमें 50 प्रतिशत सीधे नियुक्ति करनी है। झारखंड के यूनिवर्सिटी और कॉलेजों की स्थिति बदतर है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में रोडमैप बनाकर शिक्षा की स्थिति में बदलाव लाया गया था। शिक्षक नियुक्ति, आधारभूत संरचना और साइकिल वितरण जैसे कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का कार्य किया गया था। रघुवर सरकार के कार्यकाल में सभी 34,939 स्कूलों में बेंच डेस्क लगवाये गये, 27 नये आईटीआई कॉलेज स्थापित हुए। पांच नये यूनिवर्सिटी की स्थापना की गयी। विधायक शशि भूषण मेहता ने कहा कि डबल इंजन की रघुवर सरकार में उच्च तकनीकी शिक्षा को तेजी से आगे बढ़ाया गया था। इसे हेमंत सरकार ने रोक दिया। पलामू में इंजीनियरिंग समेत कई कॉलेज बदहाल अवस्था में है।

## अधिकारी राज्य सरकार के गैर कानूनी कार्यों के सहभागी न बनें : प्रतुल शाहदेव

**भाजपा ने कैबिनेट सेक्रेटरी की ओर से इडी को पत्र लिखकर अफसरों को तलब करने के मुद्दे पर जानकारी मांगने पर दी प्रतिक्रिया**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार के अधीन कार्य कर रहे अधिकारियों से गैरकानूनी कार्यों में सहभागी न बनने का आग्रह किया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने रुल बुक के मुताबिक संविधान और देश के कानून के अनुरूप ही कार्य करें। श्री शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार के हाल के कार्यों से लगता है कि वह अपना खुद का सीआरपीसी बन चुकी है। मुख्यमंत्री जी को ये नहीं भूलना चाहिये देश का कानून सर्वोच्च होता है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट सेक्रेटरी ने एक अति आपत्तिजनक पत्र ईडी को लिख कर अपने अफसरों को तलब किये जाने के मुद्दे पर जानकारी मांगी है। यह पत्र सीधे तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवहेलना है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार अब गैर कानूनी रास्तों का सहारा लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे केंद्र सरकार के मुहिम को रोकना चाहती है और चहेते अफसरों को बचाना चाहती है। कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 27 जुलाई 2022 को निर्णय सुनाते हुए कहा था कि एफआईआर और इसीआईआर दोनों अलग-अलग होते हैं। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि ईडी के समक्ष यह जवाबदेही नहीं होती कि वह जिस व्यक्ति को बुलाता है उसके साथ अपनी इसीआइआर को साझा करे। उन्होंने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती है लेकिन अधिकारियों को हमेशा विधि सम्मत कार्य ही करना चाहिये।

## भाजपा मुख्यालय में आज होगी मीडिया कार्यशाला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में आज प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला आयोजित होगी। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला मर प्रदेश की मीडिया टीम, प्रवक्तागण के साथ जिला मीडिया प्रभारी सभी मोर्चा के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्तागण भाग लेंगे। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन 11 बजे पूर्वाह्न होगा। इसके पूर्व 9.30 बजे से प्रतिनिधियों का रजिस्ट्रेशन होगा। कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम का मार्गदर्शन होगा।

## हाइकोर्ट ने अदालत में सशरीर उपस्थित डीजीपी से कहा- पुलिस को प्रशिक्षण देने की है जरूरत

**कोर्ट ने महाधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद संतोष यादव व एक अन्य आरोपी को अग्रिम जमानत प्रदान की**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह जिले के पचंबा पैक्स के मैनेजर संतोष यादव की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के डीजीपी कोर्ट में शुक्रवार को सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने डीजीपी से कहा कि पुलिस थानों में 100 प्रतिशत स्वीकारोक्ति बयान आरोपियों का कैसे संभव है, अनुसंधान को सही सही दिशा में ले जाने के लिए पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग देने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन भी कोर्ट के समक्ष उपस्थित थे। कोर्ट ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अनुसंधान सही तरीके से होना चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद संतोष यादव समेत एक अन्य आरोपी को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। इससे पहले गुरुवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि प्रार्थी इस मामले में निर्दोष है। अनुसंधान में भी उसकी कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है इसलिए उसे अग्रिम जमानत दी जाए। दरअसल वर्ष 2022 में गिरिडीह के पचंबा पैक्स के द्वारा 800 क्विंटल धान खरीदा गया था। इस धन को मिल में नहीं भेजा गया था। जिसे लेकर गिरिडीह डीसी ने एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। मामले में पचंबा पैक्स के मैनेजर संतोष यादव समेत अन्य को आरोपी बनाया गया था। गिरिडीह डीसी ने पचंबा पैक्स के द्वारा खरीदे गए 800 क्विंटल धान को मिल में नहीं भेजे जाने को धान का गबन माना है।

### खबरें अदालत की

#### आचार संहिता उल्लंघन मामले में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज सभी चार एफआइआर निरस्त

**रांची।** वर्ष 2021 में मधुपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज चार प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज चार एफआईआर को निरस्त कर दिया। बता दें कि निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

#### वीरेंद्र राम के पिता व पत्नी की अग्रिम जमानत पर हाइकोर्ट में अब 19 जनवरी को सुनवाई

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों की अग्रिम बेल पर अगली सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तिथि निर्धारित कर दी। गेंदा राम और राजकुमारी देवी पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है।

#### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर हाइकोर्ट में सुनवाई 2 फरवरी को

**रांची।** शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 2 फरवरी निर्धारित की है। कोर्ट ने ईडी को मामले में प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने का खुलासा ईडी की जांच में हुआ है। मामले में ईडी ने केस 8/ 2023 दर्ज किया है।

#### हाइकोर्ट ने पंकज मिश्रा के सहयोगी टिंकल भगत की जमानत याचिका पर इडी से मांगा जवाब

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी। प्रार्थी के अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि अवैध खनन का मामला शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है, वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। प्रार्थी को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपी कृष्णा साहा को जमानत मिल चुकी है, इसलिए प्रार्थी को भी जमानत दी जाए।

#### रांची, जमशेदपुर समेत आठ जिलों के लंबित मामलों की आज समीक्षा करेंगे आइजी

**रांची।** आइजी अखिलेश कुमार झा आज शनिवार को रांची, जमशेदपुर समेत आठ जिलों में लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे। बैठक में रांची और कोल्हान रेंज के डीआईजी के अलावे रांची, जमशेदपुर एसएसपी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा और सरायकेला खरसावां एसपी भी शामिल रहेंगे। वे नक्सल, अपराध और तीन वर्ष से अधिक लंबित मामलों की भी समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक में लंबित विशेष कांडो की जानकारी, सीसीए, एनएसए, लंबित वारंट, कुर्की, जेल के बाहर निकले उग्रवादी, अपराधी, संगठित गिरोह के सक्रिय अपराधकर्मियों और उनके विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली जाएगी। इसके अलावे पोस्टों का निरीक्षण, एसपी का मासिक कार्य, निलंबित पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की जानकारी ली जाएगी।

## अग्निवीर वायु के लिए 17 जनवरी से होगा निबंधन

**12 से 23 जनवरी तक स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता के लिए जिलों का होगा दौरा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अग्निवीर वायु प्रवेश 01/2025 के लिए पंजीकरण 17 जनवरी को 11:00 बजे शुरू होगा। पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 6 फरवरी को 23:00 बजे बंद हो जाएगा। इस इकाई के कमांडिंग ऑफिसर और कर्मचारी 12 जनवरी से 23 जनवरी तक स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता और प्रेरणा सत्र आयोजित करने के लिए विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। भारतीय वायु सेना में नौकरी के अवसरों के संबंध में जानकारी का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसका उद्देश्य झारखंड के युवाओं तक पहुंचना और उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करना है। कमान अधिकारी विंग कमांडर ए. प्रदीप रेड्डी ने बताया कि भर्ती के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड से सेवा के प्रति प्रेरणा या झुकाव में कोई कमी नहीं है, लेकिन जो आंकड़े हैं वा संख्या आईएएफ में कॅरियर के अवसरों के बारे में युवाओं के बीच जागरूकता की कमी को दर्शाता है। विशेषकर राज्य के दूरस्थ जिलों में जागरूकता की कमी है, उन्हें जागरूक करने के लिए ही 12 जनवरी से 23 जनवरी तक स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

आवेदन प्रारंभ : 17 जनवरी 2024

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 06 फरवरी 2024

परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि : 06 फरवरी 2024

परीक्षा तिथि : 17 मार्च 2024 प्रवेश पत्र उपलब्ध : परीक्षा से पहले

## पंचायत डिजिटल केंद्र के जरिये मनरेगा का होगा क्रियान्वयन

**रांची।** पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिखकर पंचायत भवन स्थित डिजिटल पंचायत केंद्र के माध्यम से मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन और सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव ने उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे चिह्नित सेवाओं को डिजिटल पंचायत केंद्र के माध्यम से पंचायत भवन में ही उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी करें। बता दें कि राज्य सरकार ने ई-गर्वनेंस के तहत सभी पंचायतों को डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है। इसके जरिये सभी सरकारी योजना व सुविधाओं को उपलब्ध कराया जायेगा। डिजिटल पंचायत केंद्र की स्थापना के लिए संबंधित एजेंसी द्वारा वीएलई की सेवा दी जायेगी जो मुखिया व पंचायत सेवकों को तकनीकी सुविधा उपलब करायेंगे। ऐसे में अब मजदूरी के लिए पंजीकरण, जॉब कार्ड निर्गत आदि कार्य यहीं से होंगे।

## यौन शोषण के आरोपी युवक को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने हजारीबाग के राहुल कुमार को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। उसपर एक शादीशुदा महिला ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। इस संबंध में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाने में कांड संख्या 256/2022 दर्ज करवाई गई थी। जिसमें राहुल कुमार को आईपीसी की धारा 376 और 506 के साथ साथ एससी और एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3 (1) (एस), 3 (2) (वी) के तहत आरोपी बनाया गया था। झारखंड हाईकोर्ट ने राहुल को अग्रिम बेल देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट में अपनी अग्रिम जमानत की गुहार लगाई थी। जिसपर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका की बेंच में सुनवाई हुई।

महिला के आरोपों के मुताबिक, राहुल और उसकी मुलाकात फेसबुक के माध्यम से वर्ष 2019 में हुई। इसके बाद उसे प्यार हो गया, याचिकाकर्ता और उसने अपना जीवन एक साथ बिताने का फैसला किया। आरोपी ने समाज के सामने शादी करने का भी वादा किया, लेकिन बाद में युवक अपने वादे से मुकर गया और उसने शादी का वादा पूरा नहीं किया। आरोपी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने अपनी बहस में कोर्ट को यह तर्क दिया कि आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच 2 साल से अधिक समय से संबंध सहमति पूर्ण प्रकृति के थे, शिकायतकर्ता एक विवाहित कामकाजी महिला और दो बच्चों की मां होने के कारण नैतिक या अनैतिक कृत्यों के परिणामों को समझने के लिए पर्याप्त परिपक्व और बुद्धिमान थी। जिससे सहमत होते हुए कोर्ट ने आरोपी को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान कर दी।

## परिवहन निगम के 791 कर्मियों के समायोजन की तिथि से प्रभावी होगा वेतनमान

**रांची।** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम से झारखंड सरकार के दूसरे विभागों में समोजित 791 परिवहन कर्मियों के वेतनमान के लिए नये नियम तय किये गये हैं। सभी समायोजित राज्य पथ परिवहन निगम कर्मियों के वेतन वृद्धि प्रक्रम सहित झारखंड सरकार के अंतर्गत समायोजित होने की तिथि यानि 1 जुलाई 2004 के प्रभाव से राज्य सरकार में प्रभावशाली धारित पद के लिए अब अनुमान्य कर दिया गया है। यानी अब सभी समायोजित निगम कर्मियों की पूर्व की सेवा की गणना कराते हुए सभी सेवांत लाभ दिया जायेगा। वेतनमान का भुगतान भी वास्तविक रूप से किया जायेगा। इस संबंध में परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। झारखंड हाइकोर्ट ने भी मामले पर फैसला पारित किया था।

## 8वें दौर में 39 और 9वें दौर में 31 कोयला खदानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू

# खदानों की नीलामी और कोयला के क्षेत्र में अवसरों पर 16 जनवरी को रांची में रोड शो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ दिल्ली।** कोयला खदानों की वाणिज्यिक नीलामी में भागीदारी बढ़ाने के लिए कोयला मंत्रालय 16 जनवरी, 2024 को रांची में एक रोड शो का आयोजन कर रहा है। कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अतिरिक्त सचिव एम नागराजू के साथ और नामित प्राधिकारी सम्मानित अतिथि उपस्थित रहेंगे। कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक नीलामी के 8वें दौर के अंतर्गत 39 कोयला खदानों और वाणिज्यिक नीलामी के 9वें दौर के अंतर्गत 31 कोयला खदानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। ये 70 कोयला खदानें कोयला भंडार



वाले राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से हैं। कुल 70 कोयला खदानों में से 27 पूरी तरह से खोजी हुई हैं और 43 आंशिक रूप से खोजी गई हैं। इसके अलावा, सात कोकिंग कोयला खदानें और शेष गैर-कोकिंग कोयला खदानें हैं। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद इन खदानों को अंतिम रूप दिया गया है। संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों, महत्वपूर्ण आवासों, 40 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र, भारी निर्मित क्षेत्र आदि के अंतर्गत आने वाली खदानों को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। कुछ कोयला खदानों की ब्लॉक सीमाएं जहां घनी आबादी, उच्च हरित आवरण या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे आदि की उपस्थिति थी, को इन कोयला ब्लॉकों में बोलीदाताओं की रुचि और भागीदारी को बढ़ाने के लिए हितधारक परामर्श के दौरान प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर संशोधित किया गया है।

नीलामी प्रक्रिया की मुख्य विशेषताओं में अग्रिम राशि और बोली सुरक्षा राशि में कमी किए जाने के साथ ही आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों के मामले में कोयला खदान का कुछ हिस्सा छोड़ने की अनुमति प्रदान करना शामिल है। भूमिगत कोयला खदानों की प्रदर्शन सुरक्षा में छूट, बिना किसी प्रवेश बाधा के भागीदारी में आसानी, कोयला उपयोग में पूर्ण लचीलापन, अनुकूलित भुगतान संरचनाएं, शीघ्र उत्पादन के लिए प्रोत्साहन और स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी के उपयोग पर इस ऑन-लाइन वाणिज्यिक नीलामी के अन्य महत्वपूर्ण आकर्षण हैं। वाणिज्यिक कोयला खदान की नीलामी के 8वें दौर के लिए निविदा दस्तावेज की बिक्री 15 नवंबर, 2023 को और 9वें दौर की नीलामी के लिए 20 दिसंबर, 2023 को शुरू हुई थी।

## अयोध्या धाम के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रेलवे बोर्ड का दक्षिण पूर्व रेल मुख्यालय से पत्राचार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर का उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुक्रवार से शुरू हो गया। यह अनुष्ठान 11 दिवसीय है। जिसके बाद 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने के लिए देश विदेश से लोग आ रहे हैं। इसमें देशवासी भी अलग अलग जगहों से अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में अलग अलग जगहों से चलने वाली अयोध्या की सभी ट्रेनें पहले से फुल है। वहीं रेल मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों या स्टेशनों से अयोध्या के स्पेशल ट्रेन चलाने का आदेश जारी किया है।

ऐसे में झारखंड से भी अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। फिलहाल रेलवे बोर्ड की ओर से इस पर कोई आदेश रांची रेल मंडल को नहीं मिला है, लेकिन रेलवे बोर्ड की ओर से दक्षिण पूर्व भारत से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने के लिये दक्षिण पूर्व रेलवे से पत्राचार किया गया है। इसके अनुसार स्पेशल ट्रेन का परिचालन टाटा, राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो, गया से होकर किया जायेगा। हालांकि समय और तारीख अभी तय नहीं किया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय कोलकाता की ओर से इस पर निर्णय लिया जायेगा।

बता दें देशभर से करीब 500 स्पेशल ट्रेनें चलायी जायेगी। इनमें से कई ट्रेनों का परिचालन झारखंड से भी किया जायेगा। जिसकी घोषणा जल्द की जायेगी, ताकि झारखंड के भी अधिक से अधिक लोग रामलला के दर्शन कर सकें।

सुप्रभात

रांची, शनिवार

13.01.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 181



12 कैटरीना की 'मेरी क्रिसमस रिलीज'

## न्यूज डायरी

### पुंछ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में शुक्रवार की शाम खनेतर में सेना के सीएओ के वाहन पर आतंकियों ने फायरिंग की। यह हमला सेना प्रमुख के उस बयान के एक दिन बाद हुआ है जिसमें उन्होंने कहा था कि पुंछ राजौरी में स्थित नियंत्रण में है, लेकिन संवेदनशील है। वहीं फायरिंग की घटना के बाद सेना और अर्धसैनिक बलों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### चतरा में सड़क निर्माण साइट पर नक्सली हमला

**चतरा।** कुंदा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े नक्सलियों ने सड़क निर्माण कराने के दौरान धावा बोल दिया और हवाई फायरिंग की। सूचना मिलते ही सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और छापेमारी में जुट गये। लेवी लेने के लिए नक्सलियों ने धावा बोला। हवाई फायरिंग की। मजदूर काम छोड़कर चले गये।

### 10 लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**लातेहार।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति, से प्रभावित प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के जोनल कमांडर मनोहर परहिया ने लातेहार पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। वह लातेहार का रहनेवाला है।उस पर दस लाख का इनाम था। स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों के माध्यम से उसके खिलाफ दर्ज केस के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने अभी मनोहर परहिया के सरेंडर करने की घोषणा आधिकारिक रूप से नहीं की गयी है।

### कांग्रेस को अयोध्या जाना चाहिए: कर्ण सिंह

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिला है, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी कारणों से वह समारोह में शामिल नहीं होंगे। इस दौरान उन्होंने पार्टी नेतृत्व को नसीहत देते दी कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिलने पर समारोह में शामिल होने से परहेज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, एक रघुवंशी होने के नाते और मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का मामूली व्यक्तिगत दान देने के कारण इसमें शामिल होना बहुत खुशी की बात होती। अफसोस है कि 93 साल की उम्र होने की वजह से मेरे लिए इस कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं होगा।

### आकाश -एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से नयी पीढी की आकाश-एनजी मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल के परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर एक अधिक गति वाले मानव रहित लक्ष्य पर निशाना साधा गया। मिसाइल ने लक्ष्य पर अचूक निशाना साधते हुए उसे ध्वस्त कर दिया। इससे मिसाइल की हथियार प्रणाली के सुचारू कामकाज की पुष्टि हुई।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### युवा महोत्सव में पीएम की अपील नशे से दूर रहें युवा

# परिवारवाद घातक, देश भर में चलायें सफाई अभियान

एजेंसी

**नासिक।** पीएम मोदी ने नासिक के तपोवन मैदान में शुक्रवार को 27वें नेशनल यूथ फेस्टिवल का उदघाटन किया। इस मौके पर पीएम ने कहा, मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी मंदिरों में साफ-सफाई करें। आज मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने वहां कालाराम मंदिर पूजा-अर्चना भी की। पीएम ने कहा- मैं देशवासियों से फिर अपना आग्रह दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के अवसर पर देश के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें। पीएम ने सभा को संबोधित करते हुए परिवारवाद पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी हैं युवा। (शेष पेज 11 पर)



### यह युवाओं का कर्तव्य काल

मोदी ने कहा, अगले 25 वर्षों का यह अमृतकाल आपके लिए कर्तव्य काल भी है। जब आप अपने कर्तव्यों को सर्वोपरी रखेंगे तो समाज भी आगे बढ़ेगा, देश भी आगे बढ़ेगा। इसलिए आपको कुछ सूत्र याद रखने होंगे। जितना हो सके लोकल को प्रमोट कीजिए। मेड इन इंडिया प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल कीजिए। किसी भी तरह के ड्रग्स और नशे की लत से दूर रहिए। माताओं, बहनों और बेटियों के लिए अपशब्द करने का जो चलन है उसके खिलाफ आवाज उठाइए।

### राजनीति में आयें युवा, देश आगे बढ़ेगा

पीएम ने कहा, लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। अगर आप सक्रिय राजनीति में आते हैं तो आप परिवारवाद की राजनीति के प्रभाव को उतना ही कम करेंगे। आप जानते हैं कि परिवारवाद की राजनीति ने देश का कितना नुकसान किया है। लोकतंत्र में भागीदारी का एक और महत्वपूर्ण तरीका है कि आप अपनी राय वोट के जरिए जाहिर करें। आपमें से बहुत से लोग ऐसे होंगे जो इस बार पहली बार वोट डालेंगे। फर्स्ट टाइम वोटर हमारे लोकतंत्र में नयी ऊर्जा ला सकते हैं।

### सीट शेयरिंग पर आज दिल्ली में झामुमो-कांग्रेस की बैठक

# सात राज्यों में लोकसभा सीटों पर लड़ेगा झामुमो

### दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम के साथ बैठक में बनी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीट शेयरिंग पर बात करने के लिए झामुमो का चार सदस्यीय शिष्टमंडल शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो गया। वहां शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक के साथ इनकी बात होगी। झामुमो, झारखंड के साथ-साथ छह राज्यों में लोकसभा की सीट की मांग करेगा। दिल ली जाने से पहले इस मसले को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भा बैठक की। इसी में सात राज्यों में लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला हुआ। कांग्रेस की तरफ से यह तय कर दिया गया है कि सीट बंटवारे पर अंतिम निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। झारखंड में विपक्षी पार्टियों के इंडिया गठबंधन के बीच लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर कोई फाइनल तस्वीर उभरकर सामने नहीं आया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के समझौते को लेकर 14 जनवरी की तारीख अंतिम निर्धारित की गयी है। झामुमो सहित गठबंधन में शामिल अन्य दल कितने सीटों पर समझौता करेंगे, बैठक में मुहर लगने की संभावना है। (शेष पेज 11 पर)




### अन्य राज्यों में भी सीट मांगेगा झामुमो

झामुमो के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में झामुमो उपाध्यक्ष चंपई सोरेन, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडे और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हैं। चर्चा है कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत में झामुमो, झारखंड में सीटों के समझौते के साथ ही छह अन्य राज्यों में भी लोकसभा सीट की मांग करेगा। झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और असम में भी लोकसभा सीटों की दावेदारी करेगा। अब शनिवार को दिल्ली की बैठक में सीट बंटवारे पर सबकी नजर टिकी हुई है। निकल कर सामने आता है।

# सर्द हवा ने बढ़ाई सूबे में ठंड, अभी राहत भी नहीं

### सात डिग्री पहुंचा पारा, अब और बढ़ेगी कनकनी

### 18 को वर्षा भी संभव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से आने वाली पहाड़ों की सर्द हवाओं से झारखंड के मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्यवासियों को एक बार फिर से कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में आयी गिरावट के कारण लोगों को एक बार फिर से ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो यह स्थिति अगले पांच से छह दिनों तक रहने की संभावना है। राज्य के लोगों को एक बार फिर से कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। 14 के बाद तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। 15 तक राज्य भर में सुबह और शाम के वक्त कोहरा देखा जायेगा। इस दौरान दक्षिणी हिस्से में अत्यधिक कोहरा का असर देखा जा सकता है। केंद्र के अनुसार 18 जनवरी को राज्य के कुछ हिस्से में बारिश हो सकती है। (शेष पेज 11 पर)



### विष्णु अग्रवाल को एक मामले में सशर्त जमानत

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से दायर जमानत अर्जी पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल को कुछ शर्तों के साथ जमानत प्रदान कर दी। विष्णु अग्रवाल को निचली अदालत में एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड जमा करने के अलावा इडी की अदालत में अपना पासपोर्ट जमा कराने का भी कोर्ट ने निर्देश दिया है। इसके अलावा गवाहों को प्रभावित नहीं करने की शर्त भी कोर्ट ने रखी है। हाइकोर्ट ने निचली अदालत में हर निर्धारित तिथि को उनको उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है।

# प्रीति कुमार ने इडी को सौंपे बर्लिन अस्पताल के दस्तावेज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के चर्चित बर्लिन जमीन मामले में झारखंड के वरिष्ठ आइएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार दूसरे समन के बाद एजेंसी के कार्यालय पहुंची। इडी ने समन भेजकर 12 जनवरी की सुबह 11 बजे तक उन्हें रांची के जोनल कार्यालय में बुलाया था। शुक्रवार को दोपहर एक बजे अचानक वे इडी के दफ्तर पहुंची। दफ्तर पहुंचने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रीति कुमार से पूछताछ शुरू की गयी। पूछताछ के बाद प्रीति कुमार ने इडी को जमीन संबंधित दस्तावेज भी सौंपा है।




**दूसरे समन पर पहुंची प्रीति कुमार :** बर्लिन अस्पताल जमीन मामले में इडी ने कई गड़बड़ियां पकड़ी हैं, इसे लेकर ही प्रिति कुमार को पहले दो जनवरी को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। राज्य से बाहर होने का हवाला दे कर दो जनवरी को वह इडी दफ्तर नहीं पहुंची थी। इडी ने उन्हें दूसरा समन जारी कर 12 जनवरी को बुलाया। पहले ये कयास लगाये जा रहे थे कि वे शायद इडी दफ्तर नहीं आयेंगी।

इडी को जांच के क्रम में यह जानकारी मिली थी कि कई दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर और कुछ को गायब कर जमीनों की हेरफेर की गई है। इसी मामले की जांच के दौरान एजेंसी को बरियातू फायरिंग रेंज के पास की आठ एकड़ जमीन और बर्लिन अस्पताल की जमीन की भी जानकारी मिली थी। इस केस में इडी ने इसीआईआर दर्ज किया था। इडी ने प्रीति कुमार के जमीन से जुड़े बर्लिन अस्पताल का सर्वे पांच दिसंबर को कराया था। (शेष पेज 11 पर)

# कांग्रेस-झामुमो ने कहा, एजेंसियों का तानाशाही रवैया रोकना जरूरी था

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार के फैसले के बाद अब केंद्रीय एजेंसी राज्य सरकार के अधिकारियों से सीधे पूछताछ नहीं कर सकती है। भाजपा ने इस फैसले को भ्रष्टाचार को सपोर्ट करने वाला बताया है, वहीं सत्ताधारी दलों ने इसे सही बताया है। कानून के जानकार भी राज्य सरकार के निर्णय को विधि सम्मत बताते हैं। सत्ताधारी झामुमो और कांग्रेस ने कहा कि जब केंद्र में तानाशाही की सरकार बैठी हो तो फिर उससे निपटने के लिए इस तरह के निर्णय लेने पड़ते हैं। इस बीच विधि विशेषज्ञ ने हेमंत सोरेन सरकार के फैसले को विधि अनुसार बताया है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि राज्य के बाहर की एजेंसियों को राज्य के अधिकारियों से पूछताछ के नियम पहले से कई राज्यों में है, यह कोई नया नहीं है। झामुमो नेता ने कहा कि दूसरी बात यह है कि जब केंद्र में तानाशाह की सरकार हो और राजनीतिक विद्वेष की वजह से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जैसी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने लगे तो फिर इस तरह की व्यवस्था की जाती है। भाजपा के इशारे पर जब चाहे, तब जांच के नाम पर राज्य के अधिकारियों को बुला ले, ऐसे में राज्य में विकास की गति धीमी होती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में सेवा दे रहे सरकारी अधिकारियों को केंद्रीय एजेंसियों के पास पूछताछ के लिए जाने से पहले अपने वरीय अधिकारी से परमिशन लेने का फैसला कोई नया नहीं है। उन्होंने कहा कि कैसे झारखंड में यह मिसिंग था, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि यह तो नहीं कहा जा रहा है कि कोई अधिकारी पूछताछ के लिए केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश नहीं होगा। सिर्फ इतना कहा जा रहा है कि पहले इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को देनी है।

### 27 को सिंदरी हर्ल कारखाने का शिलान्यास करेंगे मोदी

# धनबाद से झारखंड में चुनावी बिगुल फूकेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पीएम मोदी धनबाद से झारखंड में लोकसभा चुनाव के प्रचार का आगाज करेंगे। इसके लिए पीएम मोदी 27 जनवरीको धनबाद पहुंच रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई बैठक में इसकी घोषणा की गयी। भाजपा की बैठक के बाद ये जानकारी राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने दी। उन्होंने कहा कि पीएम यहां दो बजे एक जनसभा को भी दो बजे संबोधित करेंगे। सभा के संबोधन के दौरान पीएम मोदी कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जोश भी भरेंगे। सिंदरी हर्ल कारखाना में उत्पादन शुरू हो चुका हैं, इसका शिलान्यास 25 मई 2018 को पीएम मोदी ने ही किया था। 5 साल बाद अब पीएम मोदी इसी कारखाने का उद्घाटन करेंगे। शुक्रवार की इस बैठक में पीएम के कार्यक्रम पर चर्चा हुई। (शेष पेज 11 पर)

### खूंटी के बिरहोर समुदाय से बात करेंगे पीएम

वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी 15 जनवरी को खूंटी के बिरहोर समुदाय से बात करेंगे। पीएम से बात करने को लेकर तेलंगाडीह के बिरहोरों में खासा उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि पीएम उनकी बात सुनेंगे और उनके विकास और रोजगार के लिए काम करेंगे। खूंटी मुख्यालय से 60 किमी दूर बिरहोर कॉलोनी है। अड़की प्रखंड क्षेत्र के सोसोकुटी पंचायत में तेलंगाडीह गांव है यहां बिरहोर समुदाय की आबादी मात्र 64 है। बिजली, पानी की सुविधा तो है लेकिन गांव वाले आज भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि पीएम से बातचीत के बाद इनके गांव की तस्वीर और बिरहोरों की तकदीर बदलेगी। तेलंगाडीह के आदिम जनजाति के लोगों ने शिक्षा, रोजगार और आवास को लेकर पीएम उम्मीद लगायी है। ग्रामीणों ने कहा कि पहली बार देश का कोई पीएम आदिम जनजातियों के विकास को लेकर सीधा संवाद करेगा। इसका वे बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# हूतियों पर अमेरिका व ब्रिटेन ने दागीं मिसाइलें

**नयी दिल्ली।** व्यापारिक जहाजों को लूटनेवाले यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका ने जोरदार एयर स्ट्राइक की। इसमें पांच विद्रोहियों के मारे जाने की खबर है। अमेरिका के साथ-साथ ब्रिटेन ने भी हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया। दरअसल हूती विद्रोही लाल सागर के मुहाने पर शिपिंग लेन पर हमला कर रहे हैं। ऐसा करके वह इजरायल के गाजा पर हमले का विरोध कर रहे हैं। अपने पश्चिमी सहयोगियों से अलग तुर्की हमास को एक आतंकी संगठन नहीं मानता है। हाल में भी भारत को एक जहाज को मुक्त कराने के लिए अपनी नौ सेना को भेजना पड़ा था।

इस हमले की तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने निंदा की है। एर्दोगन ने कहा कि वह लाल सागर को खून का सागर बनाना चाहते हैं। उन्होंने इसे अपनी ताकत का असंगत इस्तेमाल बताया और दोनों देशों पर आरोप लगाया कि वह लाल सागर को 'खून के समुद्र' में बदलना चाहते हैं। तुर्की नाटो का सदस्य है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 11 दिन के अनुष्ठान पर मोदी

### गर्भगृह में अकेला नहीं जाऊंगा, मेरे मन में 140 करोड़ भारतवासी होंगे




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने घोषणा की है कि वह 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिनों तक कठिन तपश्चर्या का पालन करेंगे। उस दिन उपवास पर रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय यम-नियम पालन का अनुष्ठान शुरू किया है। देव प्रतिष्ठा को पार्थिव मूर्ति में ईश्वरीय चेतना के संचार का अनुष्ठान बताया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के कई दिन पहले से इसका पालन करना होता है। उन्होंने कहा, मैं शारीरिक रूप से उस पवित्र पल का साक्षी बनूंगा, लेकिन उस समय में अकेला नहीं रहूंगा। मेरे मन में 140 करोड़ भारतवासी होंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पीएम ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर विशेष संदेश जारी किया। अपने ऑडियो संदेश में पीएम ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है। (शेष पेज 11 पर)



फाईल फोटो

### रामभक्तों के लिए सुनहरा मौका

पूरे देश में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तमाम तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस समारोह के लिए केवल 10 दिन ही शेष हैं। पीएम मोदी ने एक आडियो संदेश में कहा, मेरा सौभाग्य है कि मैं इस पुण्य अवसर का गवाह बन रहा हूं। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान, सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं शुक्रवार से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान पर रहूंगा। मैं आप सभी जनता-जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है।

### ऑडियो की शुरुआत राम-राम शब्द से की

पीएम मोदी ने अपने आडियों संदेश की शुरुआत राम-राम शव्द से की। उन्होंने कहा कि जीवन के कुछ पल ईश्वरीय आशीर्वाद की वजह से यर्थाथ में बदलते हैं। चारों तरफ श्रीराम की भक्ति का अद्भुत वातावरण छाया है। चारों दिशाओं में राम नाम की गूंज सुनायी दे रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा जिसमें जीएम मोदी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के अलावा कई विशिष्ट हस्तियां और साधु संत हिस्सा लेंगे।

# रेलवे स्टेशन पर शादी भाई ने भरी बहन की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर एक ममेरे भाई ने फुफेरी बहन की मांग में सिंदूर भर दी। साथ ही जीने मरने की कसमें खायी। यह खबर सुनते ही दोनों के परिजन अवाक रह गये। उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा था। घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद शहर थाना पुलिस एहतियात के तौर पर दोनों को थाना ले आयी है। दोनों साथ रहने की जिद पर अड़े हुए हैं। शादी करने के बाद दोनों ने अपने परिजनों को सूचना दी तो उनके परिजन मेदिनीनगर शहर थाना पहुंचे और इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों को शहर थाना ले लगी और जरूरी जानकारी लेकर कार्रवाई कर रही है। लड़का पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि लड़की छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। लड़की की उम्र 17 वर्ष और लड़के की उम्र 20 वर्ष के आसपास बतायी गयी है। दोनों के परिजन इस शादी के खिलाफ हैं और लड़का और लड़की को अपने साथ ले जाने के लिए अड़े हुए हैं। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा दोनों के परिजनों को साथ बैठाकर मामले को सुलझाने में लगे हैं। परिजनों का कहना है कि दोनों ने कहीं का न छोड़ा, सब इज्जत पानी में मिला दिया। (शेष पेज 11 पर)

## आज का राशिफल
### 13 जनवरी 2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया 11:12 बजे समाप्त। नक्षत्र : श्रवण 12:50 बजे समाप्त। योग : वज्र 10:13 बजे तक, तदनंतर सिद्धि (असृक) 06:23 बजे समाप्त। करण : कौलव 11:12 बजे तक, तदनंतर तैतिल 21:35 बजे समाप्त। चंद्रायु 1.5 घंटे। दिशाशूल : पूर्व।

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-5-7-9

वृष : बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-3-5-7

मिथुन : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-9

सिंह : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-8

कन्या : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-5-7

तुला : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

वृश्चिक : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-4-5-7

धनु : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-3-6-8

मकर : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-5-8

मीन : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। शुभांक-2-4-6

# भारत सरकार जनजातीय समाज के संवर्धन को लेकर चला रही कई योजनाएं : सीपी राधाकृष्णन

## राज्यपाल ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर विकास भारती के कार्यक्रम का नगाड़ा बजाकर किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन विकास भारती के कार्यों की सराहना किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार जनजातीय समाज के संवर्धन के लिए कई योजनाएं चला रही है। कहा कि झारखंड राज्य को जनजातीय मंत्रालय द्वारा राज्य के जनजातीय बच्चों के संवर्धन निमित 85 एक्लव्य विद्यालय दिये गये। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को धन्यवाद दिया। राधाकृष्णन ने विकास भारती के कार्यक्रम को नगाड़ा बजाकर शुभारंभ किया।

आरोग्य भवन-1, विकास भारती बिशुनपुर, बरियातु रांची में स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 11 एवं 12 जनवरी 2024 को दो दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः स्वामी विवेकानन्द के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ हुआ। साथ-साथ रामकृष्ण मिशन के प्रधान सचिव स्वामी भवेशानन्द द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि किस प्रकार आज के युवा विवेकानन्द के जीवन से प्रेरित होकर अपने भविष्य के प्रति सजग हो सकते हैं।

समारोह की अध्यक्षता अर्जुन मुण्डा, मंत्री जनजातीय मामले एवं कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गयी। उन्होंने अपने अभिभाषण में जनजातीय समाज के संवर्धन को लेकर भारत सरकार द्वारा किये गये विभिन्न कार्यों एवं किये जाने वाले आगामी योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराया साथ ही विकास भारती के द्वारा किये जो रहे जनजातीय संवर्धन के लिए नित नये कार्यां की सराहना भी की।

इस अवसर पर अन्य अतिथि के रूप में देवव्रत पाहन, क्षेत्र संघचालक, समीर उरांव राज्यसभा सांसद, सांसद रांची संजय सेठ, सांसद दुमका सुनील सोरेन, राष्ट्रीय सचिव भाजपा आशा लकड़ा के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर 18 विभिन्न जनजातीय समुहों द्वारा अपने-अपने संस्कृति के अनुसार पारम्परिक नृत्य-गान एवं वाद्ययंत्र का मंच के माध्यम से प्रदर्शन किया गया साथ ही संस्था के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के द्वारा (कृषि विज्ञान केन्द्र, जन शिक्षण संस्थान आदि) 19 स्टॉलों के माध्यम से जीवंत प्रदर्शनी (स्पअम क्मउवदेजतंजपवद) को प्रस्तुत भी किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य के दूर-दराज गांवों से लगभग 10,000 जनजातीय युवा एवं युवतीयों का कार्यक्रम निमित रांची आगमन हुआ। यह जानकारी विकास भारती बिशुनपुर के मीडिया प्रभाग द्वारा दी गयी।

## स्वामी दिव्यानंद भी साक्षी बनेंगे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** देशभर में श्रद्धा-भक्ति के साथ तैयारी चल रही है, अयोध्या में नव्य भव्य श्रीराम लला के ऐतिहासिक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की। ज्ञात हो कि 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देशभर से चयनित नामी गिरामी विभिन्न क्षेत्र के व्यक्तित्व को बुलाया गया है। साधू-संतों के सभी अखाड़े, संप्रदाय एवं मठों के प्रमुखों के साथ प्रत्येक राज्य से चयनित संतों को निमंत्रित किया गया है।

झारखंड में जाने माने धर्मयोद्धा के रूप में साधू संत समाज के महामंत्री, विश्व हिंदू परिषद के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य, संत सुरक्षा मिशन एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज को भी अयोध्या के श्री राम तीर्थ क्षेत्र की ओर से निमंत्रण भेजा गया है। हिंदुत्व एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण से संबंधित हमेशा चर्चा में रहे स्वामी दिव्यानंद महाराज लगभग पिछले चार दशकों से विभिन्न संगठनों के माध्यम से अपनी सेवा देते आ रहे हैं।

**अयोध्या धाम में पूजन के समय मंदिरों में भजन-कीर्तन करें**

**स्वामी दिव्यानंद** ने कहा, 22 तारीख को जिस समय श्री अयोध्या धाम में पूजन कार्यक्रम चलता रहेगा, उस समय देशवासी अपने निकटतम स्थानीय किसी भी मंदिर में दिन के 11:00 से अपराह्न 1:00 तक भजन-कीर्तन आदि करें। सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ और श्री राम के महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का जाप सामूहिक रूप से करें। संध्या में सभी अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करें।

निमंत्रण मिलने पर उनकी प्रतिक्रिया के प्रश्न पूछे जाने पर आह्लादित, पुलकित और भावुक होकर कहा, यह मेरा सौभाग्य है। रामराज की पुनर्स्थापना के समारोह पर मेरा वहां उपस्थित होना मेरे जीवन काल का सबसे सुखद क्षण होगा। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम के पश्चात यानी रामराज्य की पुनर्स्थापना के बाद मेरे जीवन में कोई अभिलाषा शेष नहीं रही।

## मुद्रा तिजोरियों की सुरक्षा को लेकर आरबीआइ की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य के लिए 16वीं राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक रांची में शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा आयोजित की गई। राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति, मुख्यतः मुद्रा तिजोरियों की सुरक्षा को संबोधित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति है। बैठक की अध्यक्षता सीआईडी के महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने की।

इस बैठक में सुजीत कुमार अरविंद, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक पटना, प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, रांची, संजय अनंत लाठकर, अपर महानिदेशक, झारखंड पुलिस, प्रभात कुमार, महाप्रबंधक, निर्गम विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, पटना, अमित कुमार, उपमहाप्रबंधक, निर्गम विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, पटना सहित अन्य अधिकारी भी सम्मिलित हुए। बैठक में विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों के सभी नियंत्रक प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक के दौरान झारखंड राज्य में मुद्रा तिजोरी के साथ-साथ एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गयी।

बैठक में सीआईडी के महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बैंकों से बैंकों में होने वाले धोखाधड़ी संबंधी मामलों से निपटने में तत्परता और तेजी लाने पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बैंकों को साइबर धोखाधड़ी और साइबर सुरक्षा से संबंधित मामलों पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने मंच को राज्य में मुद्रा प्रबंधन कार्यों के महत्व के बारे में संक्षेप में अवगत कराया। उन्होंने बैंकों को बैंक नोटों के विभिन्न पहलुओं और खजाने की आवाजाही के साथ-साथ मुद्रा तिजोरी की सुरक्षा से संबंधित पहलुओं के बारे में सार्वजनिक जागरूकता फैलाने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने बताया कि करेंसी चेस्ट से गंदे नोटों का प्रेषण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए ताकि गंदे नोटों को निचले स्तर पर रखा जा सके।

क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने करेंसी चेस्ट के जोखिम के आधार पर सुरक्षा पर जोर दिया और कहा कि राज्य में एलडब्लूइ से ग्रसित जिलों की संख्या अधिक होने के कारण जोखिम अधिक है और इसलिए खजाने की आवाजाही के संबंध में अधिक सावधानी की आवश्यकता है। संजय आनंद लाठकर, एडीजी, झारखंड पुलिस ने विभिन्न हितधारकों, बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, राज्य सरकार के बीच बढ़ते समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## डीपीएस में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विद्यार्थियों के कल्पना को पंख लगाने हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में शुक्रवार को विज्ञान एवं सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कल्पना और नई सोच को उजागर करते हुए विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अलग-अलग कलाकृतियाँ बनाकर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया विज्ञान से संबंधित चंद्रयान, न्यूक्लियर पावर प्लांट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक बोट, सिरवेज ट्रीटमेंट, स्ट्रक्चर ऑफ स्पर्म, वॉटर पॉल्यूशन ,इलेक्ट्रिक प्लांट, फूड एडल्टरेशन जैसे मॉडल प्रस्तुत किए। वही साहित्य विधा से ग्राम पंचायत, कृष्ण जीवन कथा, वर्षा ऋतु की विशेषता, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि से संबंधित नमूने प्रस्तुत किए गए। क्राफ्ट के माध्यम से बच्चों ने चित्रकारी, फोटो फ्रेम फ्लावर पॉट, वॉल हैंगिंग आदि कलाओं को प्रदर्शनी में शामिल किया। प्रदर्शनी का मुख्य केंद्र विषय वस्तु पर आधारित विभाग थे। जहाँ प्रत्येक विषय को अलग-अलग ढंग से दशार्या गया था। हिंदी विभाग द्वारा नवरस पर आधारित कल को बड़ा ही सुंदर ढंग से चित्रित किया गया था। गणित विभाग द्वारा दैनिक जीवन में गणित के प्रयोग की जानकारी दी जा रही थी। अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी की प्रसिद्ध पुस्तकें वह उनके लेखकों व रचनाओं को प्रस्तुत किया गया था। विज्ञान विभाग ने वेनुस्ता कॉलोरे साइंतिया के माध्यम से विज्ञान के प्रयोग को विभिन्न रूपों में दशार्या गया। सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा हरित विद्यालय के माध्यम से से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व वृक्षारोपण आदि विषयों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के जोश और उत्साह उनकी आशावादी दृष्टिकोण का परिचय दे रहा था।

## सनराइज पब्लिक स्कूल, एदलहातु की प्रिंसिपल दुर्गावती उरांव का निधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सनराइज पब्लिक स्कूल, एदलहातु की फाउंडर व प्रिंसिपल,सामाजिक अगुआ, जोगो पहाड़ सरना समिति की सक्रिय सदस्य दुर्गावती उरांव का लंबी इलाज के बाद शुक्रवार को दोपहर 1 बजकर 32 मिनट में हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया।

विदित हो कि 31 दिसम्बर 2023 को आज सुबह 8:45 के आसपास ब्रेन स्ट्रोक हुआ,जिसके बाद से ही अस्पताल में एडमिट करना पड़ा था। दुर्गावती उराँव के निधन पर जोगो पहाड़ सरना समिति सहित कई आदिवासी- सामजिक संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## राम को नकारने वाले भारत नहीं जोड़ सकते : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में लवकुश रथ को रवाना किया। यह रथ कुशवाहा महासभा के तत्वावधान में निकाला गया है। इसके माध्यम से पूरे प्रदेश में अयोध्या राम मंदिर मंदिर में राम लला की प्रतिष्ठा के अवसर पर अक्षत निमंत्रण वितरण किया जायेगा। श्री प्रकाश ने रथ को झंडा दिखाकर जय श्रीराम उद्घोष के बीच रवाना किया।

उन्होंने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हो रही है। राम लला का भव्य दिव्य मंदिर सनातन की ध्वजा को विश्व में लहराया है। आज पूरा सनातन समाज राम लला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित है। गौरव का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुशवाहा महासभा ने रथ के माध्यम से रामकाज में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सराहनीय कार्य किया है। कुशवाहा महासभा इस पुण्य कार्य केलिए बधाई का पात्र है। कांग्रेस पार्टी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को नकारे जाने पर कहा कि राम भारत की पहचान है। राम को नकारने की फितरत कांग्रेस के इतिहास में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत को तोड़ने वाली पार्टी है। राम को नकारने वाले भारत को कभी नहीं जोड़ सकते। विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज लव कुश का वंशज है। आज जब भगवान राम 500 वर्षों के बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह समाज के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने बढ़ायी ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग से चलने की तारीख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से एक बार फिर से ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। प>िम बंगाल, झारखंड, बिहार से दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेनें के 29 जनवरी तक परिवतिर्त मार्ग से चलने की जानकारी दी गयी थी। लेकिन अब ये ट्रेनें फरवरी में भी परिवतिर्त मार्ग से चलेगी।

इस संबध में दक्षिण पूर्व रेलवे के कोलकाता स्थित मुख्यालय से सूचना जारी की गयी है। जिसमें जानकारी दी गयी है कि विजयवाड़ा मंडल में विकास कार्यों के कारण फरवरी तक अलग अलग तारीखों में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल से दक्षिण की ओर से जाने वाली ट्रेनें रद्द रहेंगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अलपुझा एक्सप्रेस 29 जनवरी से 25 फरवरी तक परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम और एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

ट्रेन संख्या 22837 हटिया एणार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन 22, 29 जनवरी और 5, 12 और 19 फरवचरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलुरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

ट्रेन संख्या 18637 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 27 जनवरी और 3, 10, 17 और 24 फरवरी को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 12835 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस 30 जनवरी और फरवरी में 4, 6, 11, 13, 18, 20, 25 तारीख को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 18111 टाटानगर यशवंतपुर एक्सप्रेस 18, 25 जनवरी और फरवरी में 1, 8, 15, 22 तारीख को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 12376 जसीडीह ताबंरम एक्सप्रेस 17 24, 31 जनवरी और 7, 14, 21 फरवरी को अपने अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 12889 टाटानगर सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस का परिचालन 19, 26 जनवरी और 2, 9, 16 और 23 फरवरी को परिवर्तित मार्ग से होगा।

## सीसीएल में निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र की ओर से नगरी बस्ती, बुकरू में निःशुल्क चर्म रोग (लेप्रोसी) सहित अन्य बीमारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 142 लोगों की जांच एवं चिकीत्सीय परामर्श दिया। शिविर में विशेषकर हाईपर टेंशन, कुष्ठ रोग एवं आंख की निःशुल्क जांच की गयी, जिसमें 60 लोगों की शुगर एवं 42 लोगों की हीमोग्लोबीन की भी जांच की गयी। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन, सीएमएस मयूरी भट्टाचार्य, प्रीती तीग्गा, डॉ. शशिकान्त प्रसाद, डॉ. अनिता होरो, डॉ. अम्बरीश कुमार, डा. अंकुर, डॉ. पायल, डॉ. शिखा, कमलेश पंडित, मुन्ना कुमार सिंह, हरमन खलको एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### साईं नाथ विवि, रांची के 7 छात्रों का बिहार के पीजीटी एवं टीजीटी टीचर्स पद पर चयन



**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के शिक्षा विभाग के सात छात्रों का चयन बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता के बाद बिहार में पीजीटी एवं टीजीटी टीचर्स पद पर हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने छात्रों को इस उपलब्धि पर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। कुलपति ने अपने संदेश में कहा कि अनुशासन एवं कर्तव्यपरायणता के भाव के साथ-साथ अनुभव का अनुसरण सदैव करें। इससे कर्म क्षेत्र में आप आपकी संस्था, आपके अध्यापक एवं परिवार का यश फैला सकेंगे। छात्रों की सफलता ही हमारी पहचान है। विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग से बिहार लोक सेवा आयोग में चयनित छात्रों में अंजली कश्यप, अन्नया सुनित, अभिषेक किशोर, ज्योति कुमारी, निलेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार एवं विक्रम विकास शामिल हैं।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला की जयंती मनायी गयी। स्वामी विवेकानंद के कथन – उठो! जागो! और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये – पर अमल करते हुए, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को मैं भी विवेकानंद विषय पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया।

### विवेकानंद विद्या मंदिर में मनी स्वामी जी की जयंती

**रांची।** विवेकानंद विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष काशी नाथ मुखर्जी, उपाध्यक्ष आदित्य बनर्जी, कोषाध्यक्ष मलय कुमार नंदी तथा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसपी सिंह, प्रभारी प्राचार्य अमिताभ लाहा, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती एकता मिश्रा, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे। मौके पर प्रभारी प्राचार्य अमिताभ लाहा ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के मूल्य और दर्शन हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना युवा दिवस

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी और स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के भैया/बहनों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर अपने-अपने विचार तथा कविताएं प्रस्तुत कीं।

### मॉल ऑफ रांची लेकर आया है इ-महोत्सव

**रांची।** रातू रोड स्थित मॉल ऑफ रांची रविवार को मकर संक्रांति पर शानदार इवेंट रांची-ई-महोत्सव का आयोजन करेगा। मॉल उत्साह से भरा हुआ होगा जब लोग विभिन्न उत्सवों और पारंपरिक आचरणों में भाग लेने के लिए एकत्र होंगे। मॉल ऑफ रांची के प्रबंधन ने बताया कि ई-महोत्सव के दौरान पतंगबाजी प्रतियोगिता होगी। छोटे बच्चों के लिए रोमांचक खेलों की एक श्रृंगारिक पेशकश तथा जादू के शो से लेकर पतंग रंगाई प्रतियोगिता तक होगी। स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था होगी।

### बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

**रांची।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को श्री रामकृष्ण सेवा संघ और बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जोन्हा व आसपास के जरूरतमंदों के बीच कंबल व अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। कंबल वितरण के बाद समाजसेवी आलोक मजूमदार, सोहिनी मजूमदार और आनंद रंजन घोष के सौजन्य से आसपास के गरीब व लाचार वृद्धजनों को दोपहर में भोजन कराया गया। इस अवसर पर बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के संस्थापक राजीव चटर्जी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा करने से सुखद अनुभूति होती है।

### डीएवी नंदराज में मना युवा महोत्सव

**रांची।** डीएवी नंदराज, बरियातू में युवा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने लोक नृत्य व वेद मंत्रों पर आधारित वैदिक नृत्य और बाल श्रम पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। साथ ही बच्चों ने 2050 की दुनिया, अपना झारखंड, वर्डिंग आर्टिस्ट, चलता रोबोट, शिल्कियारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन, महिला सुरक्षा डिवाइस, भूकंप डिवाइस और राममंदिर के मॉडल प्रदर्शित किये। इस मौके पर स्कूल ने लेक व्यू हॉस्पिटल ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया।

### संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में मनी विवेकानंद जयंती

**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस यूनिट 1 2 3 के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और और स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर पुष्पार्घ के साथ हुआ। स्वागत भाषण कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर गोपाल महतो ने दिया ने शिक्षक एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर राजेश ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है 161वां विवेकानंद जयंती है, सच्चे मायने में वह हमारे जीवन के हीरो हैं।

### विवेकानंद भारत के आध्यात्मिक नेपोलियन थे : डॉ पांडेय

**रांची।** वाई बी एन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती बड़े धूम धाम से मनाया गई। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव डाली और प्राणहीन आचार के कंकाल मात्र भारतीय समाज में प्राण स्पंदित किये। उन्होंने भारत के प्राचीन वेदांततिक परंपरा को आधुनिक रूप प्रदान किया। वे भारत के आध्यात्मिक नेपोलियन थे।

### टीबी मरीजों के बीच बांटी गयी खाद्य सामाग्री

**रांची।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर शुक्रवार को बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मंच के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य के दिशा निर्देश पर तिपुदाना स्थित रामकृष्ण मिशन द्वारा संचालित टी बी सेनिटोरियम एंड हॉस्पिटल में रह रहे इलाजरत टी बी मरीजों के लिए खाद्य सामग्री और गर्म कपड़ा का दिया गया, सबसे पहले आश्रम में स्थित स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर मंच के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

### विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस का आयोजन

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) में शुक्रवार को योग, राजयोग एवं ज्ञानयोग रचेता तथा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रिय युवा दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की मलयापर्ण एवं दीपप्रज्जवलन के साथ की गई। मौके पर भाषण एवं कविता प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### ज्योति पब्लिक स्कूल में युवा दिवस आयोजित

**रांची।** शुक्रवार को झारखंड छात्र परिषद के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह ज्योति पब्लिक स्कूल, बड़ा तालाब रांची में मनाया गया । इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे मुख्यरूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दिप प्रज्वलित कर की गई ।

### प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट ने कबंल वितरण किया

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एंव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान मे कडाके की ठंड को देखते हुए शुक्रवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख हरमु चापु टोली स्थित पाहन टोली, पहाड टोली एंव विभिन्न टोली से आये हुए लगभग 88 वृद्ध ग्रामीण महिलाओ और पुरूषों के बीच पुंदाग बस्ती के चन्द्रदिप साहु, परमेश्वर साहु एंव आलोक कुमार ने सयुक्त रूप से वृद्ध महिला- पुरुषों के बीच 88 पीस कम्बल, 88पीस मफलर एव 88 जोड़ा ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया।

### रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज का रांची में आगमन

**रांची।** शुक्रवार को तिरुपति बालाजी मन्दिर में चल रहे धनुर्मास श्रीगोदा रंगनाथ व्रतोत्सव के 27 वें दिन पूरे होने पर हुआ विशेष अनुष्ठान हुआ। इसका मकर संक्रांति के दिन होगा समापन । जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य महाराज के सान्निध्य में होगें समापन के सारे आयोजन । इस अवसर पर शुक्रवार को ब्रश परमात्मा श्रीमन्नारायण का महाभिषेक हुआ। दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल, डाभयुक्त जल आदि औषधीय द्रव्यों से हुआ महाभिषेक । सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा और चक्रधारा से पंचसूक्तों एवं उपनिषदादि मंत्रों के उच्चारण पूर्वक महाभिषेक कराया गया। फिर वस्त्राभूषणों से सुसज्जित करके भव्यातिभव्य पुष्प श्रृंगार हुआ।

### डोरंडा कॉलेज में मनी विवेकानंद जयंती

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में चल रहें यूथ फेस्टिवल के दौरान शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का कहना था कि कभी जिंदगी में हार नहीं मानना चाहिए, हमेशा मुश्किल का सामना करना चाहिए और आगे बढ़कर विजय प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विदेश में अपने भाषण में संबोधित करते हुए कहा भाइयों एवं बहनों जो की एक इतिहास बन गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के डॉ रजनी टोप्पो, डॉ शिल्पी सिंह ,डॉ मंजू मिंज ,डॉ मैथ्यू रहमान ,डॉ मलय भारती ,प्राध्यापक अवधेश कुमार,डॉ कंचन मुंडा,शालिनी कुमारी,डॉ सुप्रिया कुमारी शामिल थी। कार्यक्रम का संचालन रितिका कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज की प्रोफेसर मंजू लाल ने किया।

# राजधानी के मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाओं पर धार्मिक न्यास बोर्ड गंभीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के मंदिरों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसे हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड काफी गंभीरता से लिया है। न्यास बोर्ड राजधानी के सभी छोटे बड़े मंदिरों का निरीक्षण कर उसकी सुरक्षा का जायजा लेगा और इस तरह की घट रही घटनाओं पर कैसे अंकुश लगाया जाए, उसपर विचार करेगी। बीते दिनों रांची जिले के मांडर, बरियातू, और न्यू बांधगाड़ी स्थित मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

**मंदिरों में हो रही चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश :** एक के बाद एक मंदिर को असामाजिक तत्वों के निशाना बनाये जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि आठ जनवरी को बरियातू डीएवी स्कूल के सामने स्थित राम जानकी मंदिर में चोरी और मूर्ति को खंडित किया गया और उसके दो दिन बाद फिर न्यू बांधगाड़ी स्थित एक अन्य मंदिर में चोरी की घटना हुई। मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने की जरूरत है। जिससे ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# खादी हमारा मान, आत्मसम्मान और पहचान : राज्यपाल

## राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव शुक्रवार को संपन्न हो गया। समापन समारोह में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि खादी हमारा हमारा मान, आत्मसम्मान और पहचान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि खादी और ग्रामोद्योग के माध्यम से ही भारत का विकास कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने स्वदेशी और खादी को ताकत बना कर आंदोलन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज खादी में ताकत है कि वह हमारे ग्रामीण लोगों तक रोजगार के अवसर मुहैया करा रहा है और इसमें झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्यपाल ने कहा कि यहाँ सिर्फ स्टॉल धारकों ने अपने शिल्प का, अपनी कला का, अपने उत्पादों का परिचय नहीं दिया बल्कि इस महोत्सव के माध्यम से हमारी समृद्धि, संस्कृति को भी आगे बढ़ा रहे हैं।




**राज्यपाल सर्वश्रेष्ठ स्टॉलों को किया सम्मानित :** मेले में कुल 300 स्टाल लगाए गए थे। सर्वश्रेष्ठ स्टॉलों को राज्यपाल ने सम्मानित किया। प्रथम स्थान जोहर एंपोरियम रातु रोड, द्वितीय स्थान पर संथाल परगना ग्राम उद्योग समिति देवघर और तृतीय स्थान पर आदिम जाति समग्र विकास परिषद अंगद रांची को मिला। सरकारी स्टॉल और प्राइम मिनिस्टर एंप्लॉयमेंट जेनरेशन में कुल मिलाकर 57 स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें प्रथम स्थान शिविका शिल्पकला सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड बुंडू, द्वितीय स्थान आर्ट एंड जुट डोरंडा रांची को और तृतीय स्थान गुजराती हैंडीक्राफ्ट किशोरगंज रांची को मिला। ग्रामीण विकास विभाग में प्रथम स्थान लक्ष्मी श्री महिला समिति नामकुम रांची को मिला, द्वितीय स्थान अमर दिव्यांग महिला समिति रामगढ़ को मिला ,तीसरे स्थान, सूरजमुखी आजीविका सखी मंडल पाकुड़ को मिला। फूड स्टॉल के 32 लगाए गए थे, जिसमें प्रथम स्थान पलाश आजीविका दीदी कैफे को मिला। गणेश लक्ष्मी कैटरिंग ग्रुप नगरी रांची को द्वितीय स्थान और बिहारी व्यंजन लिट्टी के लिए भोला केवट चुटिया रांची को तीसरा स्थान मिला।

### मेले में लगभग 2.5 करोड़ रुपये की बिक्री हुई

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में रिकार्ड भीड़ के साथ अच्छी बिक्री हुई। इस वर्ष खादी महोत्सव में 8 सेक्शन में कुल 300 स्टॉल लगाए गए थे। 6 जनवरी से 12 जनवरी तक चले इस मेले में लगभग 2.5 करोड़ रुपये की बिक्री हुई।

## गिरफ्तार अपराधी कई बार जा चुके हैं जेल, दोनों सगे भाई गिरिडीह के

# प्रतिबिंब एप के जरिए रांची में पहली बार दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रतिबिंब एप की सहायता से राजधानी रांची के गोंदा इलाके से पहली बार दो साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। रांची पुलिस को सूचना मिली थी कि रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के डैम साइड में कुछ साइबर अपराधी पनाह लिये हुए हैं और वहीं से फिशिंग और बैंक का केवाईसी अपडेट करने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। पुलिस ने इनलोगों के पास से 15 मोबाइल बरामद किया है।

**आंध्र प्रदेश के कारोबारी से की थी ठगी :** साइबर अपराधियों ने आंध्र प्रदेश के एक कारोबारी से भी 49 हजार रुपए ठग लिये थे। आंध्र प्रदेश के कारोबारी ने साइबर क्राइम पोर्टल नंबर 1930 के जरिए शिकायत भी दर्ज कराई थी, जब ठगी वाले नंबर को सीआईडी के एप प्रतिबिंब पर डाला गया तो उसका लोकेशन रांची निकला। इसके बाद साइबर और रांची पुलिस अलर्ट हो गई और लोकेशन के आधार पर गोंदा थाना क्षेत्र के डैम साइड से उन्हें पकड़ा। उनकी पहचान कुख्यात साइबर अपराधी पवन मंडल और मंटू मंडल के रूप में हुई। दोनों साइबर अपराधी सगे भाई हैं और कई बार साइबर ठगी के मामले में जेल भी जा चुके हैं।



**मोबाइल, सिम कार्ड और नगद बरामद :** गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 22 हजार नगद ,कई बैंकों के एटीएम, बैंक पासबुक, भारी मात्रा में सिम कार्ड और एक दर्जन मोबाइल में बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार दोनों अपराधी गिरिडीह के रहने वाले हैं।

**1000 से ज्यादा हुए गिरफ्तार:** प्रतिबिंब एप की मदद से पिछले एक साल में पूरे झारखंड से 1000 से ज्यादा साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इस संबंध में रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि उनके पूरे सिंडिकेट को दबोचा जा सके।

## कुख्यात ड्रग्स पेडलर शिशुपाल समेत तीन लोग गिरफ्तार, भारी मात्रा में ब्राउन शुगर भी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस के लिए चुनौती बने कुख्यात ड्रग तस्कर शिशुपाल लोहार को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शिशुपाल के साथ दो अन्य ड्रग तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर भी बरामद किया है।

प्राप्त सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अशोक नगर रोड नंबर 4 में छापेमारी की। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे खदेड़कर पकड़ा। तलाशी के दौरान युवक के पास से ब्राउन शुगर के पैकेट बरामद किये गये। गिरफ्तार ड्रग तस्कर रविकांत ने बताया कि ऋतिक तिग्गा नाम का एक अन्य युवक भी अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास ब्राउन शुगर बेच रहा है। उसके बाद रितिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

**शिशुपाल लोहरा है गिरोह का सरगना :** पुलिस ने गिरफ्तार दोनों तस्करों से पूछताछ की तो पता चला कि अरगोड़ा इलाके में नशे का पूरा कारोबार शिशुपाल लोहरा चलाता है। पुलिस ने शिशुपाल लोहार के घर पर अचानक छापेमारी कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

## खबर एक नजर में

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आशीष कुमार उर्फ आशीष कुमार राय खेलगांव खटंगा, राहुल महतो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर आरोप है कि दोनों मंदिर में चोरी किया करते थे। पुलिस ने बताया कि पंडरा में फायरिंग के मामले में वर्ष 2021 में जेल जा चुका है।

### लूटपाट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** बेड़ो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार के साथ जहानाबाज गांव से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में क्रमश: मनोज उरांव, शंकर उरांव, राम उरांव शामिल है। इन आरोपियों के खिलाफ जामटोली के रविंद्र साहू के द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जिसमें कहा गया था कि आरोपियों ने उसके पास से तीन हजार रूपये और अपाची बाइक को लूट लिया था। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक पिस्टल, एयरगन, बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

### पूजित अक्षत देकर किया निमंत्रित



**रांची।** अयोध्या धाम राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आमंत्रण और पूजित अक्षत देकर हनुमान मंदिर पिस्का मोड़ में भाजपा नेत्री कुमुद झा के नेतृत्व में सभी जनता को निमंत्रित किया गया। इस मौके पर रीता राय, राजेश शाह राकेश सिंह चंदेल, नवनीत पांडे, सुनील झा, रेखा गुप्ता, सोनी वर्मा एवं प्रिया देवी ने सभी घरों में निमंत्रण दिया गया। कुमुद झा ने बताया कि 500 साल के संघर्ष त्याग और बलिदान के बाद श्री रामलला मंदिर में 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे हैं। यह हम सभी हिंदुओं एवं सनातनियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

### हत्या मामले में पति-पत्नी समेत तीन को उम्र कैद

**रांची।** आठ साल पुराने हत्या मामले की सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने शिवा दिगार उर्फ शिवा सहिस उसकी पत्नी रीता देवी एवं उसका भाई बिरजू सहिस को दोषी पाकर उम्र कैद की सजा सुनाई है। तीनों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सजायाफ्ता अभियुक्त गोंदा थाना क्षेत्र के गांधीनगर निवासी है। तीनों अभियुक्तों ने दीपक मिस्त्री को सरिया से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान 6 जनवरी 2016 को उनकी मृत्यु हो गई थी। इस घटना को को लेकर गोंदा थाने में हेमंती देवी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### युवा शक्ति से ही झारखंड राज्य का नवनिर्माण संभव : सुदेश महतो



**रांची।** राज्य की जनता सरकार की गलत नियत और नीति से हताश और निराश है। इन्होंने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। राज्य में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता है जो नवीन सोच और सकारात्मक नेतृत्व से ही संभव है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव से आए कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि युवा शक्ति से ही राज्य के नावनिर्माण का हमारा संकल्प पूरा होगा। बड़कागांव समेत पूरे राज्य की जनता के हित के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। जनता के लिए काम करने का सबसे सशक्त प्लेटफार्म आजसू पार्टी ही है।

**इन्होंने ली सदस्यता :** महेश महतो, देव नारायण राणा, संतोष साव, अमृत साव, सुरेश साव, छोटेलाल कुमार, रोहित कुमार, ललन कुमार दास, किशोर साव, धीरेंद्र साव, राज कुमार साव, दशरथ कुमार दास, जुगेश्वर कुमार साव, कृष्णा साव, दीपक साव, चिंतामन कुमार, बसंत महतो, दीपक रविदास, विनोद दास, सुरेश साव, सूरज साव, पप्पू कुमार समेत कई लोगों ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी रांची पुलिस मंदिरों की सुरक्षा को लेकर भी बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची की पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा की तैयारियों में जुट गई है। शुक्रवार को रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिले के तमाम डीएसपी और थाना प्रभारी के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी करने का निर्देश दिया। बैठक में मंदिरों में चोरी रोकने और संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने का निर्देश दिया गया।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मीटिंग का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव रहा। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट तैयार कर तुरंत एसएसपी कार्यालय में जमा करें। लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजधानी रांची के वैसे इलाके जो नक्सल प्रभावित हैं, वहां कैसी समस्याएं आ सकती हैं, कहां-कहां चेकपोस्ट बनाना है इन सभी की रिपोर्ट थाना प्रभारियों से मांगी गई है। एसएसपी ने बताया कि वर्तमान समय में जितने भी थाना प्रभारी राजधानी में कार्यरत हैं सभी का इस महीने के अंत तक दूसरे जिलों में तबादला हो जाएगा, जो नए थाना प्रभारी आएंगे उनके लिए पूर्व से बनी रिपोर्ट सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान राजधानी रांची में मंदिरों में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की हिदायत दी गई है। एसएसपी ने सभी डीएसपी और थाना प्रभारी को संगठित आपराधिक गिरोह पर हर हाल में नकेल कसने का निर्देश दिया।

**22 जनवरी को लेकर अलर्ट रहने का निर्देश :** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। ऐसे में किसी भी तरह की अफवाह ना फैलायी जाए, इस पर पुलिस को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

## बीएयू में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

# किसानों को तकनीकी जानकारी जरूरी : जे उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीएयू रांची और विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। विशिष्ट अतिथि कृषि डॉ एसएम खलिकर थे। बीएयू के निदेशक डॉ जे उरांव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों को कृषि प्रसार की नई विधियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इससे किसानों तक नई तकनीकों को ससमय पंहुचाने में लाभ मिलेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ एसएम खालिकर ने कहा कि विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी देश का सबसे प्राचीन विस्तार शिक्षा संस्थान है। इसका मुख्य उद्देश्य विस्तार अधिकारियों को नवीन तकनीकों से अवगत करवाना है ताकि विस्तार अधिकारी प्रभावशाली तरीके से किसानों को तकनीक हस्तांतरण कर सकें। मंच संचालन प्रशिक्षण के सह संयोजक डॉ रंजन कुमार सिंह ने किया। डॉ अजय कुमार ने वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और सभी सहयोग के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय को धन्यवाद दिया।



## पीआइएल मैन ऑफ इंडिया ने अश्विनी उपाध्याय ने कहा

# राम राज्य दुनिया की बेस्ट शासन व्यवस्था

**सांसद संजय सेठ ने युवाओं को दिलायी विकसित संकल्प भारत की शपथ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन आरयू, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्र प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम में पीआईएल मैन ऑफ इंडिया के नाम से चर्चित अश्विनी उपाध्याय मौजूद थे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ मौजूद थे। कार्यक्रम में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, नेहरू युवा केंद्र की राज्य प्रमुख हनी सिन्हा, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय और राष्ट्र प्रथम के संयोजक चंद्रकांत रायपत मौजूद थे। श्री सेठ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत और हमारा अभी एकमात्र लक्ष्य है, 2047 तक विकसित भारत का निर्माण। इस दौरान सांसद ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को विकसित भारत के लिए काम करने की शपथ दिलाई। मुख्य वक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि यदि आप सब युवा मिलकर, साथ चलकर काम करें तो 2047 नहीं 2037 तक ही भारत विकसित राष्ट्र बनकर खड़ा होगा। युवा सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करें। अपनी तस्वीर जरूर डालें परंतु यह भी ध्यान रखें कि हम अपने विचार डालें। अपनी रचनात्मकता डालें। उन्होंने कहा कि राम राज्य दुनिया की बेस्ट शासन व्यवस्था है। इसे आत्मसात करें।


**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, हजारीबाग**

**–: पशुपालको के लिए आमसूचना :–**

सरकार के सचिव ,कृषि पशुपालन एवं संकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)झारखण्ड रांची द्वारा निर्गत राज्यादेश सं0 02 रा0 (विभाग) दिनांक 04.05.2023 के तहत् पंचायत में दोबार दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय सत्र) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी /संकामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी /बीमार पशुओं की चिकित्सा ,कृत्रिम गर्भाधान ,टीकाकरण एव मल ,मूत्र , रक्त आदि की जॉच की जायेगी । पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेगें ।

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | शिविर स्थल का नाम | तिथि | पशुचिकित्सक का नाम / पदनाम । |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बरही | बरही पश्चिमी | बरही पश्चिमी | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 निर्मल डेविड बारा भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी , बरही ह0बाग । मोबाईल नं0– 7061442733 |
| 2 | | रसोईयाधमना | लश्करी | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 3 | | कोनरा | कोनरा | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 4 | | करियातपुर | करियातपुर | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 5 | | बरसोत | बरसोत | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 6 | | मंडरो | मंडरो | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 7 | | मलकोको | मलकोको | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 मुकेश कुमार सिंह प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,बरही। मो0 नं0–9430340408 |
| 8 | | विजैया | विजैया | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 9 | | बरही पूर्वी | बरही पूर्वी | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 10 | | बेन्दगी | बेन्दगी | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 11 | | करसो | करसो | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 12 | | खोडाहार | खोडाहार | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 13 | चौपारण | दादपुर | दादपुर,छतरपुर | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 अमन कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी , चौपारण ह0बाग । मोबाईल नं0–7488676072 |
| 14 | | चयकला | चयकला , चयखुर्द | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 15 | | ज्वानपुर | जवानपुर,मध्यगोपाली | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 16 | | बेला | बेला,भुसुनडीह | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 17 | | चैथी | चैथी,तेतरिया | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 18 | | चौपारण | चौपारण ,भीगा | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 19 | दारू | रामदेव खरिका | कवालु ,रामदेव खरिका | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 बिमला कुमारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी , झुमरा ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 8839676382 |
| 20 | | हरली | पेटो , हरली | 19.01.2024 एवं 20.01.2024 | |
| 21 | | मेढ़कुरी | मेढ़कुरी , अमली | 22.01.2024 एवं 23.01.2024 | |
| 22 | | दारू | दारूडीह,पिपचो | 29.01.2024 एवं 30.01.2024 | |
| 23 | सदर | गुरहेत | गुरहेत ,चोरहेत | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | डा0 मीनु सिंह भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी , चन्दवार ह0बाग । मोबाईल नं0–9431537040 |
| 24 | | सखिया | सीतागढा,बेलामुडवार | 29.01.2024 एवं 30.01.2024 | |
| 25 | | सिन्दुर | सिन्दुर , मेरावल | 16.01.2024 एवं 19.01.2024 | डा0 स्मृति प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,सदर ह0बाग। मोबाईल नं0–7720092114 |
| 26 | | नगवा | नगवा , चुरचू | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 27 | | नयाखाप | नयाखाप , बभनवे | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 28 | | मंडई खुर्द | मंडईखुर्द , रउतरा | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 29 | | सिंधानी | सिंधानी , जबरा | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 30 | | मोरांगी | मोरांगी ,तुम्बा | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 सुमिता कुल्लु, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी , मोरांगी ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 7766019285 |
| 31 | | हरहद | हरहर,हुपाद | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 32 | | भेलवारा | भेलवारा ,चपवा | 20.01.2024 एवं 21.01.2024 | |
| 33 | बरकट्ठा | धुगलामो | धुगलामो , बनपुरा | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 श्रीनाथ होन्हागा प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,बरकट्ठा ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 9110173577 |
| 34 | | बरकनगंगो | बरकनगंगो ,जतअसरा | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 35 | | गैडा | गैडा , तुर्कबाद | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 36 | | तुईयो | तुईयो , बुडियाडीह | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 37 | | कपका | कपका ,मासीपीढी | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 38 | | बेडोकला | बेडाकला ,मानपुर | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 39 | कटकमदाग | कटकमदाग | कटकमदाग ,हाथामेढी | 16.01.2024 एवं 18.01.2024 | डा0 अनिल कुमार दास भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी , सुलताना ह0बाग । मोबाईल नं0– 9572535542 |
| 40 | | सुलताना | मेयातु , सुलताना | 19.01.2024 एवं 20.01.2024 | |
| 41 | | सलगॉवा | पकरार , सलगांवा | 22.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 42 | | पसई | पसई , बानादाग | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 43 | डाडी | टोंगी | बुण्डू , सुइयाडीह | 22.01.2024 एवं 23.01.2024 | डा0 सुमिता कुल्लु, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी , मोरांगी ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 7766019285 |
| 44 | | रेलीगढा प0 | रेलीगढा प0 | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 45 | | गिद्दी ख | गिद्दी ख | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 46 | चुरचू | चुरचू | चुरचू पंचायत भवन | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 राजेश कुमार शर्मा प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,चुरचू ह0बाग । मोबाईल नं0– 9835361045 |
| 47 | | ऑगो | ऑगो पंचायत भवन | 18.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 48 | | बहेरा | बहेरा पंचायत भवन | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 49 | ईचाक | नावाडीह | चम्पानगर नावाडीह,रहिया | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 नकुल मोदी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,ईचाक ,ह0बाग। मोबाईल नं0–94316553758 |
| 50 | | बरका खुर्द | बरका खुर्द ,रतनपुर | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 51 | | देवकुली | देवकुली , लुन्दरू | 20.01.2024 एवं 21.01.2024 | |
| 52 | | करियातपुर | करियातपुर , असिया | 22.01.2024 एवं 23.01.2024 | |
| 53 | | डुमरौन | डुमरौन ,गुरूकला | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 54 | | कुरहा | कुरहा , गुंजा | 27.01.2024 एवं 28.01.2024 | |
| 55 | | डाडीघाघर | डाडीघाघर , फुफुंदी | 29.01.2024 एवं 30.01.2024 | |
| 56 | | अलौजा खुर्द | अलौजा खुर्द , | 31.01.2024 | |
| 57 | | कारीमाटी | कारीमाटी,सिमरा | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 रश्मी कोडा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी , ईचाक। मो0 नं0–9102259362 |
| 58 | | बेंगा | बेंगा,सिरसी | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 59 | | बरियठ | बरियठ,चंदवारा | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 60 | | पुराना ईचाक | पुराना ईचाक,बन्दुआ | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 61 | | परासी | परासी, छावनी | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 62 | | बरकाकला | बरकाकला,खुटरा | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 63 | कटकमसांडी | कण्डसार | कण्डसार , नवादा | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 मजहरूल हसंन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी , कटकमसांडी ह0बाग । मोबाईल नं0– 7979812097 |
| 64 | | कंचपनुर | कंचनपुर , हेदलाग | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 65 | | लुपुग | लुपुग , असधीर | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 66 | | खुटरा | खुटरा , सुलमी | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 67 | | पबरा | पबरा ,हरिना | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 68 | | रोमी | रोमी , छडवा | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 69 | विष्णुगढ़ | अलपिटो | गुण्डरो ,हेठली बोदरा | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 सरोज कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी , विष्णुगढ ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 8789788183 |
| 70 | | बराय | बराय,नैयाडीह | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 71 | | गेडा | किरतोडीह , बसरिया | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 72 | | खरना | चलकरीकला ,खरना | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 | |
| 73 | | बेडा हरियारा | बादी खरना , रमुआ | 25.01.2024 एवं 27.01.2024 | |
| 74 | | गोविन्दपुर | चितरामो ,गोविन्दपुर कला | 29.01.2024 एवं 30.01.2024 | |
| 75 | | नवादा | नवादा | 31.01.2024 | |
| 76 | | सारूकुदर | फाराचांय , मुनरो | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 चन्देश्वर प्रसाद, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,विष्णुगढ ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 9431354403 |
| 77 | | मोढमो | चटकरी ,चिरूडीह | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 78 | | अचलजामु | अचलजामु ,लेंदी | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 79 | | नरकी | गझण्डी , रांगामाटी | 23.01.2024 एवं 24.01.2024 | |
| 80 | | खरकी | खरकीखुर्द , सिमरबेडा | 25.01.2024 एवं 27.01.2024 | |
| 81 | | बकसपुरा | सेहदा , मलुआ | 29.01.2024 एवं 30.01.2024 | |
| 82 | | चानो | चानो ,झापाटांड | 31.01.2024 एवं 01.02.2024 | |
| 83 | बडकागांव | गरसुल्ला | गरसुल्ला ,लुरंगा | 17.01.2024 एवं 18.01.2024 | डा0 उज्जवल कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी ,बडकागांव ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 9709740144 |
| 84 | | उरीमारी | उरीमारी ,हेसाबेडा | 19.01.2024 एवं 20.01.2024 | |
| 85 | | पोटंगा | पसरिया , पोटंगा | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 86 | | आंगो | अम्बाटोला , आंगो | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 87 | | तलसवार | पलाण्डु , तलसवार | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |
| 88 | केरेडारी | पचरा | पचरा , जोरदाग | 16.01.2024 एवं 17.01.2024 | डा0 लईबराम गोसाई सिंह, प्रभरी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ,केरेडारी ,ह0बाग। मोबाईल नं0– 9199650356 |
| 89 | | कण्डाबेर | कण्डाबेर , नावाडीह | 18.01.2024 एवं 19.01.2024 | |
| 90 | | पताल | पताल , लोहरसा | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 | |
| 91 | | बुण्डू | बुण्डू , खपिया | 24.01.2024 एवं 25.01.2024 | |
| 92 | | बरियातु | बरियातु , पाण्डेयपुरकला | 27.01.2024 एवं 29.01.2024 | |
| 93 | | केरेडारी | केरेडारी , खपिया | 30.01.2024 एवं 31.01.2024 | |

नोट :– विशेष परिस्थिति में शिविर का स्थल एवं तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,हजारीबाग ।

PR.NO.315895 Animal Husbandry(23-24):D

# उम्मीद बंधाती न्याय

गुजरात दंगों से जुड़ें एक मामले में उम्रकैद की सजा पाए लोगों को समय से पहले रिहा करने के खिलाफ पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। आखिरकार उसे न्याय मिला, बल्कि इससे खुद सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा फिर स्थापित हुई। समाज में व्याप्त अन्याय के खिलाफ न्याय की उम्मीद से लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। निस्संदेह, इस मामले में गठित खंडपीठ ने सही मायनों में कानून के शासन को ही प्रतिष्ठा दी है। उसने शीर्ष अदालत के मई, 2022 में दिये गए फैसले को भी पलटा है, जिसमें गुजरात सरकार के छूट देने के अधिकार को मान्यता दी गई थी। यह सामान्य विवेक की बात है कि तमाम दलीलों के बावजूद सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के दोषियों को समय से पहले रिहाई नहीं दी जानी चाहिए। आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे-लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी। दरअसल, ऐसे मामलों में राज्य सरकार के विवेक की भी परीक्षा होती है कि उसके किसी निर्णय से पीड़ित पक्ष आहत न हो। राज्य सरकार को उन भयावह स्थितियों व पीड़िता की पीड़ा का भी अहसास होना चाहिए। यह राज्य सरकार की कल्याणकारी रीतियों-नीतियों की भी परीक्षा थी। वहीं कोर्ट ने अदालत को गुमराह करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप भी राज्य सरकार पर लगाया। बहरहाल, अब दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करेंगे और पूरी सजा होने तक जेल में ही रहेंगे। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के फैसले से जहां रिहाई के अधिकार के प्रश्न का जवाब मिला, वहीं पीड़िता को न्याय पाने के हक की भी पुष्टि हुई। पीड़िता के अधिकार को महत्वपूर्ण मानने से सही मायनों में उसे न्याय मिल पाया।

# लक्ष्य तक आदित्य

भारत ने सूरज विषयक नया ज्ञान जुटाने के लिये आदित्य एल-1 मिशन शुरू किया था। हर भारतीय के लिये गर्व की बात है कि पृथ्वी से लगभग पंद्रह लाख किमी दूर आदित्य अपने लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुंच गया है। जो बताता है कि कैसे इसरो के वैज्ञानिक बेहद जटिल व मुश्किलों से भरे अभियानों को सहजता से तार्किक परिणति दे रहे हैं। तमाम सफलताएं इतनी कम लागत में हासिल की गई हैं कि पूरी दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। शुरूआती संकेत बता रहे हैं कि मिशन के सभी अवयव सुचारू रूप से अपना काम कर रहे हैं। आदित्य अगले पांच वर्षों तक शोध व अनुसंधान के कार्यों के जरिये मानवता के कल्याण के लिये नई जानकारी जुटाएगा। इस मिशन की सफलता ने उन संभावनाओं को भी गति दी है, जो भविष्य में अन्य ग्रहों में शोध-अनुसंधान के लिये मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। इस तरह पहले सूर्य मिशन में भारत ने अंतरिक्ष में सूर्य की निगरानी करने वाली ऑब्जर्वेटरी स्थापित कर दी है।दरअसल, लैंगरैंज प्वाइंट तक पहुंचा आदित्य एल-1 धरती के इस करीबी ग्रह में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं का अध्ययन, अंतरिक्ष के मौसम व सौर प्रवाह के धरती पर पड़ने वाले प्रभावों के विश्लेषण का मार्ग प्रशस्त करेगा। बीते साल दो सितंबर को प्रक्षेपित किए गए सूर्य मिशन का लक्षित कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचना हमारे वैज्ञानिकों की मेधा व सटीक योजना का ही परिणाम है। उल्लेखनीय है कि जिस बिंदु पर आदित्य को पहुंचाया गया है वहां सूरज व धरती का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है, जिसके चलते अंतरिक्ष यान को कम ईंधन की जरूरत होती है। वह कम ईंधन में अधिक समय तक वैज्ञानिक शोध-अनुसंधान कर सकता है।

# टुसू पर्व: झारखंड की लोकसंस्कृति की झांकी





- राजाराम महतो

> टुसू को प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया है। यही वह समय है जब प्रकृति के साथ-साथ समस्त जीव-जगत में नयी ऊर्जा का संचार होता है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से टुसू पर्व का अलग महत्व है। टुसू केवल पर्व ही नहीं बल्कि झारखंड के गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर का नाम है। टुसू के साथ कई सामाजिक परम्पराएं जुड़ी हैं।

**झारखंड** में एक कहावत है बारह मासे, तेरह पर्व यानी बारह महीने में तेरह पर्व। टुसू पर्व तेरह पर्वों में अंतिम पर्व माना जाता है। यह आदिवासी-मूलवासी और कृषक समाज का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। अगहन संक्रांति से पूस संक्रांति तक यह पर्व मनाया जाता है। पूस माह में होने के कारण इसे पूस परब एवं कहीं-कहीं मकर संक्रांति तक चलने के कारण मकर परब भी कहते हैं । टुसू को प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया है। यही वह समय है जब प्रकृति के साथ-साथ समस्त जीव-जगत में नयी ऊर्जा का संचार होता है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन सामाजिक एवं सांस्कृतिक ष्टि से टुसू पर्व का अलग महत्व है। टुसू केवल पर्व ही नहीं बल्कि झारखंड के गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर का नाम है। टुसू के साथ कई सामाजिक परम्पराएं जुड़ी हैं। कृषक खेत-खलिहान का कार्य समाप्त करने के बाद इस पर्व को मनाते हैं। यह पर्व पूरे एक महीने तक सिल्ली, अनगड़ा, मुरी, बुंडू, तमाड़ सहित पूरे पंचरगना क्षेत्र, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा के अलावा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, मिदनापुर व बांकुड़ा जिलों और ओड़िशा के क्योंझर, मयूरभंज, बारीपदा जिलों में मनाया जाता है।

**नारी सम्मान का पर्व :** टुसू नारी सम्मान का पर्व है। यह टुसूमनी नामक युवती के स्वाभिमान साहस व बहादुरी की गाथा से जुड़ा हुआ है। लोककथा के मुताबिक एक गरीब किसान की तीन बेटियां थीं-सरला, भादू और टुसूमनी। इनमें टुसूमनी बहुत ही रूपवती और गुणवती थी। उस समय भारत में मुगलों का शासन था। मुगल सरदार टुसूमनी की खूबसूरती पर फिदा था और उसको जबरन अपनाना चाहता था। टुसूमनी ने अपनी लाज बचाने के लिए स्वर्णरेखा नदी में कूदकर अपनी जान दे दी थी। उस दिन मकर संक्रांति था। जिस स्थल पर यह घटना हुई, उसे सती घाट के नाम से जाना जाता है। यह सती घाट सोनाहातू में है। जनजातीय समाज इस दिन अपनी उसी बेटी टुसूमनी के बलिदान को याद करता है।

एक अन्य मान्यता के अनुसार कृषक समाज टुसू के रूप में अन्न की देवी की पूजा करता है। इसी समय फसल को पूर्णता प्राप्त होती है। जिस शक्ति के दान से जनजातीय समाज पूर्णता को प्राप्त करते है उसको टुसू शक्ति कहा जाता है। टुसू गीतों में इसकी व्याख्या मिलती है। टुसू की पूजा अगहन संक्रांति के दिन से शुरू होती है। उस दिन किसान अन्न को खेत से खलियान लाते हैं। इसी अन्न को ग्रहण कर पूरा संसार जीवित रहता है। टुसू कृषकों के घरों में संपन्नता का प्रतीक है।

टुसू पर्व की शुरूआत अगहन संक्रांति की रात से होती है। उस रात गाँव की कुंवारी कन्याएं टुसूमनी की प्रतिमा स्थापित करती हैं। इसे टुसू थापना कहा जाता है। महीने भर प्रत्येक शाम टुसू पर फूल चढ़ाकर दीपक से आरती की जाती है। टुसू गीत गाये जाते हैं। इन गीतों का विषय प्रायः रामायण, महाभारत की कथा और देवी-देवताओं की मनौती से प्रारंभ होता है। ये गीत जनजातीय समाज की सादगी और मासूमियत को दशार्ते हैं। इनमें टुसूमनी के स्वाभिमान, बहादुरी का जिक्र होता है। मकर संक्रांति के एक सप्ताह पहले टुसू और चौड़ल सजाने का काम होता है। चौड़ल या तो बाजार से खरीदा जाता है या घर में बनाया जाता है। चौड़ल असल में टुसू की पालकी है। चौड़ल की आकृति ताजियानुमा होती है। मकर संक्रांति के एक दिन पहले पुरुषों के बीच मुर्गा लड़ाई की प्रतियोगिता होती है, जिसे बाउड़ी कहा जाता है। मकर संक्रांति के दिन पर्व का समापन टुसू विसर्जन के साथ होता है। विसर्जन के दिन टुसू को पालकी में बिठाकर भ्रमण कराया जाता है। नदी पर ले जाने के दौरान स्थानीय लोग टुसू के पारंपरिक गीत गाते और नाचते हुए चलते हैं। मकर संक्रांति के दिन टुसू पर्व मनाया जाता है। इस दौरान घरों में विशेष पकवान, पीठा, भूजा, मटन-चावल सहित अन्य पकवान बनते हैं।

**मेला होता है खास :** टुसू पर्व के अवसर पर जगह-जगह मेला लगता है। इन मेलों में झारखंड की लोक संस्कृति, समाज और उनके कार्य-व्यापार को देखा जा सकता है। पूरे महीने भर गांवों-कस्बों में लगने वाले मेलों में ग्रामीण अपने परिवार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हैं। टुसू गीतों से आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो जाता है। मेले में कतार की कतार दुकानें, खेल-तमाशे, नौटंकी, झूले, मुर्गा लड़ाई सब कुछ होता है। विभिन्न गांवों से आकर्षक टुसू लाये जाते हैं। चौड़ल की प्रतियोगिताएँ होती हैं। पहले मेला के रूप में सतीघाट मेला को जाना जाता था, अब झारखंड में टुसू पर्व पर सैकड़ों मेले लगते हैं।स्वर्णरेखा, कांची और राढू नदी के तट पर ये मेले लगते हैं। कुछ मेले डैम और झरनों के समीप लगते हैं। सती घाट मेला झारखंड का सबसे बड़ा और पुराना टुसू मेला है। टुसूमनी की स्मृति में सोनाहातू के स्वर्णरेखा नदी के सती घाट पर पहली बार 1740 में मेला लगा था। रांगामाटी-सिल्ली मार्ग पर स्थित बरेंदा गांव में इसी स्थान पर टुसू मनी ने बलिदान दिया था। घाट के निकट मां गंगा का मंदिर है। सोनाहातू का श्रीराम टुसू मेला भी प्रसिद्ध है।

सिल्ली के कोंचो गांव के स्वर्णरेखा नदी तट पर ऐतिहासिक हरिहर मेला का लगता है। झारखंड और पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से लोग इस मेले में आते हैं। श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी में स्नान कर मेला परिसर स्थित मंदिरों में देवी, देवताओं की पूजा-अर्चना करते हैं। सिल्ली के नीलगिरि में भी टुसू मेला लगता है। मेला स्थलों पर विभिन्न प्रकार की दुकानें सजती हैं। टुसू प्रदर्शनी, मुर्गा लड़ाई सहित कई तरह के प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होता है।

अनगड़ा प्रखंड के हुंडरू फॉल में 15 जनवरी को टुसू मेला लगता है। अनगड़ा के ही जोन्हा फॉल में 15 जनवरी व 15 फरवरी दो दिन टुसू मेला लगाया जाता है। कांची नदी के तट पर रंगरोड़ी धाम अवस्थित है।

यहाँ हर साल टुसू मेला लगता है। झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर मुरहलसूदी पंचायत में है सेंवाती घाटी। प्रत्येक साल 15 जनवरी को यहां टुसू मेला लगता है। सीमा पर होने के कारण दोनों राज्यों से महिला-पुरुषों की काफी भीड़ उमड़ती है।

## खास बात
# सूर्यसेन का बलिदान

– रमेश शर्मा

**इतिहास** के पन्नों में अधूरी सी यह कहानी उन क्रान्तिकारियों की है, जिन्होंने चटगांव बंदरगाह पर अंग्रेजों का शस्त्रागार लूटकर सशस्त्र क्रान्ति की योजना बनाई थी । इस अभियान के नायक क्राँतिकारी सूर्यसेन थे। वे शिक्षक थे। उन्होंने अपने पचास से अधिक विद्यार्थियों का यह क्राँतिकारी दल बनाया था । सूर्य सेन के पिता रमानिरंजन चटगांव के नोआपाड़ा क्षेत्र के निवासी थे । 22 मार्च, 1894 को जन्मे सूर्यसेन छात्र जीवन से ही क्राँतिकारी आँदोलन से जुड़ गये थे । 1916 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान अनुशीलन समूह से जुड़े और बहरामपुर में बीए की पढ़ाई क्राँतिकारी संस्था युगान्तर से जुड़े । समय के साथ शिक्षक बने लेकिन अपने शिक्षकीय दायित्व के साथ युवाओं में भारत की स्वाधीनता के लिये क्राँतिकारी आँदोलन से जोड़ने लगे ।

जब इनका समूह बड़ा हो गया तब इसका नाम भारतीय रिपब्लिकन सेना रखा गया । रिपब्लिकन सेना ने सशस्त्र अभियान से अंग्रेजों को बाहर करने की योजना बनाई । इसके लिए शस्त्र जुटाने के लिये अंग्रेजों का चटगांव शस्त्रागार लूटा गया । चटगांव में दो शस्त्रागार थे । योजनानुसार 18 अप्रैल, 1930 की रात दस बजे कुल 65 क्राँतिकारियों ने दोनों शस्त्रागारों पर धावा बोल दिया । सूर्यसेन ने क्रातिकारियों की तीन टुकड़ियाँ बनाईं। पहली टुकड़ी के सोलह क्राँतिकारियों के समूह ने पुलिस शस्त्रागार पर धावा बोला। इसका नेतृत्व गणेश घोष कर रहे थे। तो लोकेन्द्र नाथ के नेतृत्व में दूसरी टुकड़ी ने सेना के शस्त्रागार पर अपना अधिकार कर लिया। तीसरी सशस्त्र टुकड़ी ने इन दोनों दलों को कवर करके सुरक्षा दी ताकि ये शस्त्र लेकर सुरक्षित निकल सकें।

भारतीय रिपब्लिकन सेना के इस अभियान की एक सफलता यह थी कि शस्त्रागार पर धावा बोलने से पहले क्राँतिकारियों ने टेलीफोन, टेलीग्राफ और रेलवे लाइन आदि संपर्क के सभी सूत्र काट दिये थे लेकिन एक असफलता यह थी कि हथियार तो मिले पर गोला बारूद नहीं मिला, जिससे इन हथियारों की उपयोगिता ही न रह गई थी । दूसरी सबसे बड़ी चूक यह रही कि शस्त्रागार में एक गुप्त अलार्म भी था।

# अधर्म की लंका

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सेना** लंका प्रस्थान कर दी। जामवंत जी चूंकि बुर्जुग थे इसलिये उन्हें उनको मंत्री बनाया गया। जब सभी समुद्र के किनारे पहुंचे तहां उनलोगों ने विचार करना आंरभ कर दिया कि समुद्र को कैसे पार किया जाए। वे जब इस विचार में थे तब लंका की ओर से विभीषण जी वहां पहुंचे। जब से हनुमान जी लंका से गये थे विभीषण सोच में थे कि राम कब आयेंगे। जब उनका सूचना मिल गयी कि श्रीराम सेना सहित समुद्र के दूसरे छोर पर पहुंच गये है वे हर्षित हो गये हैं। वे सोचे अबअ मुझे विलंब नहीं करना चाहिए। लेकिन उनके मन में यह भी भावना आ रही थी कि अगर मैं चुपचाप चला जाता हूं तो मेरी गिनती एक गद्दार के रुप में होगी। यह सोचकर वे रावण की दरबार में चले गये। उन्होंने कहा महाराज रावण मैं आपका छोटा भाई हूं और आपका भाई होने के कारण मंत्री की हैसियत मेरी है। मुझे आपको सलाह देने का हक है। मैं आपको सलाह देता हूं कि आप श्रीराम की पत्नी को वापस पहुंचा दें। अगर नहीं पहुंचायेंगे तो यह हमलोगों की गलती होगी। अगर उनलोगों ने हमारी बहन का नाक कान काटा तो खर और दूषण ने सेना सहित उन उनके उपर धावा बोल दिया। इस प्रकार हिसाब किताब बराबर हो गया। अगर वे मारे गये या हार गये तो कोई बात नहीं है। लेकिन आप चुपके से उनकी पत्नी को हरण करके लाये हैं यह धर्मोचित नहीं है। इसी अधर्म के कारण इसके पहले की लंका का नाश हो जाए आप चलिए सीता को वापस कर दीजिए। यह सुनकर रावण ने सोचा कि यह जो कुछ कहरहा है वह तर्कसंगत, धर्मसंगत नीति युक्त बाते कह रहा है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आत्मनिर्भर भारत

आज देश आत्मनिर्भर बन गया है। सेना को दिए जाने वाले हथियारों को स्वदेश में ही निर्मित किया जा रहा है। परिवहन विमान, मिसाइल सिस्टम, राडार, सिम्युलेटर बख्तरबंद वाहन, रॉकेट लॉन्चर, गोला बारूद जैसे आर्म्स निर्यात हो रहे हैं। देश हथियार निमार्ता बनकर आज निर्यात भी कर रहा है। थलसेना में आधुनिकीकरण पर जोर दिया जा रहा है।

– श्री प्रकाश, रांची

### समुद्र में शौर्य

भारतीय जवानों की कार्यशैली काबिले तारीफ है। सीमा के साथ ही जल क्षेत्र में भी मजबूती के साथ अपना कदम बढ़ाती सेना ने अरब सागर में जो जोश दिखाया है वह दुनिया को चकित करने वाला है। भारतीय जहाजों पर हमले के नाकाम प्रयास के बाद लाल सागर में साइबेरिया मालवाहक जहाज जिसमें भारतीय चालक शामिल थे, समुद्री लुटेरों से मुक्त कराया।

– आकाश, हजारीबाग

भारत का इतिहास जब-जब करवट ले रहा होता है, तब-तब कांग्रेस उस अवसर के साथ खड़े न होकर उसका बहिष्कार करती है। चाहे वह जीएसटी हो या राम मंदिर का कार्यक्रम।

– सुधांशु त्रिवेदी भाजपा

## आपके ट्वीट

**चुनावी** फायदे के लिए न्याय की हत्या की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है।आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि ह्यअपराधियों का संरक्षकह्न कौन है।

– राहुल गांधी, सांसद





**पीएम** मोदी जी ने नासिक के कालाराम मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर देशवासियों को प्रेरित किया। उन्होंने 14-22 जनवरी के बीच हमारे मंदिरों और पूजा स्थलों को साफ करने के लिए अभियान चलाया है। –अन्नपूर्णा देवी

# युवाओं को सदैव प्रेरित करते रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

## युवा दिवस

**कुमार गोयल**

युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था।

आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरुषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे। स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने ह्यमेरे अमेरिकी भाइयों और बहनोंह्न के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी।

उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए।

स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। विवेकानंद सदैव कहा करते थे कि उनकी आशाएं देश के युवा वर्ग पर ही टिकी हुई हैं। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में स्वामी जी अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी।

मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया।

# स्वामी विवेकानंद के सपनों को साकार करती मोदी सरकार

## सामयिक

**शिव प्रकाश**

**12 जनवरी** 1863 को कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के यहां एक बालक का जन्म हुआ। भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। जिसको प्रेम से परिवार के लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ।

गुलामी के कालखंड में भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य उनके द्वारा हुआ। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपने जीवन की घटना का उल्लेख किया ह्लमैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ ह्व अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी। जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंच प्रण का पालन करने का आग्रह किया। जिसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है।

स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हो। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है।

स्वामी विवेकानंद गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रिभर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि दरिद्र देवो भव।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक मंजू सिंह द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### समरसता के पोषक थे विवेकानंद : राजगढ़िया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। छोटे बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुआ। जिसमें बच्चे विवेकानंद, गांधी, नेहरू, लक्ष्मीबाई व अन्य महापुरुषों की वेशभूषा में शामिल हुए। बड़े बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सामाजिक समरसता के पोषक थे। उनसे पूरे विश्व को सर्वधर्म समभाव का संदेश मिला। पूरी दुनिया उनके विचारों से प्रभावित हुई। उनका जीवन युवाओं का मार्गदर्शन करता रहेगा। जबतक दुनिया रहेगी, उनके विचारों और दर्शन की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं होगी।

### राधानगर में गरीबों को मिला कंबल



**मांडू।** मांडूडीह पंचायत के ग्राम राधानगर में झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला समिति ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया । गीता विश्वास एवं पिंकी बेसरा ने केक काटा। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच मिठाई बांटी और गरीबों को कंबल प्रदान किया। सभी लोगों गुरूजी के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर शांति देवी,कांति देवी,सीता देवी,सुमित्रा देवी, मुखलाल साव,पूनम देवी,मीरा देवी आदि उपस्थित थे।

### प्रजापति ने महिलाओं को दिया कंबल



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन के संस्थापक सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने शुक्रवार को मोतीराम कॉम्प्लेक्स में विधायक जेपी पटेल के सौजन्य से मिले कंबल महिलाओं को दिया। उन्होंने महिलाओं के बीच चूड़ा तिलकुट पैकेट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि मानव की सेवा करना ही हम सभी का परम कर्तव्य है। फाउंडेशन सदस्यों के बीच मुस्कुराहट बनी रहे इसके लिए फाउंडेशन सदैव प्रयासरत है। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सदस्यों से घर-घर दीपोत्सव मनाने की अपील की। मौके पर कौशल्या देवी, आशा कुमारी, मन्सरी देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, ईशा कुमारी, रुपा कुमारी, सुनीता, धनेश्वरी, देवन्ति, ललिता, सोनी, गुड़िया बानो, प्रीति, प्रियंका, तमन्ना रेखा देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

### ओरला में छठ घाट का निर्माण शुरू



**कुजू।** मांडू जिप सदस्य दयामंति देवी ने ओरला छठ तालाब में छठ घाट व सीढ़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। दयामन्ति देवी ने कहा कि छठ तालाब में घाट और सीढ़ी की कमी थी। मौके पर मुखिया गुड़िया देवी, पंसस गुड़िया देवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, मुखिया प्रतिनिधि निर्मल करमाली, कैलाश करमाली, हरिशंकर प्रसाद साहू, राधेश्याम प्रसाद, हरिशंकर प्रसाद, देवराज प्रसाद, अखिलेश महतो, विजय करमाली, राजेश नायक, देवकी महतो, हिना देवी, संतोषी देवी, मालती देवी, रेखा देवी, नंदलाल मुंडा, उमेश करमाली शामिल रहे।

### पिरामल ने दी रोजगार की जानकारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा दिवस पर पिरामल फाउंडेशन ने टीआरआई संस्था से मिलकर जवाहर नगर पंचायत में शुक्रवार को महिलाओं, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया। निशा वर्मा और मंजू देवी, रवि कुमार और मंटू कुमार आदि ने ग्रामीणों को रोजगार व आजीविका बढ़ाने संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

### दसवीं के छात्रों को दी गयी विदाई



**कुजू।** करमा उच्च विद्यालय करमा में शुक्रवार को दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई। विदाई समारोह में सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा व करमा परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार, जिप सदस्य तापेश्वर महतो शामिल हुए। सिन्हा ने कहा कि विदाई का क्षण बड़ा ही दुखदायी होता है। शिक्षक कुम्हार की तरह बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं।

### श्रीराम-जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार 22 से



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** दोमुहानी स्थित श्री राम-जानकी मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर मंदिर निर्माण समिति की मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष छोटू सिंह व संचालन नुनु पांडेय उर्फ रामाशंकर पांडे ने किया। बैठक में मंदिर जीर्णोधार और मकर संक्रांति मेले को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जनवरी मकरसंक्रांति के अवसर पर भव्य मेला लगाया जायेगा।

### पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने एचएन यादव



भुरकुंडा (रामगढ़)। आईएजी ग्लास फैक्ट्री कोल कंपनी निवासी सह कारगिल युद्ध के योद्धा रहे सूबेदार एचएन यादव सेना से सेवानिवृत होने के बाद अपने जीवन की दूसरी पारी का आगाज करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस के एचएन यादव ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेस में कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### सदर विधायक के नेतृत्व में कुसुंभा के ग्रामीण डीसी और एसडीओ से मिले

# कुसुंभा में ओवरब्रिज बनाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में कटकमदाग प्रखंड स्थित ग्राम कुसुंभा और आसपास के गांवों के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय और सदर एसडीओ विद्या भूषण से मिला। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया की उनके क्षेत्र में स्थित साइडिंग में रेलवे लाइन का विस्तारीकरण होने जा रहा है। जिसके तहत यहां एनटीपीसी एवं रेलवे द्वारा एक अंडरपास यानी सुरंग का निर्माण की योजना है। ग्रामीण इस क्षेत्र में सुरंगनुमा अंडरपास के निर्माण से खौफजदा हैं और ग्रामीणों का मांग है की यहां अंडरपास नहीं बनाकर ओभरब्रिज या फ्लाई ओभर का निर्माण कराया जाय। इसी मांग को लेकर उपायुक्त और एसडीओ को ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दिनों ग्रामीणों की हुई आमसभा की प्रति आवेदन के रूप में भी सौंपा गया। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा की ग्रामीणों का मांग एकदम जायज और तर्कसंगत है और एनटीपीसी को तुरंत ग्रामीणों की मांग की मानना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा की जनता के सुविधा का विशेष ख्याल कंपनीज को भी रखना ही चाहिए।

## पचड़ा के दर्जनों कांग्रेसी आजसू में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



केरेडारी। रांची स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में चतरा जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश महतो और प्रखंड उपाध्यक्ष देवनारायण राणा के नेतृत्व में केरेडारी प्रखंड के पचड़ा गांव के दर्जनों लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर आजसू पार्टी मे शामिल हुए, आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी जी पर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सभी लोगों ने एक स्वर से कहा की हम सभी लोग वर्तमान विधायक परिवार के द्वारा 15 सालो से छले जा रहे थे, विस्थापितों की दुर्दशा दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही थी, विकास की पहिया बिल्कुल रुक सी गई है, कोल माइनिंग कंपनियों द्वारा जनता के अधिकार को कुचला जा रहा हैं, इससे हमलोगों मे घोर निराशा होने के कारण हम सभी ने विकास की नई गाथा लिखने के लिए सुदेश महतो जी और रौशनलाल चौधरी जी के हाथों को ही मजबूत करने मे क्षेत्र की भलाई समझी,आने वाला समय मे पचड़ा ग्राम के 90% लोग आजसू पार्टी और रौशनलाल जी के प्रति अपनी आस्था को मजबूत करेंगे, आज पार्टी में शामिल होने वाले लोगों मे निम्नलिखित हैं, महेश महतो संतोष कुमार साव,अमृत साव,सुरेश साव, चेतलाल कुमार, रोहित कुमार,, ललन कुमार दास, किशोर कुमार साव,सिकंदर कुमार साव,राजकुमार साव,दशरथ कुमार दास, युगेश्वर कुमार साव,कृष्णा साव, चिंतामणि कुमार, बसंत महतो, दीपक रविदास, विनोद दास, सुरेश कुमार साव,सूरज साव,पप्पू कुमार दीपक साव आदि दर्जनों लोग शामिल हैं।

### युवा दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कटकमदाग।** एचडीएफसी बैंक से सांपोषित एवं के.जी.वि.के. द्वारा संचालित सम्पूर्ण ग्राम विकास परियोजना के अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के ग्राम बेस के उत्क्रमित मध्य विध्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकत कार्यक्रम का आयोजन किया। गया इस आयोजन में बेस पंचायत के मुखिया दीपक यादव, अडरा पंचायत के मुखिया संगीता देवी, राइज अप संस्था के ऋसभ आनंद, के.जी.वि.के. के सचिव डॉ. अरविंद सहाय और के.जी.वि. के. के उप महाप्रबंधक संदीप विश्वकर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राइज अप संस्था के ऋसभ आनंद ने युवा दिवस के बारे मे बताते हुये कहा की हमलोग को स्वामी विवेकानंद के आदर्शो को पालन करना चाहिए क्योकि किसी भी देश के रीढ़ युवा ही होता है। बेस पंचायत के मुखिया दीपक यादव और अडरा पंचायत के मुखिया संगीता देवी ने कहा कि के. जी.वि.के. का प्रयास सराहनीय है। के.जी.वि.के. के सचिव डॉ. अरविंद सहाय ने कहा कि सभी को जागरूक करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में तिलेश्वर गंझु, प्रधानाचार्य छतरी गोप, सहायक प्रबन्धक रमेश कुमार, आशीष कुमार सहित कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## मुखिया नीलम देवी ने पंचायत में विकास की बहाई गंगा



**बरही।** पंचमाधव बसरिया पंचायत एक आदर्श पंचायत के रूप में चयनित है।जिसे बरकरार रखते हुए मुखिया नीलम देवी ने पंचायत में अपने क्षेत्र में कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। उक्त बाते बताते हुए मुखिया नीलम देवी ने सर्वप्रथम पंचायत वासियो के प्रति आभार व्यक्त किया कि उनके पति के बाद अब उन्हे पंचायत का सेवा करने का अवसर प्रदान हुआ है। बतातें चलें कि पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप जो उनके पति हैं उनके कार्यकाल में विकास के काफी कार्य किए गए थे। जिला द्वारा पंचायत को आदर्श पंचायत का दर्जा दिया गया था। उन्हीं के पद्चिन्हों पर कार्य करते हुए नीलम देवी शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पंचायत में कई आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित कराया गया है, विद्यालयों में सभी प्रकार की सुविधाओ को दुरुस्त किया गया। महिला सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से लेंगुरा बसरिया में सखी मंडल द्वारा ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है, पंचायत में मसाला उद्योग का कार्य चल रहा है। किसानों को सिंचाई की सुविधा दुरुस्त करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में काफी कुछ पंचायत वासियो के लिए करना है, पंचायत को आदर्श पंचायत के साथ सुखी सपन्न एवं शिक्षित पंचायत बनाना हमारा उद्देश्य है।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**बड़कागांव।** बीएम मेमोरियल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस पर विश्व युवा दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर व संचालन आनंद कुमार पासवान ने किया।इस दौरान स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। दिनकर ने स्वामी जी के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कहा कि स्वामी विवेकानंद वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि विवेकानंद जी के जयंती पर ही विश्व भर में युवा दिवस मनाया जाता है। शिक्षक विनोद नायक ने कहा कि उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था जहां विद्वतापूर्ण व्याख्यान उन्होंने दिया था।

## गरीबों की पार्टी है राजद : संतोष यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ **भुरकुंडा में राजद ने 500 जरूरतमदों को दिया कंबल**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजद कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के सौजन्य से 500 गरीब-जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव व संचालन राजद के वरिष्ठ नेता जानकी ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विनय सिंह चौहान, युवा राजद के प्रदेश महासचिव संजय यादव, पूर्व मुखिया लव कुमार महतो व संतोष यादव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। श्री गोप ने कहा कि राजद द्वारा पिछले सात वर्षो से जनवरी माह में कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने को ले जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही मानव धर्म और इंसानियत भी है। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की राजद गरीब-गुरबों की पार्टी है इसमें सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा जाता है। साथ ही सबों को एक समान मान-सम्मान भी दिया जाता है। उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पण्य का कार्य है। ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। श्री यादव ने सबों को नववर्ष 2024 की बधाई देते हुए कहा कि राजद गरीबों की सेवा के लिए हमेशा अगली पंक्ति में खड़ा रहेगी। साथ ही अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाते रहेगी।

मौके पर जानकी ठाकुर, प्रमोद कुमार उर्फ पप्पू, सुभाष तिवारी, रवि सोनी, दिलीप सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। कंबल पाने वालो में गणेश सिंह, शशिकांत पांडेय, आनंद साव, विजय पासवान, गुड़िखा खातुन, मकसुद पठान, जावेद हुसैन, रानी देवी, बलकू भुंइया, रीना देवी, बासमती देवी, पिनिया देवी, मुन्नी, पूनम देवी, नमिता देवी, सबिता देवी, सुनिता देवी, अनिल, खिजवा देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, शबनम परवीन, शीला देवी, अनिता देवी व गीता देवी शामिल थी।

### एंग्लाइज स्कूल में मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों के बीच मैराथन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य बिजयंत कुमार, सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, शिक्षक निरंजन दुबे एवं जय किशोर महतो ने संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा छठी से लेकर के नवम तक के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। बालकों के मैराथन में आयुष राय, निशांत कुमार और अरविंद मुंडा और चित्रकला प्रतियोगिता में सौरभ कुमार, विदुषी वारी और श्वेता कुमारी विजयी हुई। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि पूरा भारत स्वामी विवेकानंद के मार्गदर्शन का पालन करता है। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही आने वाले कल के कर्णधार हैं। मौके पर कंचन सोनी, कंचन दास, दिव्यांशु रंजन, रानी कुमारी, इंसा नाज, कृष्ण कुमार अम्बष्टा, डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, निरंजन दुबे, जय किशोर महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## समाज पर हमला वैश्य मोर्चा नहीं करेगा बर्दाश्त : महेश्वर साहू

▶▶ **प्रदेश वैश्य मोर्चा बैठक में रामगढ़ में 30 जनवरी से होने वाले भूख हड़ताल पर हुई चर्चा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्सव मैरेज हॉल में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के रामगढ़, हजारीबाग, रांची एवं बोकारो जिला के प्रमुख सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष ढ़लन साव एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु एवं उपाध्यक्ष मोहन साव उपस्थित थे। महेश्वर साहु ने कहा कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना कराने, ट्रिपल टेस्ट करा कर निकाय चुनाव कराने, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे हमलों पर रोक लगाने आदि मुद्दों को लेकर कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन राज्य सरकार चुप्पी साध रखी है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में समाज पर हमला वैश्य मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी से रामगढ़ में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु 72 घंटे का भूख-हड़ताल करेंगे। बैठक में तय किया गया कि 19 जनवरी को इन सभी जिलों के प्रखंडों में बैठक करके व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सके।

जबकि 24 जनवरी को रामगढ़ में तमाम केंद्रीय पदाधिकारियों सहित प्रखंड स्तर के कार्यकताओं की तैयारी सम्मेलन किया जायेगा। बैठक में भूख हड़ताल कार्यक्रम को संचालित करने के लिए 21 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें बीरेन्द्र कुमार, मोहन साव, ढ़लन साव, आदित्य नारायण प्रसाद, रामाशंकर राजन, राजेन्द्र मंडल, लखन अग्रवाल, नंदकिशोर भगत, त्रिभुवन प्रसाद, राजकुमार मंडल, मुकेशलाल सिंदूरिया, मथिलेश कुमार, नंदकिशोर साहु, राजेश साव का चयन किया गया। सात सदस्यों का चुनाव केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, आदित्य नारायण प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद साहु, रामाशंकर राजन, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, राजेश्वर साव, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, भुनेश्वर साव, नरेश साहु, राजेश साव, राजकुमार मंडल, प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया (पतरातू) मौजूद थे।

## एक नजर में

### अडाणी फॉउंडेशन ने महिलाओं के बीच बांटे बर्तन सेट



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने परियोजना प्रभावित गांवों की महिलाओं के बीच रसोई बर्तन सेट का वितरण किया। इस अवसर पर गोन्दलपुरा, गाली, बलोदर और आसपास के गांव की सौ से अधिक महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम का आयोजन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच उत्साह का संचार करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में महिलाओं ने इसे अदाणी फॉउंडेशन का एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इस प्रयास से जुड़कर उनका भविष्य बेहतर होगा। महिलाओं ने यह भी कहा कि उनके घरेलू जरूरतों के हिसाब से उन्हें सेट प्रदान किया गया है, जो उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करेगा। प्रखंड में अदानी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक संजय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सुरक्षा) पुण्डरीक मिश्रा, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक सूर्य कुमार सिंह,सीएसआर उपप्रबंधक मोहित गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### श्रीदस स्कूल में मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**बरही।** देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय उत्कृष्ट समारोह का आयोजन हुआ। बच्चों ने स्वामी विवेकानंद को स्मरण करते हुए नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन की शुरूआत श्रीदस स्कूल के शिक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बच्चों के द्वारा प्रेरक नुक्कड़ नाटक द केरिस्मेटिक मोंक इन शिकागो की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी की शिकागो यात्रा के दौरान हुई तमाम घटनाओं को अभिनय और संवाद के माध्यम से नाट्य करते हुए बच्चों ने दिखाया। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने बच्चों से मुखातिब होते हुए स्वामी विवेकानंद की कथन का जिक्र करते हुए कहा कि स्वामी जी कहते थें उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल का सपना कभी समाजसेवी पूजनीय स्वर्गीय दशरथ सिंह देखा करते थे। जिनके नाम से आज श्रीदस जाना जाता है। श्रीदस परिवार व विद्यालय का एक मात्र लक्ष्य है देश के गरीब से गरीब घर के बच्चों तक बेहतरीन शिक्षा पहुंचाना है। इस दौरान सभी शिक्षक मौजूद थे।

### मुखिया ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ किया वनभोज



**बरही।** बेन्दगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पोड़ैया में वनभोज किया। राणा ने कहा कि नव वर्ष में पंचायत के विकास को लेकर लंबी लकीर खींचनी है। जिसे लेकर सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। इसी उद्देश्य से वन भोज का आयोजित किया गया है। मौके पर पंसस कलावती देवी, वार्ड सदस्य मनोज कुमार साहू, सुनील यादव, फूलमती देवी, राहुल पांडे, पूनम देवी, सुनील यादव, सविता देवी, परमेश्वर भुइयां, रोजगार सेवक प्रदीप रजक, सुरेंद्र कुमार, अमन यादव, राजेश यादव, कल्याण यादव, रविंद्र यादव, राजू रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### गणेश यादव ने बिरहोरों को दिया कंबल



**बरही।** खोड़ाहर पंचायत के बिरहोर टोला में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कम्बल का वितरण पंचायत प्रतिनिधियों ने किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, जिला परिषद सदस्या मंजू देवी, मुखिया अनिता देवी मौजूद रही। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि बढ़ती ठंड में कम्बल पाकर बिरहोर समुदाय के लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मानवता की सच्ची सेवा यही है कि गरीब असहाय लोगों को ठंड में राहत पहुंचाई जा सके। प्रखंड प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि कम्बल वितरण एक ऐसी सामाजिक सेवा है जो ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को गर्म रखने के लिए की जाती है। कम्बल वितरण के कई फायदे हैं। यह गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाने में मदद करता है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकता है। मौके पर डीलर के अलावा कई सामाजिक लोग मौजूद रहे।

### केरेडारी में एचपी पंप का उद्घाटन

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के चट्टीबरियातु कोयला खनन परियोजना ऋतिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा एचपी डीजल पम्प का उद्घाटन बीडीओ अमित कुमार एवं सीओ राम रतन वर्णवाल संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर एनटीपीसी के मेंस मैनेजर अतिश कुमार , रित्विक कंपनी के सीजीएम मनोज सिन्हा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रिजवान शरीफ, आरएनआर के रवि सिन्हा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार, कृष्ण कुमार संतोष कुमार, अनुराग कुमार समेत एनटीपीसी एवं ऋतिक के कर्मी उपस्थित थे।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में सेमिनार आयोजित

पदमा। कर्मटाँड में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजूकेशन में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया । प्रशिक्षुओं के द्वारा सेमिनार में स्वामी जी के जीवन दर्शन एवं भारत और विश्व में उनके योगदानों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद ने विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षकों को एक संदेश दिया कि आप सभी प्रशिक्षु स्वामी जी के जीवन दर्शन को अपनाकर अपना जीवन सफल बना सकते हैं और साथ ही साथ आप समाज का विकास भी कर सकते हैं । इस सेमिनार को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापको, प्रशिक्षुओं एवं सेमिनार के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर वीरेंद्र कुमार चौरसिया एव श्वेता ने किया

### एनटीपीसी बादम कोल परियोजना ने ग्रामीणों को दिया कंबल

बड़कागांव ।एनटीपीसी बादम कोल परियोजना द्वारा प्रभावित ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण बादम कॉल परियोजना महाप्रबंधक प्रवीण अनंत राव पांडे एवं उपमहाप्रबंधक के दिशा निर्देश में किया गया। बेस पंचायत के मुखिया दीपक कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता साहब कुमार राणा के सहयोग से 100 ग्रामीणों के बीच में कंबल वितरण किया गया।ग्रामीणों ने कहा कि एनटीपीसी बेस एरिया में पहली बार इस ठंडा का मौसम देखते हुए कम्बल उपलब्ध कराया इसलिए हमलोग एनटीपीसी का आभारी हैं। मुखिया दीपक कुमार ने कहा कि एनटीपीसी ने हमारी भावनाओं को कदर करते हुए यहां के गरीब जनता के बीच में कंबल का वितरण किया ।

### विक्षिप्तों की सेवा करना उद्देश्य : मनोज कुमार



**दारू।** सेवा ही धर्म संस्था के संस्थापक मनोज कुमार ने कहा कि इस ठंड में हमारी संस्था कई विक्षिप्तों को कंबल वितरण किया है और गुरुवार को भी दो विक्षिप्त के बारे मे लोगों ने फोन करके मुझे बताया इसके बाद मैंने स्थल पर पहुंचकर उसे कंबल वितरित किया।उन्होंने कहा कि संस्था के पास आर्थिक कमी होने के कारण पूर्ण रूप से मदद नहीं कर पा रहा हूं। इस कार्य को लेकर जिलों में भी लोगों द्वारा सराहनीय कार्य बताया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## चोरी के ओरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्ठू पंचायत भवन में विगत 9 जनवरी की रात्रि हुई चोरी की घटना का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है। पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी भेलवाटांड़ निवासी इरशाद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर पंचायत भवन से चोरी हुआ लैपटॉप समेत अन्य सामान भी बरामद कर लिया है।

## मोटर साइकिल की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के एनएच 75 स्थित गुरुचरण गैराज के सामने से काठीटांड निवासी प्रियांशु कुमार की मोटर साइकिल जेएच 01बीए 8422 को अपराधियों ने चोरी कर ली। वह शाम 4 बजे चिकन खरीदने गया था। आधे घंटे बाद गाड़ी को गायब पाकर उसके होश उड़ गये। मामले को लेकर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## डीएवी मांडर में विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**मांडर।** कंदरी स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्लोगन, पेंटिंग, तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ राजेश दत्त ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी के बारे में बच्चों को बिस्तर पूर्वक बताया और उनके मार्ग पर चलने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य आरती सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दो सड़को का किया शिलान्यास

**तमाड़।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत साढे.पांच करोड़ रुपैया की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शुक्रवार को स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। दोनों सड़के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बनाया जायेगा। शिलान्यास स्थल पर विधायक का ग्रामीणों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। विधायक ने सबसे पहले कोकाडीह आरईओ सड़क से रुगड़ी हाई स्कूल तक 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसकी प्रकाल्लित राशि 2 करोड़ 30 लाख रुपैया है।

## पीपीके कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता

**बुंडू।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान पर शुक्रवार को पीपीके कॉलेज परिसर में भाषण एवं रंगीली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम भारत कुमार, द्वितीय स्थान वीणा कुमारी और तृतीय सुनील पुरण को दिया गया। तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रमिला कुमारी, द्वितीया पाखी कुमारी तथा तृतीय स्थान पुष्पा कुमारी को दिया गया। मौके पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ. भूतनाथ प्रमाणिक एवं डॉ विजयलक्ष्मी ने अपने वक्तव्य से छात्रों को सेवा की लक्ष्य एवं कार्यक्रम में उत्साहित किया, डॉ अमरेश कुमार धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

# शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माण संभव : गंगोत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के परिसर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्कूल का आठवां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर, भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो और प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रेन वेल्फेयर एसोसिएसन के चेयरमैन आलोक कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने अतिथियों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर ने कहा कि इस स्कूल में शहरों की तर्ज पर आधुनिक ढंग से शिक्षा दी जा रही है। इससे प्रतीत होता है कि शिक्षा



डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में आयोजित वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

के मामले में ग्रामीण क्षेत्र अब शहरी क्षेत्र में किसी भी तरह से पीछे नहीं रहा। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने का नसीहत दिया। भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि अगर युवा स्वामी विवेकानंद के बताए मार्गों पर चलें तो भारत आज भी विश्वगुरु के पद पर सुशोभित हो सकता है। कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता व शिक्षकों की महती भूमिका है। निदेशक कैलाश कुमार व आलोक दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाना व बच्चों को तरासना तथा संवारना हमारा संकल्प है। वहीं स्कूल में प्री नर्सरी से ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जनमानस को भाव विभोर कर दिया। वहीं समारोह को सफल बनाने में श्रवण कुमार,कौशिक गोस्वामी, आरती, निर्मला, अनीता, पृष्का,सोमी, सोमा सरकार, शैली,मेरी, प्रियंका, नितेश, सविता, श्रवण कुमार, रवि सिंह, संदीप सिंह, सोमा सरकार, हंसिका कुमारी, हेमंत कुमार, अनिल, अनु, अरुणिमा, भारती, संचिता, एंजिलिका ,शिवानी व दिनेश कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचने लगी : सुदर्शन भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

इटकी। प्रखंड के इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को इटकी पूर्वी व पश्चिमी पंचायत का संयुक्त रूप से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी गांव, पंचायत पहुंच कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दे रही है। योजनाओं का लाभ अब सीधे



कार्यक्रम में संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत।

ग्रामीणों तक पहुंचने लगी है। मौके पर सांसद ने उज्जवला योजना के लाभुकों को गैस चूल्हा, केसीसी लोन के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, किसानों के बीच स्प्रे मशीन व महिला समूह को एक लाख अस्सी हजार रुपये का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम को बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, मुखिया रीता देवी, मुखिया निर्मला भेंगरा, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की ने संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, पूर्व राजेश्वर महतो, बीपीओ संजय कुमार, बीएसओ हेमंत एक्का, प्रखंड आवास समन्वयक धीरज लकड़ा, पंचायत सचिव रहीस मालिक, विकास कुमार, रूपचंद कुमार, जेएसएलपीएस सुजाता सोनी, बीटीएम सुमन बारला सहित ग्रामीण मौजूद थे। वहीं प्रखंड के भंडरा गांव के जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सांसद सुदर्शन भगत से मिलकर मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने गांव के सड़क की स्थिति से सांसद को अवगत कराया और जल्द से जल्द इसके निर्माण की मांग किया। इस पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है। पंद्रह दिनों के अंदर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कराने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

## अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के कुवार पतरा निवासी लक्ष्मण उरांव, पिता स्व रमण उरांव के विरुद्ध न्यायालय सदर कोर्ट रांची से परिवाद से उनके विरुद्ध अजमानतीय वारंट जारी किया गया था।

## विवेकानंद जयंती मनी

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में स्वामी विवेकानंद जयंती के रूप में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने वरिष्ठ शिक्षक एवं पर्यवेक्षक कंचन सिंह के साथ संयुक्त रूप से स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कक्षा नवमी की छात्रा सुब्रा कुमारी ने अंग्रेजी में व चंचल कुमारी ने हिंदी में स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला ।

# प्रदर्शनी बच्चों में जिज्ञासा जगाती है : अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** रॉयल प्रोगेसिव स्कूल मोहननगर में विद्यार्थियों के द्वारा बनाये गए आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में 50 मॉडल और 12 स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें चंद्रयान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्रदूषण रोकथाम, पानी बचाव, सहित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किये। इस आयोजन का उद्घाटन केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। इस दौरान केडीएच पीओ ने विज्ञान प्रदर्शनी मेला पर कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित से बच्चों में जिज्ञासा जागती है। साथ ही बच्चों में छुपी प्रतिभा को उभारने का मौका मिलता है। वही विद्यालय के अध्यक्ष नंदलाल चौहान ने कहा आज का युग विज्ञान का युग है और इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों की रुचि उसमें आगे बढ़ने में सहायक साबित होगा। उसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। और बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडल की सराहना की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर कृष्णा चौहान,नसीब चौहान, रमेश चौहान,मनिंदर सिंह, प्रदीप नायक, धीरज सिंह, भैरो बनर्जी, अरुण कुमार चौहान, धनंजय कुमार, कंचन कुमारी, नीतू कुमारी, सुरति, हरप्रीत, अनुप्रित, संजू, श्रद्धा, निधि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इसका उद्घाटन प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह व प्राचार्य दशरथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र के नवनिर्माण में योगदान देने और युवा शक्ति को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस बीच आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बिनीता पहला, प्रिया कुमारी व शिवानी दूसरे और अभिलाषा व संदीप तीसरे स्थान पर रहे। प्रबंधन की ओर से इन्हें पुरस्कृत किया गया। संचालन लक्ष्मी प्रिया ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंड प्रो आनंद भगत ने दिया।

**कार्यक्रम में लिया हिस्सा :** चेयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, प्राचार्य दशरथ महतो, सहायक प्राध्यापक श्री आनंद भगत, शशि कुमारी तिर्की, वासिफ शाह, कन्हैया लाल केशरी, अच्युतानंद मिश्र, सजीत महतो, हरजीत कौर, ऋतु जया करकेट्टा व शालिनी सिन्हा।

**इन्होंने निभायी भूमिका :** कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, शिवराज भगत, सीमा, संगीता, सुलेखा, शांति, आकृति, रिया, साक्षी, आलिया, पल्लवी, सुनीता, ऐश्वर्या, साक्षी, श्रुति श्रेया, सुधा, अतुल, संदीप, अजित, कुंदन व बबलू आदि।

# टुसु की उत्पति कृषि सभ्यता से जुड़ी है



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता व निदेषक।

**ओरमांझी।** आटीसी कालेज ओरमांझी में शुक्रवार के मकर संक्रांति टुसू पर्व व युवा दिवस पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसस रामटहल चौधरी न कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. प्रमेष्वरी प्रसाद ने टुसु पर्व पर प्रकाष डाला और कहा टुसु की मान्याता लक्ष्मी मां के प्रतिक के रूप में है। इसकी उत्पति कृषि सभ्यता से जुड़ी हुई है। यह हमारे अर्थव्यवस्था का भी प्रमुख अधार है। वहीं रामटहल चौधरी ने छात्रों को स्वामी विवेकानंद की बताए मार्ग पर चलने व चरित्र निर्माण को महत्व देने को कहा। बाद में कॉलेज छात्र-छात्राओं ने झुमर नृत्य कर उत्सव मनाया। निदेषक डा. पारसनाथ महतो, प्राचार्य डा. भीम महतो, पसस शषि मिश्रा, डा. सुमन कुमारी, नीतु कुमारी, मीनु कुमारी आदि उपस्थित थें।

# ग्रामीणों ने मुख्यालय में किया प्रदर्शन

## अबुआ आवास योजना के चयन में गड़बडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** अबुआ आवास योजना में लाभुकों की भौतिक सत्यापन जमकर गड़बड़ी की गई। गरीब व जरूरत मंदो का नाम हटाकर जिसे प्रधानमंत्री आवास मिला है उसे भी अबुआ आवास के लिए चयनित कर दिया गया। जिसे लेकर शुक्रवार को सुदूरवर्ती पंचायत चंदरा से प्रखड मुख्यालय पहुचें ग्रामीणो द्वारा विरोध प्रदर्षन किया गया। ग्रामीण ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में



मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

गांव के गरीब व जरूरत मंदो द्वारा अबुआ आवास योजना का आवेदन जमा किया गया था। जनसेवक पर वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर लाभुकों का चयन में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ से जांच कर कार्रवायी की मांग की गई है। प्रदर्षन करने वालों में मनोज सिंह, अखलेष उरांव, आरीफ असारी, आषीक अंसारी, सिकंदर अंसारी, महताब आलम, इरषाद अंसारी, हबीजुल अंसारी, खलिल अंसारी, सुनील कुजूर, प्रतिमा देवी, जीतेंद्र महतो, सुरेष मुंडा सहित कई ग्रामीण शामिल थें।

# छात्रों के लिए स्टूडेंट एक्सप्रेस की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** छात्र-छात्राओं के लिये निशुल्क बस सेवा स्टूडेंट्स एक्सप्रेस का विधिवत उद्घाटन विधायक सुदेश महतो ने किया।राहे प्रखंड के गोमदा चौक में आयोजित उद्घाटन समारोह में विधायक सुदेश महतो ने कहा कि पढ़ेगा सिल्ली,बढेगा सिल्ली के लक्ष्य को लेकर गांव के गरीब बच्चे जो उच्च शिक्षा लेने की तमन्ना रखते है उनके लिये निशुल्क बस सेवा शुरू किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट रांची शहर में स्थित कॉलेजों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आसानी से अब जा सकते



बस को रवाना करते विधायक

हैं। इस निशुल्क बस सेवा का लाभ किसी भी वर्ग के बच्चे ले सकेंगे ।सेवा का लाभ लेने के लिए बच्चों को एक आईडी कार्ड दिया गया है। राहे प्रखंड के बच्चे इसका लाभ ले सकेंगे। प्रखंड से एक बस चलेंगी जो इचाहातू, बी नावाडीह, बुरुडीह, कोटाँगदाग ,डोमनडीह, गोमदा चौक,सुभाष चौक राहे, नावागांव चौक, कटियाडीह, चंदनडीह चौक होते हुये निर्धारित समय पर बुंडू ओर रांची जायेगी।सीएनजी बस में जीपीएस सिस्टम, वाईफाई, सीसीटीवी, एलसीडी लगा है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक सीट पर हेल्प बटन लगाये गये है। छात्राओं की सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षाकर्मी की मौजूदगी होगी। आर्थिक रूप से कमजोर स्टूडेंट जिनकी उच्च शिक्षा में आर्थिक स्थिति अड़चन बनती थी ,अब ऐसी समस्या उसके उच्च शिक्षा में बाधा नहीं बन पाएगी। स्टूडेंट्स एक्सप्रेस गरीब बच्चों के लिये वरदान साबित होगा। उसके अलावे छात्र छात्राओं के लिये निशुल्क कोचिंग,स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था दिया जा रहा है।शिक्षा की नई क्रांति की शुरूआत किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच बस पास का वितरण किया गया।इसके पहले ही सोनाहातू प्रखंड से एक बस छात्रों को सेवा दे रहा है। युवा दिवस के अवसर पर आज से ओर एक बस चलेगी,अब सोनाहातू से दो बस चलेगी ओर राहे से एक बस चलेगी। मौके प, प्रभारी संजय सिद्धार्थ सुनील सिंह, बहादुर महतो, म्युक भूषण महतो,सुधीर यादव, दीपक हरिजन, जगन्नाथ मुखर्जी , प्रमोद सिंह,मनोरंजन भोक्ता,हलधर पांडे,सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## परिजन घर से ही बस में मौजूद बच्चों पर रख सकेंगे नजर

स्टूडेंट एक्सप्रेस बस में जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगे है जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से कनेक्ट है, इसके जरिए परिजन अपने-अपने बच्चों पर नजर रख सकेंगे इस सुविधा से परिजन अपने बच्चों को लेकर चिंता मुक्त रहेंगे कि उनके बच्चे किस स्थिति में हैं। साथ ही बच्चों को बस में चढ़ने के लिये हर बार कार्ड पंच करना होगा इससे पता चलेगा कि बच्चा कितना बार बस से उतरा और चढ़ा है।

## एक नजर में

### फांसी के फंदे से लटका युवक का शव बरामद

**मांडर।** मांडर- बुढ़मू के सीमांकन भुर नदी के निकट शुक्रवार की सुबह एक पेड़ से फांसी के फंदे में झूलता एक युवक का शव मांडर पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान छत्तीसगढ़ के ग्राम सिंघनपुर निवासी बीस वर्षीय मजदूर देवनारायण उर्फ अजय निषाद के रूप में की गयी है, जो नदी के निकट ही संचालित एक ईंट भट्ठा में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पिछले एक माह से अपने पिता अनिल कुमार निषाद के साथ ईंट भट्ठा में ईंट पाथने का काम कर रहा था। वह बीती रात को अपने परिजनों के साथ ही खाना खाकर बाहर निकला गया और देर रात तक वापस नहीं लौटा । शुक्रवार की सुबह लोगों ने देखा कि भट्ठा से कुछ दूरी पर एक पेड़ में गले मे गमछा का फंदा लगा उसका शव लटका हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर मांडर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ 12 से

**मांडर।** श्री महावीर मंडल मुड़मा के अध्यक्ष मनोहर साहू ने शुक्रवार को प्रेस को बताया कि पांच दिवसीय हनुमत, शिव देवी प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ कार्यक्रम की शुरूआत 12 फरवरी से होगी। इस कार्य के निर्माण सहयोग समिति बनाया गया है। इसके लिए चंदे की शुरूआत समिति द्वारा की गई है। और उन्होंने बताया कि गांव स्थित चार मंदिरों की प्रतिमाओं को जब असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया तभी, प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इन मंदिरों की प्रतिमाओं और प्राण प्रतिष्ठा का सारा खर्च प्रशासन वहन करेगी। कई बार की वार्ता के बाद भी जब प्रशासन ने कोई पहल नहीं की तब ग्रामीणों ने स्वयं एक समिति बनाई और इस कार्यक्रम को अंजाम देने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के अनुसार अभी गांव में पूजा करने के लिए कोई एक भी जगह नहीं बची है। ऐसे में ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने क्षेत्र के लोगों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी में शुक्रवार को विज्ञान,कला व फेट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक की भूमिका में नजर आए।इस में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर दसवीं तक के 400 बच्चों ने भाग लिया।प्रदर्शनी में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा छठी तक के बच्चों ने कला और कक्षा सातवीं से कक्षा 10 वीं तक के बच्चों ने विज्ञान का एक से बढ़कर एक मनमोहक माडल प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राजेंद्र शाही मुंडा,स्कूल की प्राचार्य नेहा गुप्ता व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्कूलों का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।इस तरह की प्रदर्शनी के आयोजन से बच्चों बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।कहा कि बच्चे सिर्फ किताबी शिक्षा तक सीमित न रहें।बल्कि,हर क्षेत्र में अपना परचम लहराएं। कल यही बच्चे अपने स्कूल,राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे।स्कूल की प्राचार्य नेहा गुप्ता ने कहा कि आज विज्ञान का युग है।

### राहे के दोकाद में मनाया गया युवा दिवस



विवेकानंद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते विधायक

**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत के कोकरो नदी किनारे काटाबेड़ा मैदान में गूंज परिवार के द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ किया गया।समारोह का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर गुब्बारा उड़कर किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि विवेकानंद जी भारत के वैभव को विश्व स्तर में स्थापित करने का काम किया था ।ढांचा और सांचा का स्वरूप विश्व को दिया था। इन्होंने युवावस्था में जीवन का उद्देश्य का बोध कराया था, जो जीवन को सार्थक बनता है ।इन्होंने मन और चिंतन को बड़ा करने का प्रेरणा दिया था।युवाओं के लिये विवेकानंद आदर्श है और रहेंगे। इस दौरान खेलो सिल्ली के तहत फुटबॉल,कबड्डी,दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंचायत के सभी टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया गया।

### विद्यार्थी परिषद का परिसर चलो अभियान की मांडर महाविद्यालय मांडर से हुई शुरुआत

**मांडर।** मांडर महाविद्यालय सभागार में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची ग्रामीण जिला के मांडर इकाई के द्वारा परिसर चलो अभियान के निमित्त छात्र सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद के और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। प्राचार्य फैयाज अहमद ने छात्रों को युवा दिवस की शुभकामना देते हुए परिसर चलो अभियान की सराहना की सभी वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को नई शिक्षा नीति को अपनाकर परिसर चलो अभियान को सार्थक करना है। महाविद्यालय में युवा दिवस के अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया।

### विवेकानंद ने भारत की अध्यात्मिक पहचान दिलाई है



अतिथियों के साथ उपस्थित कॉलेज की छात्र-छात्राएं।

**ओरमांझी।** स्वामी विवेकानंद जयंती को लेकर शुक्रवार को उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में एक कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को विवेकानंद की गौरव गाथा (जीवनी) की जानकारी दी गई। कॉलेज के निदेशक राजेश कंडरवार, सचिव संतोष महतो, प्राचार्य डा. चन्दन कुमार पंकज व उप-प्राचार्य दयामनी कुमारी द्वारा के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। निदेषक ने कहा स्वामी विवेकानंद युवाओं में शिक्षा की शक्ति के प्रति विष्वास भरना के साथ चरित्र निर्माण की दिषा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। अपने संबोधन में भी विवेकानंद भारत व विष्व में वसुधैव कुटुम्बबकम्‍ पर जोर दिया करते थें। संतोष महतो ने कहा मूल्य आधारित शिक्षा व भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान दिलाने में स्वामी विवेकानंद की महत्वपूर्ण भुमिका निभाई है। कार्यक्रम में निदेशक राजेश कुमार कंडरवार, संतोष महतो के साथ विभागाध्यक्ष स्वाती अंजना टोप्पो, ब्रिजिता कुमारी, अलका कुमारी, निर्मला कुमारी, जन्मजय महतो, संदीप महतो, रेहान फजल, मेघा महली व प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में मना युवा दिवस

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर देश के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। वहीं विद्यालय के बच्चों ने भी बारी-बारी से स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

## रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर।** वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 81 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर का उद्घाटन आइएसडब्ल्यूपी के प्रबंधन निदेशक अभिजीत अविनाश नानवटी और यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय जी संयुक्त रूप से किये। मौके पर प्रबंधन के कई अधिकारी और यूनियन के तरफ से यूनियन के महामंत्री पंकज कुमार सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट श्रीकांत सिंह, उपाध्यक्ष दानी शंकर तिवारी, संयुक्त महामंत्री मनजीत सिंह, सहसचिव अन्वर हुसैन, मनजीत सिंह , कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह,कमेटी मेंबर सतीश, चंदन, भास्कर राय, अर्जुन ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 14 जनवरी को यूनियन अध्यक्ष श्री पांडेय जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष जन्म दिन के पूर्व रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाता है।

## कार्यशाला का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा प्रखंड स्थित सभागार में पंचायती राज प्रतिनिायों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण व क्षमता र्वान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कोडरमा जिला को बाल मजदूरी एवं बाल विवाह से मुक्त बनाने को लेकर पंचायती राज प्रतिनिायों की भूमिका और आकिार पर विचार मंथन करते हुए उनसे आवश्यक सुझाव भी लिए गए।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने शुक्रवार को मसमानो मोड में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर मसमानो मोड़ भंडरा के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान

# पशुओं से लदा ट्रेलर पुल से गिरा, 40 से अधिक की मौत

### पशुओं को तस्करी के लिए भेजा जा रहा था बाहर

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल के पास गंजई पुल पर गोवंशीय पशुओं से खचाखच भरे ट्रेलर के पलट जाने से उसमें लदे 40 पशुओं की मौत हो गई। जबकि कई पशु जख्मी हो गये। पशुओं को टेलर में लादकर गुमला होते हुए बाहर तस्करी के लिए भोजा जा रहा था। ट्रेलर में सौ से अधिक पशु थे। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी पालकोट अनिल लिंडा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेलर के नीचे दबे गोवंशीय पशुओं को निकालने का काम किया। घटना की सूचना पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए हैं। जिसमें बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद व भाजपा के कार्यकर्ता भी भारी संख्या में पहुंचे थे। घटनास्थल पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस के आंखों में धूल झोंकर तस्कर पशुओं की आसानी से तस्करी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ट्रेलर में एक के ऊपर एक दो ट्रेलर बनाया गया था और दोनों में खचाखच पशु भरे हुए थे। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि पशुओ को कहां से लाया जा रहा था और कहां भोजने की योजना थी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। वहीं ट्रेलर के पलटने से चालक को भी गंभीर चोट पहुंची है। जिससे उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है।



घटनास्थल पर कागजी प्रक्रिया पूरा करते थाना प्रभारी।

# गढ़वा में भी अयोध्या जैसा उत्साह

**गढ़वा।** लगभग 500 वर्षों बाद भगवान राम 22 जनवरी को अपने घर में वापस आयेंगे। इसे लेकर अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गढ़वा के सनातनी उत्साहित हैं। इस ऐतिहासिक पल को गढ़वा में उतारने के लिए सनातनियों ने संकल्प लिया है। उस दिन गढ़वा जिला मुख्यालय को अधोध्या नगरी जैसे सजाने, सभी मंदिरों में धार्मिक आयोजन करने, मुहल्लों एवं गलियों को ध्वज से सजाने, मंदिरों में एलईडी टीवी एवं पर्दा लगाकर बड़े स्क्रीन पर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का गढ़वा में लाईव दिखाने एवं भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय मां गढ़देवी मंदिर में आयोजित सनातनियों की बैठक में ली गई। निर्णय के अनुसार 16 जनवरी को शहर के सभी मुहल्लों में प्रभात फेरी निकालकर 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी हिंदू परिवारों को दी जाएगी। 22 जनवरी से सुबह से मंदिरों में अखंड कीर्तन, हवन, भजन आदि का आयोजन किया जाएगा। दिन के एक बजे तक अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। एक बजे दोपहर में मां गढ़देवी मंदिर से भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शहर से प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा तीन बजे दोपहर में श्री रामलला मंदिर पहुंचेगी। शोभा यात्रा के समापन के बाद खुशियां मनायी जाएगी वहीं शाम में गढ़वा के प्रत्येक घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। खुशियां जाहिर करते हुए पटाखे फोड़े जाएंगे एवं भगवान का जयकारा किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे युवा समाजसेवी चंदन जायसवाल ने कहा कि बैठक में लिये गये सारे निर्णय का पालन किया जाएगा। इसके लिए एक पांच सदस्यीय कमिटी बनायी गई है। 22 जनवरी को कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राम भक्तों के बीच जिम्मेवारियों का वितरण किया गया है। यह कार्यक्रम हिंदू समाज के अस्मिता से जुड़ा हुआ है। भगवान राम हमारे पूर्वज एवं आदर्श हैं। मर्यादा का पालन करने की सीख भी भगवान राम से मिलती है। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, जगजीवन बघेल, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद, पुजारी राजन पांडेय, विजय केशरी, कमलेश गुप्ता, विनोद जायसवाल, दीपक तिवारी, उमेश सहाय, रवींद्र जायसवाल, नीतेश कुमार गुड्डू, कूटू मालाकार, सरदार रणजीत सिंह, सुनील पासवान, मुन्ना चन्द्रवंशी, सुनील केशरी, प्रकाश पटवा, सुभाष केशरी, अवोश कुशवाहा, क्षितिज जायसवाल, राजेश विस्वकर्मा, अशोक मोशिया, मीना गुप्ता, उषा देवी, आशीष वैद्य, उमेश कश्यप, गौरी शंकर विन्द, सुनील केशरी, मुकेश जायसवाल, भरदुल पासवान, अजीत कमलापुरी, सुरेश अग्रवाल, दीना पासी, हेमंत सोनी, संजय सागर, सुदर्शन मेहता, दुर्गा रंजन, गौतम शर्मा, उदित पाल आदि लोग उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन और गोविंद हाई स्कूल फाइनल में

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोविन्द हाई स्कूल ने स्कूल ब्राइट फ्यूचर को 24 रन से हराकर वही ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने बीपीडीएवी को सात विकेट से बालिका वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने आरके पब्लिक स्कूल को 53 रनो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरन के 45 और सुहानी के नाबाद 33 रनो के सहारे दो विकेट खोकर 110 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल ने साक्षी के 16 रन के सहारे निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 47 रनो पर ही सिमट गई। सीनियर वर्ग में गोबिंद हाई स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आकाश के 45 और गोलू के 26 रनो के सहयोग से छह विकेट खोकर 146 रन बनाए।

स्कूल ब्राइट फ्यूचर की और से प्रतीक ने तीन विकेट हासिल किया। जवाबी पारी खेलने उतरी स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन ही बना सकी। गोविंद हाई स्कूल की और से गोलू ने तीन विकेट प्राप्त किया। दूसरे सेमी फाइनल मैच में बीपीडीएवी ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 72 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन ने नंदन के 28 रन के सहारे तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन के सिमरन, आलोक, गोबिंद हाई स्कूल के गोलू को मिला।

# दही-चूड़ा सह मिलन समारोह का आयोजन



**कोडरमा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव द्वारा दही चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन ध्वजाधारी आश्रम के प्रांगण में रखा गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के सुअवसर पर ध्वजाधारी आश्रम में 11 बजे पूर्वाह्न सभी सम्मानित लोग अपने मित्रजनों को सपरिवार आग्रह पूर्वक आमंत्रित करती हूं। ज्ञात हो कि यह परंपरा कोडरमा में डॉ. नीरा यादव के द्वारा ही शुरू किया गया था, जो कि आज यह परंपरा नेताओं में एक चलन के रुप में सुर्खियां बटोर रहा है। वहीं डॉ. नीरा यादव हर वर्ष की भांती 14 जनवरी को मकर संक्रांति ध्वजाधारी धाम में ही मनाती आ रही हैं, जिसमें जिले एवं जिले से बाहर के नामी गिरामी नेताओं अधिकारियों का आना होता है और हजारों की संख्या में और हर धर्म के लोग इनके कार्यक्रम में पहुंचते हैं। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में भक्ति रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनन्द उठाते हैं।

## बिरसा किसान रथ को दिखायी हरी झंडी

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने पर बिरसा किसान जागरूकता रथ को शुक्रवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रखण्डों के लिए रवाना किया गया। इस जागरुकता रथ के जरिये आत्मा अंतर्गत किसानों के लिए चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा, स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकीकरण, किसान डेबिट कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि की जानकारी उपलब्ध कराया जाना है। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह-निदेशक आत्मा शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ श्रीकांत, सभी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सभी सहायक तकनीकी प्रबंधक व जिला कृषि कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह आयोजित

**कोडरमा।** चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। वहीं क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगोष्ठी के साथ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश राय विद्यालय के प्राचार्य सह सहोदया कॉम्प्लेक्स के सचिव समरेंद्र साहू, क्लोरोफिल के निदेशक अजय अग्रवाल, विद्यालय के निदेशक ओपी राय उपस्थित रहे। समारोह में बच्चों को स्वामी की विचारों से अवगत कराया गया।

# तू किसी रेल सी गुजरती है... मैं किसी पुल सा थरथराता हूं



### जमशेदपुर में विंटर कार्निवल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** तीन दिवसीय जमशेदपुर विंटर कार्निवल 2024 आज से विधिवत शुरू हो गया ञ गोपाल मैदान में चल रहे कार्निवल के पहले दिन भारत के मशहूर इंडियन ओशियन बैंड ने अपनी प्रस्तुति दी। बैंड के मुख्य गायक राहुल राम ने अपनी प्रस्तुति मसान फिल्म में गाये दुष्यंत कुमार लिखित गीत ...तू किसी रेल सी गुजरती है,... मैं किसी पुल सा थरथराता हूं गाकर किया तो पूरा गोपाल मैदान झूम उठा।

इसके बाद उन्होंने कबीर द्वारा 500 वर्ष पूर्व लिखे गए गीत... झीनी रे झीनी रे चदरिया ...को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। बैंड के नये अलबम तू ही रे... के गीतों को भी श्रोताओं को सुनने का मौका मिला। इस बैंड के सदस्य हैं : राहुल राम, हिमांशु जोशी, निखिल राव, तुहिन चक्रवर्ती और अमित किलम।

कार्निवाल में टाटा स्टील और टाटा स्टील यूसीएल की ओर से जमशेदपुर वासियों के स्वागत के लिए बेहद उम्दा प्रबंध किया गया ह। यहां खाने -पीने के स्टॉल के अलावा खरीदारी के लिए हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई ह। इस प्रदर्शनी में सबसे आकर्षक का केंद्र है घाघीडीह सेंट्रल जेल के कैदियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का स्टाल। यहां आप पाव रोटी से लेकर चादर ,तौलिया, कुर्ता पजामा आदि खरीद सकते हैं। ये सभी उत्पाद जेल के हैंडलूम में कैदियों द्वारा बूने गए हैं। इसके अलावा युवाओं और बच्चों का सबसे आकर्षक का केंद्र भारतीय सेना द्वारा लगाई गई हथियारों की प्रदर्शनी है । इस प्रदर्शनी में भारतीय सेवा का प्रमुख तोफ बेफोर्स गन विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है जो 40 किलोमीटर तक के रेंज में दुश्मनों पर कहरा बरपाता है। इसके अलावा कई अन्य आधुनिक छोटे हथियार भी भारतीय सेना ने प्रदर्शित किए हैं और हर स्टॉल पर सेवा के अधिकारी तैनात है जो युवाओं और बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत कर रहे हैं। विंटर कार्निवाल के उद्घाटन की घोषणा टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर कार्निवल शहर वासियों का एक महत्वपूर्ण एनुअल इवेंट है और इन तीन दिनों में कंपनी को पूरा भरोसा है कि जमशेदपुरवासी काफी आनंद के क्षण अपने परिवार के साथ गोपाल मैदान जाकर बिताएंगे। चाणक्य चौधरी ने कहा कि जमशेदपुर में कम्युनिटी कनेक्ट के तहत नवंबर माह से लेकर फरवरी माह तक विभिन्न आयोजनों की श्रृंखला फ्लावर शो से लेकर डॉग शो विंटर कार्निवल से लेकर पुराने कारों की प्रदर्शनी तक शामिल हैं।

## नाबालिग को भगा ले जाने के दोषी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

**कोडरमा।** जयनगर थाना कांड संख्या 139/2021, एसटी 140/2021 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी 24 वर्षीय सनी कुमार दास पिता धनेश्वर दास कोसमाडीह जयनगर निवासी को नाबालिक को भगा ले जाने के मामले में 363ए के तहत दोषी पाते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही बीस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, खूँटी।
(जनसम्पर्क शाखा)

पत्रांक 21 /जि0सू0 खूँटी दिनांक 11.01.2024

कलादलों के जिला स्तरीय चयन एवं ग्रेडिंग हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण सूचना

सरकार की नीतियों और योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा महत्वपूर्ण सामाजिक और नागरिक मुद्दों पर जन जागरण कराने एवं समेकित रूप से फीडबैक प्राप्त करने के लिए जिला स्तरीय सांस्कृतिक दल/नुक्कड़ नाटक दलों का चयन किया जाना है। इच्छुक संस्थान/कलादल चयन एवं ग्रेडिंग हेतु दिनांक 02/02/2024 तक अपना-अपना आवेदन स्वयं अथवा नामित प्रतिनिधि/ स्पीडपोस्ट के माध्यम से जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, खूँटी के नाम से जिला जनसम्पर्क कार्यालय (सूचना भवन) में 01:00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।

प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के उपरान्त जिला स्तर पर गठित चयन समिति के द्वारा कला-दलों का चयन कर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। प्रदर्शन की गुणवत्ता के अनुरूप कलादल को A, B, C, ग्रेडिंग में वर्गीकृत किया जायेगा। ग्रेडिंग हेतु स्क्रीनिंग की तिथि का निर्धारण बाद में किया जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति की सूचना की विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, खूँटी।

PR 315837 (District) 23-24 (D)

## एसपी ने किया नवलशाही थाने का निरीक्षण

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा शुक्रवार को नवलशाही थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित सभी अभिलेखों की जांच की गई एवं लंबित कांडों, वारंट, इश्तेहार, कुर्की आदि के त्वरित निष्पादन हेतु थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई- निविदा आमंत्रण सूचना
ई-निविदा सं0 :- RE-RDD/SD/HZB/29/2023-24 (2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/29/04/2023-24 | बड़कागांव | हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखण्ड के गोंदलपुरा पंचायत मे धोर धोरवा नदी पर पुल निर्माण कार्य। | 27175000.00 | 543500.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 16.01.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक 16.01.2024 से दिनांक 25.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय -27.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 315910 (Rural Development)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
email-eedwsd.gumla@gmail.com

आम आदमी (General Public) के लिए जल जाँच प्रयोगाला सूचना

| क्र0 सं0 | विशेषता | व्यक्तिगत लागत (रूपये में) | पैकेज लागत (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | गंध (Odor) | 1 | 50 |
| 2 | रंग (Colour) | 1 | |
| 3 | पीएच (PH Value) | 1 | |
| 4 | पूर्णतः घुले हुए ठोस पदार्थ (TDS-Total Dissolved Solids) | 1 | |
| 5 | गंदगी (Turbidity) | 5 | |
| 6 | पूर्ण क्षारीयता (Total Alkalinity) | 20 | |
| 7 | पूर्ण खारापन (Total Hardness) | 20 | |
| 8 | अवशिष्ट क्लोरीन(Residual Chorine) | 1 | |
| 9 | क्लोराइड (Cloride) | 50 | 50 |
| 10 | सल्फेट(Sulphate) | 50 | 50 |
| 11 | आयरन(Iron) | 50 | 50 |
| 12 | पूर्ण आर्सेनिक(Total Arsenic) | 100 | 100 |
| 13 | फ्लोराईड(Flouride) | 50 | 50 |
| 14 | नाइट्रेट(Nitrate) | 50 | 50 |
| 15 | पूर्ण कोलिफार्म बैक्टीरिया(Total Coliform) | 100 | 100 |
| 16 | ई कोली या थर्मोटोलरेंट कोलिफार्म बैक्टीरिया(Ecoli or thermotolerant coliform baeteria) | 100 | 100 |

जिला जल जाँच में जाकर अपने जल गुणवत्ता का जाँच आज ही करवाएं अधिक जानकारी हेतु संबंधित लैब से Quality Manager मोबाईल न0-7979748058 से संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक :- पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR 315869 (Drinking Water and Sanitation) 23-254 (D)

कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची

॥ आम सूचना ॥

पत्रांक.................. रॉंची/दिनांक-..................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि आपके द्वारा अपने परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराया गया है कि सूची निम्नवत है-

1. स्कूल बस परमिट की सूची :-

| S.NO | VEHICLE NO | NAME | PERMIT NO | VALIDITY |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01CS-2848 | SYMBOSIS INSTITUTE OF SOCIAL | 01/2018 | 01.01.2023 |
| 2 | JH01CE-0269 | MRS. REKHA KUMARI (RTC INSTITUTE OF TECHNOLOGY) | 07/2018 | 29.01.2023 |
| 3 | JH01AU-9527 | SATISH KUMAR SINHA(BHARTI COLLEGE OF EDUCATION MANDAR) | 08/2018 | 12.02.2023 |
| 4 | JH01AM-6935 | VARSHA SARIKA MINJ (DAV PUBLIC SCHOOL KANKE) | 12/2018 | 06.02.2023 |
| 5 | JH01AT-3172 | VARSHA SARIKA MINJ (DAV PUBLIC SCHOOL KANKE) | 13/2018 | 06.02.2023 |
| 6 | | | | |
| 7 | JH01AP-1783 | INST OF CHRISTIAN DOCTRINE FATH SOCIETY | 15/2018 | 19.02.2023 |
| 8 | JH01AG-0940 | LITTLE FLOWER PREP ARATORY SCHOOL | 16/2018 | 22.02.2023 |
| 9 | JH01AZ-1899 | NIRUPA TOPPO ( DAV AMRIT PUBLIC SCHOOL) | 17/2018 | 09.03.2023 |
| 10 | JH01AF-8502 | M/S AYUSH EDUCATION SERVICE | 18/2018 | 09.03.2023 |
| 11 | JH01BQ-5368 | M/S AYUSH EDUCATION SERVICE | 19/2018 | 09.03.2023 |
| 12 | JH01CA-0746 | ST. JOHN HIGH SCHOOL | 23/2018 | 09.03.2023 |
| 13 | JH01AV-7389 | ST .FRANCIS SCHOOL | 29/2018 | 23.03.2023 |
| 14 | JH01CP-3187 | TRUST MOTIRAJ DEVI(CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL) | 32/2018 | 27.03.2023 |
| 15 | JH01CA-1734 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 36/2018 | 27.03.2023 |
| 16 | JH01BH-7234 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 37/2018 | 14.03.2023 |
| 17 | JH01BY-1193 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 38/2018 | 14.03.2023 |
| 18 | JH01AN-5321 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 39/2018 | 14.03.2023 |
| 19 | JH01CV-8312 | DEVENDRA PAL VIJ (BISHOP WESTCOTT NAMKUM) | 40/2018 | 03.04.2023 |
| 20 | JH01AZ-0940 | LITTLE FLOWER SCHOOL | 42/2018 | 03.04.2023 |
| 21 | JH01AM-4889 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 47/2018 | 18.04.2023 |
| 22 | JH01CP-9316 | NAWAL KISHOR3E PRASAD MEMORIAL TRUST | 53/2018 | 10.05.2023 |
| 23 | JH01AF-3258 | GREEN LAND PUBLIC SCHOOL | 54/2018 | 19.05.2023 |
| 24 | JH01AF-3259 | GREEN LAND PUBLIC SCHOOL | 55/2018 | 19.05.2023 |
| 25 | JH01AY-7662 | JAY SINGH YADAV( DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL ) | 64/2018 | 07.06.2023 |
| 26 | JH01AY-7661 | JAY SINGH YADAV( DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL ) | 65/2018 | 07.06.2023 |
| 27 | JH01AY-7663 | JAY SINGH YADAV( DAV PUBLIC SCHOOL HEHAL ) | 66/2018 | 07.06.2023 |
| 28 | JH01BT-7979 | HILL VIEW NURSING SCHOOL | 69/2018 | 12.06.2023 |
| 29 | JH01AU-6543 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 72/2018 | 12.06.2023 |
| 30 | JH01BB-9296 | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | 73/2018 | 12.06.2023 |
| 31 | JH01CV-6143 | MRS.SHAILBALA LAKRA(LORETO CONVENT SCHOOL) | 74/18 | 20.06.2023 |
| 32 | JH01CV-2736 | MRS.SHAILBALA LAKRA(LORETO CONVENT SCHOOL) | 75/18 | 20.06.2023 |
| 33 | JH01CY-8578 | MRS.MITALI YADAV ( DAV PUBLIC SCHOOL PUNDAG) | 76/18 | 20.06.2023 |
| 34 | JH01BR-9837 | TENDER HURT SCHOOL TUPUDANA | 77/18 | 20.06.2023 |
| 35 | JH01CB-0282 | JUDITH ANNE BEALE (ST ANTHONYS HIGHER SECONDARY SCHOOL ) | 107/18 | 16.07.2023 |
| 36 | JH01CU4883 | PARUL BALA DEVI ( HOLY CHILD SCHOOL) | 119/18 | 27.07.2023 |
| 37 | JH01AJ-6657 | SETHI TRANSPORT (DAV NANDRAJ ) | 121/18 | 22.08.2023 |
| 38 | JH01AJ-6658 | SETHI TRANSPORT (DAV NANDRAJ ) | 122/18 | 31.08.2023 |
| 39 | JH01AJ-6656 | SETHI TRANSPORT (DAV NANDRAJ ) | 123/18 | 31.08.2023 |
| 40 | JH01AN-5166 | JAIN TRAVELS( JAWAHAR VIDYA MANDIR) | 134/18 | 31.08.2023 |
| 41 | JH01CZ-4848 | BHOLA NATH RAI( ST MARYS (N) SCHOOL | 137/18 | 20.08.2023 |
| 42 | JH01BA-0480 | ASHISH TRAVELS (SURENDRA NATH CENTENARY SCHOOL) | 144/18 | 18.09.2023 |
| 43 | JH01AA-7526 | M/S AYUSH EDUCATIONAL SPVT LTD | 148/2018 | 27.09.2023 |
| 44 | JH01AS-5672 | MAHARSHI NIKHILESH SEVA SANSTHA | 150/2018 | 25.09.2023 |
| 45 | JH01AD-1951 | MRS.ANITA KUJUR(OXBRIDGE SCHOOL MANDAR) | 151/2018 | 25.09.2023 |
| 46 | JH01BT-3197 | MR.DEVENDRA PRASAD SINHA(DPS SCHOOL) | 160/2018 | 04.10.2023 |
| 47 | JH01BD-4779 | MR.SURENDRA NATH MAHTO(DEEP SHIKHA SCHOOL BUNDU) | 165/2018 | 23.10.2023 |
| 48 | JH01BD-4894 | MR UJJWAL KUMAR (DAV PUBLIC SCHOOL) | 180/2018 | 13.12.2023 |
| 49 | JH01BD-6068 | MRS.NEHA AGRAWAL(DAV PUBLIC SCHOOL) | 181/2018 | 13.12.2023 |
| 50 | JH01BD-6474 | MR KUMAR NISHANT AGRAWAL(DAV PUBLIC SCHOOL) | 182/2018 | 13.12.2023 |
| 51 | JH01BA-9116 | MR.AMIT KUMAR MEHTA (ST FRANCIS SCHOOL BANHORA) | 185/2018 | 26.12.2023 |
| 52 | JH01CK-5842 | JHARKHAND PUBLIC SCHOOL DAKRA | 186/2018 | 30.12.2023 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटनवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव
द0छो0प्रा0परि0 प्राधिकार, रांची

PR 315885 Transport (23-24)_D

## रणजी मुकाबला खेलने उतरे अय्यर, रहाणे गोल्डन डक पर हुए आउट

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुंबई के लिए इस रणजी सीजन का पहला मैच आंध्र प्रदेश के खिलाफ खेलने उतरे। ऐसे में वह चाहते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले वह रिदम में आएं और फॉर्म हासिल कर लें। हालांकि आंध्रा के खिलाफ पहली पारी में वह ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं कर पाए तो वहीं मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी इस मैच में गोल्डन डक पर आउट हो गए। मुंबई और आंध्रा के बीच खेले जा रहे मैच में आंध्रा के कप्तान रिकी भुई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इस मैच में मुंबई की शुरूआत अच्छी रही और पहले विकेट के लिए जय गोकुल और भुपेन लालवानी के बीच पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई और फिर जय 39 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कप्तान रहाणे अपना खाता भी नहीं खोल पाए और गोल्डन डक पर आउट हो गए। इस मैच की पहली पारी में भुपेन ने 61 रन की अच्छी इनिंग खेली जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सुवेद पार्कर ने 41 रन का योगदान टीम के लिए दिया। श्रेयस अय्यर को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और उन्होंने तेज गति से बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 48 रन बनाए। वह इस मैच में अपने अर्धशतक से सिर्फ 2 रन से चूक गए।

# पेरिस ओलंपिक 2024 में जगह बनाने की लड़ाई आज से शुरू, भारतीय महिला हॉकी टीम तैयार







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने की लड़ाई शनिवार से शुरू होगी, एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 शनिवार को झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ पर शुरू होगा। मैदान में आठ टीमों में पूल ए में दुनिया की नंबर 5 जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं, जबकि मेजबान भारत को न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है। टूनार्मेंट में केवल शीर्ष 3 टीमें ही क्वालीफिकेशन में जगह बनाएंगी। लगातार तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने की कोशिश में सविता की अगुवाई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी संभावनाओं को लेकर आशावादी है। आत्मविश्वास से भरपूर भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हम टूनामेंट के लिए तैयार हैं। पूरी टीम समझती है कि यह पेरिस ओलंपिक के सपने की ओर पहला कदम है। हमने एक व्यक्ति और एक टीम के रूप में खुद पर काम किया है। हमारा ध्यान अपनी ताकत पर होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत शनिवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ मैच से करेगी। भारतीय टीम ने 2019 ओलंपिक क्वालीफायर में अमेरिका को हराया था और इस बार भी वह उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। सविता ने कहा, जब हम अमेरिका से भिड़ेंगे तो दबाव होगा। इसमें कोई शक नहीं, वे एक अच्छी टीम हैं। लेकिन जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, हर मैच और हर टूनामेंट में दबाव होता है, यह कोई अलग बात नहीं है। हमने मानसिक रूप से खुद पर काम किया है और मैच में कठिन परिस्थितियों से कैसे पार पाया जाए, इस पर काम किया है। ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के दबाव के बारे में मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, ओलंपिक सबसे बड़ा टूनामेंट है, इसलिए निश्चित रूप से दबाव होगा। यहां हर टीम ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना चाहती है और टीम अपनी चुनौतियों से वाकिफ है। लेकिन जैसा कि सविता ने कहा, टीम अच्छी तरह से तैयार है और रांची में खेलना फायदेमंद है। हमने देखा कि जब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी यहां आयोजित हुई थी तो दर्शकों ने टीम का कितना समर्थन किया था, मेरा मानना है कि इस बार भी उनका समर्थन मायने रखेगा। हमारी टीम अपनी क्षमता के अनुरूप खेलती है, मुझे पता है कि हमारे पास क्वालीफाई करने का पक्का मौका है। भारतीय टीम अपने शुरूआती मैच में 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से भिड़ेगी, इसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा जबकि सेमीफाइनल 18 और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

## धोनी ने फैन के लिए गाया 'हैप्पी बर्थडे' गाना, मनाया जन्मदिन



**रांची।** महेंद्र सिंह धोनी को फैन्स का दिल जीतना आता है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। आइपीएल 2024 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी ने अपने गृह नगर रांची में एक फैन का जन्मदिन मनाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में धोनी को एक प्रशंसक के साथ केक काटकर और गाना गाकर जन्मदिन मनाते देखा जा सकता है। भाग्यशाली प्रशंसक ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'यह मेरे लिए वास्तव में आश्चर्यजनक है माही भैया।' धोनी के विनम्र भाव और प्रशंसक का दिन बनाने का कार्य कोई नया वाक्य नहीं है। इससे पहले उन्होंने एक प्रशंसक की कार में प्रवेश कर हैंडल पर ऑटोग्राफ देकर खुश किया। भारत के पूर्व कप्तान ने एक फैन की सुपर बाइक पर ऑटोग्राफ देकर सबका दिल जीत लिया।

## न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाक को 46 रनों से हराया

**एजेंसी**

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज के पहले टी-20 में कमाल का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 46 रनों से हरा दिया। ऑकलैंड में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 226 रन ठोके और फिर पाकिस्तान टीम को 180 रनों पर ऑलआउट करते हुए मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान के लिए पूर्व कप्तान बाबर आजम ने सबसे अधिक 57 रनों की पारी खेली, लेकिन वह टीम की इज्जत नहीं बचा सके। कीवी टीम के लिए टिम साउदी ने 25 रन देकर सबसे अधिक 4 शिकार किए तो एडम मिल्ने और बेन सीर्स ने 2-2 विकेट अपनी झोली में डाले। इससे पहले पाकिस्तान टीम ऑस्ट्रेलिया गई थी, जहां उसे टेस्ट सीरीज के सभी मैच गंवाने पड़े थे। मैच में टॉस हारकर



पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलेंड को पहले ओवर की दूसरी गेंद पर डेवॉन कॉन्वे के रूप में पहला झटका लगा। बिना खाता खोले शाहीन की गेंद पर सैम अयूब के हाथों लपके गए। लेकिन इसके बाद फिन एलन ने तीसरे ओवर में शाहीन अफरीदी को 24 रन ठोकते हुए अपने हाथ खोले तो रनों का अंबार लग गया। उन्होंने आउट होने से पहले 15 गेंदों में 34 रन की पारी खेली, जबकि 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे थे तो कप्तान केन विलियमसन ने 42 गेंदों में 9 चौके के दम पर 57 रन जड़े।डेरिल मिचेल ने 27 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्के उड़ाए तो आखिरी में चापमैन ने 11 गेंदों में 26, फिलिप ने 11 गेंदों में 19 और मिल्ने ने 11 गेंदों में 10 रन बनाते हुए टीम को 226 रनों तक पहुंचा दिया। कप्तान शाहीन को 4 ओवर में 46 रन पड़े, जबकि 3 विकेट मिले तो आमेर जमाल 55 देकर बिना विकेट लौटे। अब्बास अफरीदी ने 34 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। जवाब में बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान टीम को सैम अयूब (27 रन, 8 गेंद, 2 चौके, 3 छक्के) और मोहम्मद रिजवान (25 रन, 14 गेंद, 2 चौके और 2 छक्के) ने तेज शुरूआत दी, लेकिन इनके आउट होने के बाद पाकिस्तान लगातार विकेट गंवाता रहा। एक छोर पर पूर्व कप्तान बाबर आजम ने जरूर 35 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए छोटे मेदान पर 56 रन की पारी खेली, लेकिन वह टीम की हार नहीं बचा सके। टिम साउदी ने 25 रन देकर 4 विकेट झटकते हुए पाकिस्तान की बैटिंग की कमर तोड़ दी तो एडम मिल्ने और बेन सीर्स के नाम 2-2 विकेट रहे। ईश सोढ़ी को एक विकेट मिला।

## माही से मैच खत्म करने के बारे में सिखा: शिवम

**मोहाली।** पहले टी-20 मुकाबले में भारत की जीत के हीरो रहे ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा कि मैंने महेन्द्र सिंह धोनी (माही भाई) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा है। प्लेयर ऑफ द मैच दुबे ने कहा, मैं लंबे समय से मौके का इंतजार कर रहा था। मैं स्वयं को तैयार रख रहा था, जिससे जब भी मौका मिले तो मैं अच्छा करूं। जब मैं बल्लेबाजी के लिए आया तो वही किया जो मैंने माही भाई (एमएस धोनी) से मैच को खत्म करने के बारे में सीखा था।

## आंध्रा की कप्तानी से हटे हनुमा विहारी

**विशाखापत्तनम।** मौजूदा रणजी ट्राफी सत्र में आंध्र टीम की अगुवाई कर रहे हनुमा विहारी बल्लेबाजी पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए कप्तानी से हट गये। सीजन के पहले मुकाबले में बंगाल के साथ ड्रॉ खेलने के बाद हनुमा विहारी ने कप्तानी छोड़ी। इसके बाद शेष रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए रिकी भुई को आंध्रा का कप्तान बनाया गया है। ग्रुप बी के दूसरे मैच में मुंबई के खिलाफ वह एकादश में जगह बनाने में कामयाब रहे।

## डब्ल्यूपीएल के मैच दिल्ली व बेंगलुरु में खेले जायेंगे

**मुंबई।** वीमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के मुकाबले बेंगलुरु और दिल्ली में खेलेंगे जायेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने डब्ल्यूपीएल के लिए बेंगलुरु और दिल्ली को सूचीबद्ध किया है। यह टूनार्मेंट 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच खेला जायेगा। डब्ल्यूपीएल 2024 का पहला लेग बेंगलुरु और फिर नॉकआउट सहित दूसरा लेग दिल्ली में खेला जाएगा। पांच टीमों के इस टूनार्मेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे।

## सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सेमीफाइनल में

**कुआलालंपुर।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार को चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू को हराकर मलेशिया ओपन 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। शुक्रवार को यहां विश्व में दूसरे नंबर की बैडमिंटन जोड़ी रंकीरेड्डी और शेट्टी ने क्वार्टर फाइनल में 35 मिनट के मुकाबले में दुनिया की 32वें नंबर की चीनी जोड़ी को 21-11, 21-8 से हराया।

## गांगुली पर बायोपिक बनना फाइनल, विक्की डोनर फेम एक्टर आयुष्मान खुराना निभाएंगे लीड रोल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट जगत में बॉलीवुड बायोपिक बनाने का सिलसिला आगे बढ़ने जा रहा है। अब इस लिस्ट में सौरव गांगुली का नाम आया है जिनके लीड रोल में विक्की डोनर फेम एक्टर आयुष्मान खुराना फाइनल हो गए हैं। बॉलीवुड में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल के खिलाड़ियों पर कई बायोपिक्स बनी हैं। अब इसे आगे बढ़ाते हुए निमार्ता लव रंजन और अंकुर गर्ग गांगुली आगे बढ़ चुके हैं। बायोपिक का निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी करेंगे जोकि उड़ान, लुटेरा, जुबली आदि फिल्में बना चुके हैं। निमार्ता लव रंजन और अंकुर गर्ग ने आयुष्मान खुराना और विक्रमादित्य मोटवाने को एक-साथ लाकर चर्चा बटोरी है। गांगुली की तरह आयुष्मान भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रहे हैं। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द होगी। बताया जा रहा है कि गांगुली की भूमिका के लिए पहले रणबीर कपूर को एप्रोच किया गया था, लेकिन किसी कारण बात बन नहीं पाई। फिल्म के लिए कास्ट होकर



आयुष्मान खुराना दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत, इमरान हाशमी, श्रेयस तलपड़े और तापसी पन्नू की श्रेणी में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्क्रीन पर वास्तविक जीवन के क्रिकेटर की भूमिका निभाई है। बॉलीवुड और क्रिकेट का नाता बहुत पुराना है। 1960 के दशक से भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी ने बॉलीवुड अभिनेत्री शर्मिला टैगोर के साथ शादी की थी। इसके बाद दोनों जगत से कई जोड़ियां बनीं। इसी क्रम में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा देश की पसंदीदा सेलिब्रिटी जोड़ी बनी।

## भुवनेश्वर कुमार 5 साल बाद रणजी में लौटे विकेटों का अंबार लगाकर मचा दिया कोहराम

**कानपुर।** टीम इंडिया के धाकड़ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पांच साल बाद फर्स्ट क्लास घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। भुवनेश्वर कुमार लंबे समय से टीम इंडिया के लिए लाल गेंद क्रिकेट में नहीं खेल रहे थे। ऐसे में वापसी के साथ ही भुवी ने एक बार फिर से अपनी दावेदारी को मजबूत कर दिया है। उत्तर प्रदेश के लिए रणजी मुकाबले में भुवनेश्वर ने अपनी गेंदबाजी से ऐसा कमाल दिखाया कि सब देखते रह गए हैं। बंगाल के खिलाफ मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार ने अपनी गेंदबाजी से कहर बरपाते हुए यूपी के लिए पंजा खोल दिया। भुवी ने टीम के लिए पहली पहली पारी में 13.5 ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 25 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। इस दौरान दौरान उन्होंने तीन मेडन ओवर भी डाले।हालांकि, मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी उत्तर प्रदेश की शुरूआत बहुत ही खराब रही थी और पूरी टीम सिर्फ 60 रन के स्कोर पर ढेर हो गई, लेकिन गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार अपने दमदार खेल से यूपी को फिर से वापसी कराने में कामयाब रहे। बात करें लाल गेंद में टीम इंडिया के लिए भुवनेश्वर कुमार की खेलने की तो वह आखिरी बार साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान पर उतरे थे। इसके बाद से ही वह टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। हीं वह आखिरी बार टीम इंडिया के लिए किसी भी फॉर्मेट में 2022 में मैदान पर उतरे थे। पहले दिन का खेल खत्म होने तक यूपी के 60 रन के जवाब में बंगाल की टीम 5 विकेट पर 95 रन बना लिए थे।

## एसए20 को भारत में आयोजित करना शानदार कदम हो सकता है: बाउचर

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मार्क बाउचर को लगता है कि एसए20 को भविष्य में भारत में आयोजित करना अच्छा कदम हो सकता है, भले ही इसके लिए लॉजिस्टिकल' चुनौतियों का सामना करना पड़े। भारत में चुनावों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 2009 चरण का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में कराया गया था। बाउचर ने स्वीकार किया कि एसए20 भी निकट भविष्य में क्रिकेट के प्रति जुनूनी एशियाई देश में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह शानदार विचार है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं। आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में हो चुका है और हम भी ऐसा ही कर सकते है क्योंकि दोनों क्रिकेट देशों के बीच शानदार रिश्ते हैं।

## झारखंड राज्य स्तरीय पुरूष -महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय पुरूष-महिला मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो हुआ। महिला वर्ग में रांची जिला ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम को 2-0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में धनबाद जिला ने रांची जिला को कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 1-0 से हराकर विजेता बना। समारोह के मुख्य अतिथि पर्यटन, खेलकूद, संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मोहम्मद हफीजुल हसन अंसारी थे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी देकरके साथ नगद राशि एवं पदक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर फुटबॉल प्रशिक्षक सुनील कुमार, प्रशिक्षक शाहिद अंसारी, गोपाल तिर्की, अंगद कुमार हंसराज, प्रेमचंद पूर्ति, सुनील महली, काली चरण महतो, रेमण्ड मिंज, बिरसी मुंडू, मुकेश कुमार,राजू साहु,तपन राऊत एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचे नागल

**मेलबर्न।** भारत के सुमित नागल स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं । नागल ने 2 घंटे 3 मिनट तक चले मैच में 6.4, 6.4 से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे सेट के दसवें गेम में 30.40 पर डबलफाल्ट किया। नागल ने मैच के बाद कहा कि यह शानदार लग रहा है, ग्रैंडस्लैम के लिए क्वालीफाई करना हमेशा अच्छा होता है। मैच के बाद मैं काफी भावुक हो गया था। मुझे खुद को शांत करने की जरूरत थी, मैं करीब डेढ़ घंटे के लिए लॉकर रूम में बैठा रहा।

## अखिल श्योराण को पुरुषों की 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक

**एजेंसी**

**जकार्ता।** भारत के अखिल श्योराण ने शुक्रवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शुक्रवार को यहां हुये फाइनल मुकाबले में अखिल ने 460.2 के स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता, वहीं ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 459.0 के साथ रजत पदक अपने नाम किया। थाईलैंड के निशानेबाज थोंगफाफम वोंगसुकडी को 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक मिला। अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई



निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में भारत को 1-2 से बराबरी दिला दी है। क्वालीफाइंग राउंड में तीन भारतीयों ने जकार्ता मीट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर है। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर क्वालीफायर में 588 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि श्योराण 586 अंक और स्वप्निल कुसाले 584 अंक क्रमशः छठे और नौवें स्थान पर रहे। कुसाले ने फाइनल में शॉट लगाया और छठा स्थान हासिल किया। नीरज कुमार और चैन सिंह भी क्वालीफायर में शीर्ष पांच में रहे, लेकिन दोनों निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इस बीच, पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम स्पर्धा में अखिल श्योराण, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले के कुल 1758 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन ने 1744 अंकों के साथ रजत पदक जीता, दक्षिण कोरिया को 1735 अंक अर्जित करते हुए कांस्य पदक मिला।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियां चैंपियन



**रांची।** U-19 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियां चैंपियन बन गयी है। लुधियाना में खेले गए टूनार्मेंट में पश्चिम बंगाल की टीम को 2-1 से किया पराजित कर झारखंड की बच्चियों ने खिताब अपने नाम कर लिया है। झारखंड की अंडर 19 बालिका फुटबॉल टीम की सफलता पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने भी टीम को बधाई दी है।

स्पीड न्यूज

## यज्ञ मंडप में लगी आग



**कतरास।** शुक्रवार को कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद पांच नंबर पानी टंकी चैतुडीह मैदान के पासयज्ञ मंडप में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा होने लगी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और यज्ञ समिति के सहयोग से पानी और बालू मार कर आग को बुझाया गया। वही इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के द्वारा खेल-खेल में मंडप में आग लग गया है। सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाली कोई बात नहीं है।

## बोकारो स्टील के ऊर्जा प्रबंधन विभाग में हिंदी कार्यशाला संपन्न



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ऊर्जा प्रबंधन विभाग में आयोजित हिन्दी कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जीएम एएस नंदी सहित जीएम ओंकारेश बनर्जी एजीएम सौरभ सिंह व ललिता बिरुली वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयोजित विभागीय हिन्दी प्रतियोगिता में ऊर्जा प्रबंधन विभाग के नन्द कुमार साहू को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तथा अतिथियों का स्वागत एजीएम सुश्री बिरुली ने एवं धन्यवाद ज्ञापन एजीएम शशांक शेखर ने किया। आयोजन में राजभाषा विभाग के एजीएम अरुण कुमार व अन्य सक्रिय रहे।

## चंद्रपुरा में प्राथमिक चिकित्सा व अग्निरोधी प्रशिक्षण संपन्न



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कैंपस में डीवीसी कर्मियों को एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा एवं अग्नि प्रतिरोधक प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन विभाग के आरआर प्रसाद एके यादव सुधीर कुमार सहायक प्रबंधक आकांक्षा राज आदि ने डीवीसी के 16 कर्मियों को उक्त प्रशिक्षण दिलाया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को व्यवहारिक शिक्षा भी दी गई। इस अवसर पर राजीव कुमार तिवारी, रूपचंद सोरेन, महेंद्र सिंह, बिजेंद्र हांसदा, ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप प्रमाणिक, प्रफुल्ल भंडारी, भुवनेश्वर मंडल, बीपी सिंह, राजू आरपी मंडल, अशोक कुमार, लखन मुर्मू, नकुल सिंह, बैजून मांझी आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## युवा भारत विकसित भारत नाम से कार्यक्रम का आयोजन

**चिरकुंडा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती अर्थात युवा दिवस के अवसर पर चिरकुंडा नेहरू रोड चौक के समीप भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में युवाओं का एक दल युवा सोच युवा बारत विकसित भारत नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर विकसित भारत के भारत सरकार द्वारा जारी कैलेंडर को लोगों के बीच में वितरण किया गया तथा मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, रिन्टु पाठक, धिरज सिंह, अनिल यादव, मिथिलेश, पलटु दास आदि थे।

## उपायुक्त ने इवीएम मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आज समाहरणालय परिसर से ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर लोगों को मतदान करने और उसकी प्रक्रिया के प्रति जागरुक करने के लिए डेमोंसट्रेशन वैन तैयार किया गया है। इसमें ईवीएम मशीन, वीवीपैट के साथ एलईडी टीवी भी है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर सिंदरी कॉलेज से पुलिस ने जब्त की उनकी प्रतिमा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती पर सिंदरी कॉलेज परिसर में शुक्रवार की सुबह स्थापित उनकी प्रतिमा सिंदरी पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री सह भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने शुक्रवार को यूनिवर्सिटी की अनुमति के बगैर उनकी प्रतिमा कॉलेज परिसर में स्थापित कर विवेकानंद जयंती मनाई। हालांकि कॉलेज में स्नातक इतिहास की परीक्षा शुरू होने वाली थी और इसको लेकर सिंदरी कॉलेज को परिक्षा केन्द्र बनाते हुए निषेधाज्ञा लागू किया गया है। निषेधाज्ञा के बावजूद परिसर में प्रतिमा की स्थापना को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे गौरव वक्ष अपने समर्थकों के साथ कॉलेज परिसर में विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित कर माल्यार्पण के बाद वापस लौट गए। उनके वापस लौटते ही सुरक्षाकर्मियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को स्थापना स्थल से हटाकर कार्यालय में रख दिया। इसी बीच परसबनिया पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो ने अपने पूर्व के दिए आवेदन के अनुसार कॉलेज परिसर में झारखंड के मसीहा बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा के लिए भूमिपूजन की माँग पर अड़ गए। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ सिंदरी कॉलेज पहुँचकर प्राचार्य से भूमिपूजन की माँग की। इस विवाद पर मूकदर्शक बने प्राचार्य डॉ कमला कांत पाठक ने पुलिस को आवेदन देकर गौरव वक्ष, सुमन चौधरी, बृजेश सिंह, जय प्रकाश सिंह, सोमनाथ दुबे, गुड्डू सिंह, विमल सिंह, रंजना शर्मा, अणिमा सिंह, त्रिलोचन बाउरी उर्फ राजा के खिलाफ कॉलेज सुरक्षा गार्ड के साथ धक्का मुक्की कर जबर्दस्ती कॉलेज परिसर में स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाने का आरोप लगाया है। लगभग पाँच घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद पुलिस ने स्वामी जी की प्रतिमा को जप्त किया और थाना ले गई।

## नीतीश कुमार हैं आइएनडीआइए के सूत्रधार : अशोक चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर12 स्थित जदयू कार्यालय में आयोजित कार्यकताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व बियाडा चेयरमैन व जदयू नेता अशोक चौधरी ने नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का सूत्रधार बताते हुए कहा कि न्याय के साथ विकास उनके कार्य शैली का मूल मंत्र है। श्री चौधरी ने कहा कि 2023 में वैश्विक दासता सूचकांक के अनुसार भारत में 11 मिलियन से अधिक गुलामों का घर है जो जबरन श्रम मानव तस्करी और बाल शोषण आदि रूपों में प्रकट होती है। जाति आधारित गणना से उनके आंकड़े अनुसार सरकारी योजना बना उनको मदद कर राष्ट्र के मुख्य धारा से संबद्ध को जोड़ा जा सकेगा। बैठक में डॉ के कुमार समीम अख्तर नेपाल महतो सुभाष महतो मो सुल्तान कुंदन खान प्रवीण कुमार बाल्मिकी सिंह अवधेश कुमार राजकिशोर सिंह अशोक राय पानू महतो आमावती देवी महेंद्र प्रसाद, महेंद्र गोप श्रीकांत शर्मा ईश्वरी प्रसाद राकेश कुमार गोविंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## नवनिर्मित ओवरब्रिज की रेलिंग वॉल शिलापट्ट सहित सड़क पर गिरी, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** कुमारधुबी में बने नव निर्मित ओवरब्रिज की रेलिंग वॉल शिलापट्ट सहित धराशाई हो गई है। शुक्रवार की सुबह देखा गया कि सरसापहाड़ी के समीप जहां से ओवरब्रिज शुरू होता है वहां की रेलिंग वॉल शिलापट्ट सहित सड़क पर गिरी हुई है। पास के ही एक दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की संध्या वह अपनी चाय दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार की सुबह जब वह दुकान खोलने आए तो देखा कि पुल की दीवाल गिरी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि कोई बड़ा वाहन बैक करने के दौरान दीवाल से टकराया होगा और दीवाल गिर गई होगी। वहीं अन्य स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलिंग वॉल से ठीक सट कर एक लोहे का पोल है पोल को बिना छुए कोई वाहन दीवाल को कैसे ठोकर मार सकता है। उन लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा ब्रिज निर्माण में अनियम्मिता बरती गई है, गुणवत्ता को ताक पर रख कर ब्रिज का निर्माण किया गया है। भी ब्रिज का उद्घाटन हुए कुछ माह ही हुए है और गुणवत्ता का नमूना सामने आना शुरू हो गया है।कहा कि अगर ब्रिज निर्माण की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच होगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि ब्रिज के ऊपर एक भी लाइट नहीं लगाई है। शाम ढलते ही ब्रिज पर जमावड़ा लग जाता है। अगर ब्रिज पर जल्द लाइट नहीं लगाई गई तो भविष्य में किसी अपराधिक घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## गोमिया पुलिस ने किया मझली देवी के पति की हत्या का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट।** गोमिया के पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को तेनुघाट पुलिस निरीक्षक कार्यालय तेनुघाट में एक प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि महुआटांड़ थाना क्षेत्र के मझली देवी ने अपने पति जीत लाल मांझी के गुमशुदा के संबंध में लिखित आवेदन देते हुए बताया था कि बीते 7 जनवरी को सोहराय पर्व मनाने के क्रम में रात्रि में उसके पति गुम हो गये। परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चला। फिर 10 जनवरी को गांव के समीप सरना कुआं में जीत लाल मांझी का गमछा पाया गया। उसके आधार पर मझली देवी ने अपने पति की हत्या की आशंका जताते हुए बीते 11 जनवरी को गांव के अनिल किस्कु, कैला मांझी, सीताराम मांझी, लक्ष्मण किस्कु, सुलेन्द्र किस्कु फुटकाडीह बाजार टांड़ के विरुद्ध आवेदन दिया। पुलिस टीम के पूछताछ के क्रम में सुलेन्द्र किस्कु ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि बीते 7 जनवरी को करीब 9:30 बजे रात्रि जीतलाल मांझी को धक्का देते हुए भोला किस्कु के रहार बाडी में ले गया। वहां से वापस आकर साथी सुभाष किस्कु को भी अपने साथ ले गया और लौट कर जीत लाल मांझी के गमछे से ही उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। फिर 9 जनवरी को सभी ने मिलकर जीतलाल मांझी के शव को रात्रि में कुआं से निकाल कर शव को छुपाने के लिए गांव के जंगल होरो दहरा के एक गड्ढे में डाल दिया। पुनः फिर 10 जनवरी को सभी ने गड्ढे से शव के बाहर कर साइकिल से रजरप्पा के सिदिरका खदान में बड़े-बड़े पत्थर बांधकर डाल दिया। पुलिस ने बताया हत्या जमीन विवाद के कारण हुई है। हत्यारों की निशान देही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हत्या में सम्मिलित आरोपियों को गिरफ्तार जेल में भेज दिया गया।

## बोकारो संयंत्र में रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी मीट का आयोजन हुआ



**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट के एचआरडी में 57वीं रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी मीट लॉन्ग एंड फ्लैट रोलिंग मिल्स की कार्यक्षमता को उत्तरोत्तर बेहतर बनाने के विषय पर आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ईडी चित्तरंजन मोहपात्रा सहित ईडी सुरेश रंगानी राजन प्रसाद सीजीएम अनिल कुमार व अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने ऑनलाइन रोलिंग मिलों की परिचालन दक्षता में सुधार पर एवं ईडी संकार्य बीके तिवारी ने परिचालन दक्षता में सुधार कर रोल्ड उत्पादों की लागत में कमी लाने पर जोर दिया। इस कमिटी में सेल टाटा स्टील आरआईएनएल जेएसडब्ल्यू जेएसपीएल मुकंद स्टील जेएसएचएल एएमएनएस वेदांता ईएसएल और मेकॉन सहित स्टील सेक्टर की सभी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे। देश भर से जुटे रोलिंग मिल्स विशेषज्ञों ने इस क्षेत्र की चुनौतियों और इनके तकनीकी और परिचालन सम्बन्धी समाधान पर मंथन एवं रोलिंग मिल्स क्षेत्र में सक्रिय इंजीनियरों के बीच मूल्यवान जानकारी परिचालन अंतर्दृष्टि नवीन विचारों और विविध दृष्टिकोणों को साझा किया। संचालन डीजीएम सुनीता मिंज ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सीजीएम पीके बैसाखिया ने किया।

## भाजपा नेता ने जरिडीह बाजार के कार्यकर्ता को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने जरीडीह बाजार में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विकास गुप्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र स्वर्णकार, नवीन पांडेय, अभिमन्यु सिंहा, पंसस रोबिन जी, गोपाल डालमिया, सहित दर्जनो लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

## रोटरी क्लब का महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने क्लब के महिला समिति की अध्यक्षा नीलम दास के नेतृत्व में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम के तहत जनवृत 4 स्थित सर्कस मैदान में रहने वाली कामगार महिलाओं के बीच करीब 100 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए और सभी को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। श्रीमती दास ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम नियमित जांच और स्वच्छ आचरण द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पहले ही सतर्क हो सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम दास अलका गुप्ता ललिता अग्रवाल खोनेंन लियू और सुनीता जैन ने सक्रियता निभाई।

# शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें : डीएमएस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बीएंडके में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न**



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली स्थित आफिसर्स क्लब में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार को किया गया। अध्यक्षता कोडरमा रिजन के डीएमएस एन पी देवरी और संचालन एसओ सेफटी कुमार सौरभ सिंह ने किया। कोडरमा रिजन के डीएमएस एन पी देवरी और सीसीएल सेफ्टी जीएम आर के सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक के रामाकृष्णा ने दीप प्रज्जवलन कर बैठक की शुरूआत की। कोल इंडिया कार्पोरेट गीत के पश्चात क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी कुमार सौरभ सिंह ने स्वागत भाषण दिया। साथ ही उन्होंने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन और परिपालन की समीक्षा की गई। एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माइनिंग सरदार और ओवरमैन की कमी है। इसके बावजूद यहां दुर्घटना की दर काफी कम है, यह यहां की सतर्कता का ही परिणाम है। इसे बरकरार रखने की जरुरत है। खान में सुरक्षा के लिए कामगारों को लगातार जानकारी दी जाए। खदानों में सुरक्षा, घर में सुरक्षा, रास्ते में सुरक्षा सहित हाईवाल की समस्या का निदान करने, प्रत्येक परियोजना में हॉल रोड बनाने, लाइट व्यवस्था करने, पेयजल और प्रदूषण की दुरुस्त व्यवस्था करने आदि मांगें विस्तार पूर्वक रखीं। डीएमएस एन पी देवरी ने खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित खान सुरक्षा नियमों के क्रियान्वयन और परिपालन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रबंधन शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को नजरअंदाज कर कोयला उत्पादन कामगार की मौत का कारण बन सकता है। प्रबंधन सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोल उत्पादन करें ताकि कोई भी कामगार मौत का शिकार न हो। उन्होने कहा कि ब्लास्टिंग को लेकर लगातार शिकायत मिलती रहती है। जो गंभीर समस्या है। इसका निदान किया जाना अति आवश्यक है। कहा कि क्षेत्र से वायु प्रदूषण का काफी शिकायत मिल रही है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक के रामाकृष्णा ने डायरेक्टर माईन्स सेफ्टी को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोयला उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में सुरक्षा को लेकर जो सुझाव सामने आए हैं, उन पर अमल करते हुए शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ सुरक्षित उत्पादन करते हुए लक्ष्य को हासिल किया जाऐगा। अंकेक्षण पर डीडीएमएस (माइनिंग) नरेश तेजावत, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल) आनंद अग्रवाल, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) प्रवीण कुमार सहित कारो पीओ मनोज कुमार सिंह, एकेकेओसीपी पीओ केएस गैवाल, बोकारो कोलियरी पीओ अरविन्द कुमार शर्मा, जीएम माइनिंग केडी प्रसाद, एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, एसओ (ईएंडएम) गौतम महंती, एसओ (सिविल) सतीश सिंहा, एसओ (एक्स) प्रवीण कुमार, एसओ (पीएंडपी) शंभू कुमार झा, एसओ (एमएम) कथिरवेल, रेवेन्यू अधिकारी बीके ठाकुर, एटीओ सतेंद्र कुमार, सीएमओ संजय कुमार सिन्हा, एकेके ओसीपी मैनेजर सुमेधा नंदन, कारो मैनेजर जीएन सिंह, बोकारो कोलियरी मैनेजर बलदेव प्रसाद साहू, जीएसटी भविष्य भारती के अलावे सुरक्षा समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, सुशील सिंह, अभाषचंद्र गांगुली, सुरेश प्रसाद शर्मा, विनय पाठक, मनोज पासवान, अनिल कुमार सिंह, दीपक कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

एक नजर में

## अनियंत्रित ट्रक ने चार दुकानों को किया क्षतिग्रस्त, चालक घायल

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गंसाडीह मे गुरुवार की रात तेज गति से चल रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर चार दुकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बारे मे बताया जाता है की धनबाद की और से आ रही ट्रक संख्या ईजी 07 सीजी 8760 अचानक असंतुलित होकर दुकान को तोड़ते हुए दुकान में रखे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। रात होने के कारण सभी की दुकान बंद थी इस लिए एक बड़ी घटना होने से बच गई। घटना एक बचे रात की बताई जा रही है। वही सुबह दुकानदारों ने ट्रक मालिक से मुआवजे की मांग की है। घटना की जानकारी पाकर केंदुआडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटना मे ट्रक चालक राजेश चौहान भी घायल हुआ है। ट्रक से क्षतिग्रस्त हुए दुकान के मालिकों का कहना है की घटना से करीब तीन लाख की क्षति हुई है। जिसकी भरपाई ट्रक मालिक करें इसकी मांग करते हैं । घायल ट्रक चालक ने बताया कि ट्रक में प्याज लोड था जिसे पुराना बाजार में खाली कर आ रहे थे, तभी यह घटना घट गई ।

## बड़की सिद्धबारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न

**बेरमो।** बोकारो जिला बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बड़की सिद्धबारा पंचायत मे 12 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया इसमें मुख्यअतिथि के रूप में गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो, रोजगार सेवक छोटलाल रजक, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, लोकेन्द्र महतो, मुखिया रीतलाल महतो, पंचायत सेवक अमरदीप कुमार महतो, बड़की सिद्धबारा पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस सी सी रमेश रविदास, आईपीआरपी देवांति देवी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित किया और बुके देकर सभी को सम्मानित किया गया। और नुक्कड़ बाजी भी किया गया इसके अलावा भव्य रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की और शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर इस शिविर में भारी संख्या में महिला, पुरुष,लोग जमा हुए और सरकारी योजनाओं के लाभ लेने के लिए साथ-साथ सरकारी दस्तावेजों में जैसे उज्जवल योजना, पीएम मुद्र योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, जनधन योजना, पी एम जीवन ज्योति बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना अटल पेंशन योजना, आदि योजनाओं मे लाभ लेने के लिए काफी संख्या में महिला पुरुष पहुंचे।

## तुलबुल में आयोजित सोहराय पर्व में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र

**बेरमो/ललपनिया।** शुक्रवार को माननीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलबुल के मांझी टोला पहुंचकर आयोजित सोहरायपर्व में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। तथा यहां उन्होंने फीता काटकर बरदखूंटा अखाड़ा का उद्घाटन किया। ग्रामीणों के साथ पारम्परिक वाद्य यंत्र मांदर बजाते हुए सोहराय नृत्य किया। मंत्री जी ने ग्रामवासियों को सोहराय पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा सोहरायपर्व आदिवासियों का बड़ा त्योहार है। इस पर्व में आदिवासी गोहाल व मवेशी का पूजा करते हैं। संकट के समय मांगी गई मन्नत के पूरा होने पर पूजा देते हैं। अंतिम दिन बरद खूंटा का आयोजन करते हैं,जिनमें लोगों का उत्साह और उमंग खास होता है।

## पेज एक का शेष

### परिवारवाद घातक, देश...

इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

**युवा शक्ति सर्वोपरि :** पीएम मोदी ने कहा, हमारे देश के ऋषियों-मुनियों-संतों से लेकर सामान्य मानव तक, सभी ने हमेशा युवाशक्ति को सर्वोपरि रखा है। श्री ऑरोबिन्दो कहते थे कि अगर भारत को अपने लक्ष्य पूरे करने हैं तो भारत के युवाओं को एक स्वतंत्र सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। स्वामी विवेकानंद भी कहते थे भारत की उम्मीदें भारत के युवाओं के चरित्र, उनकी बौद्धिकता पर टिकी है। उन्होंने युवाओं से कहा, आप ऐसा काम करिये कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं। इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं।

### सात राज्यों में ...

हजारीबाग सीट पर भाकपा का दावा : वहीं दूसरी ओर सीट शेयरिंग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता भी शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करने वाली है। इस बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद्र कांगो और अन्य नेता भाग लेंगे। शनिवार को दिल्ली में बैठक होनी है। शनिवार को होनेवाली बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ भालचंद्र कांगो झारखंड में हजारीबाग लोकसभा सीट पर आपने दावे को रखेंगे।

### सर्द हवा ने बढ़ाई ...

**चतरा का पारा 3.5 डिग्री पहुंचा :** पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के अलग अलग जिलों के तापमान रिकॉर्ड किया गया। यहां सबसे कम तापमान चतरा का 3.5 डिग्री दर्ज किया गया। गढ़वा, लातेहार, पलामू का तापमान 5.7 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज किया गया। खूंटी और लोहरदगा का तापमान 6.5 डिग्री रहा। धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, जामताड़ा, साहेबगंज, रांची का तापमान 7.5 से 7.9 डिग्री तक रहा। बोकारो, सिमडेगा का तापमान 8. 7 डिग्री. देवघर, गोड्डा का तापमान 9.5 डिग्री तक रहा। राजधानी की बात करें तो आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। यहां 15 तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। सुबह शाम कोहरा के बाद दिन में आसमान साफ रहेगा। 17 को राज्य में आंशिक बादल छाये रह सकते है।

### प्रीति कुमार ने...

इस दौरान एजेंसी ने पाया था कि बूटी मोड़ स्थित बर्लिन अस्पताल में सात कठ्ठा अवैध कब्जा है। इडी ने जांच में पाया है कि बर्लिन अस्पताल की पार्किंग सरकारी जमीन पर बनी है। बर्लिन अस्पताल की जमीन अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार के नाम पर है। जमीन आईएएस अधिकारी के पिता टीएन ठाकुर और पत्नी प्रीति कुमार के नाम पर खरीदी गयी थी।

### धनबाद से झारखंड ...

पीएम का कार्यक्रम बलियापुर हवाई अड्डा मैदान में होगा। इस आयोजन को लेकर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गगयी है।बैठक में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं कोडरमा के सांसद, सभी विधायक एवं जिला अध्यक्ष मौजूद थे। धनबाद जिला कार्यालय में हुई बैठक बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद पशुपति नाथ सिंह, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी समेत अन्य नेता मौजूद थे।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा ...

जिन्होंने हजारों वर्षों से आक्रांतित भारत की आत्मा को झकझोरा था। उन्होंने कहा कि आज भव्य राम मंदिर बनकर सबके सामने है, सोने पर सुहागा यह है कि आज माता जीजाबाई की भी जयंती है, जिन्होंने छत्रपति शिवाजी के रूप में एक महामानव को जन्म दिया था। पीएम मोदी ने कहा, अब जबकि मैं जीजाबाई का जिक्र कर रहा हूं तो मुझे अपनी मां की भी याद आना स्वभाविक है। मेरी मां जीवन के अंत तक माला जपते हुए सीता-राम का ही नाम भजा करती थीं।

### रेलवे स्टेशन पर...

दोनों में काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और फोन से खूब बातें भी होती थी। परिजनों को भाई-बहन का रिश्ता समझ कभी ऐसा नहीं लगा। लड़की शुक्रवार को छत्तीसगढ़ से डालटनगंज पहुंची थी। रेलवे स्टेशन पर दोनों ने मुलाकात की। इसके बाद दोनों ने शादी करने की इच्छा जताई और रेलवे स्टेशन पर ही लड़के ने लड़की के मांग में सिंदूर भर दिया।

# डीआरडीओ ने आकाश-एनजी मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को नई पीढ़ी की आकाश-एनजी मिसाइल का उड़ान परीक्षण सुबह 10:30 बजे ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से किया। मिसाइल को बहुत कम ऊंचाई पर एक उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए दागा गया। उड़ान परीक्षण के दौरान हथियार प्रणाली ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोककर उसे नष्ट कर दिया। आकाश-एनजी सतह से हवा में मार करने वाली पुरानी आकाश मिसाइलों का उन्नत संस्करण है। सफल परीक्षण के बाद डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा किया। कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का प्रदर्शन, ऑनबोर्ड एवियोनिक्स और मिसाइल के वायुगतिकीय विन्यास को सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया। डीआरडीओ ने 21 जुलाई को बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के आकाश-एनजी मिसाइल का कामयाब परीक्षण किया था, लेकिन दो दिन बाद 23 जुलाई को ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किये गए परीक्षण में स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर लगाया गया था। आरएफ सीकर ने आकाश-एनजी को उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य पर सफलतापूर्वक लॉक करने में मदद की और लक्ष्य के नष्ट होने तक लगातार उसका मार्गदर्शन किया। इसे पहली बार पिछले साल गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले 25 जनवरी को लॉन्च किया गया था। डीआरडीओ की हैदराबाद में स्थित रिसर्च सेंटर इमारत ने आकाश-एनजी हथियार प्रणाली को उच्च युद्धाभ्यास क्षमता और कम रडार क्रॉस-सेक्शन वाले उन्नत लड़ाकू विमानों को रोकने के लिए विकसित किया है। इसका निर्माण भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने किया है। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ उत्पादन की क्षमता रखने वाली दुनिया भर की कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो चुका है। आरएफ सीकर आकाश-एनजी को लक्ष्य पर लॉक करने में मदद करता है, जिससे दुश्मन के लड़ाकू विमानों के लिए आने वाली मिसाइलों से बचना मुश्किल हो जाता है। रक्षा मंत्रालय ने भी स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी-फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और मिसाइल से युक्त संपूर्ण हथियार प्रणाली को मान्य किया है। आकाश मिसाइल की अगली पीढ़ी आकाश-एनजी की मारक क्षमता 40-50 किमी. तक है। 96 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक पर आधारित यह देश का सबसे महत्वपूर्ण मिसाइल सिस्टम है, जिसे अब दूसरे देशों को निर्यात करने की मंजूरी सरकार से मिल चुकी है। इस मिसाइल का उपयोग वायुसेना उच्च पैंतरेबाजी वाले हवाई खतरों को रोकने के उद्देश्य से करती है। आकाश-एनजी में दुश्मन को जवाब देने के लिए हमलों के खिलाफ उच्च स्तर की सुरक्षा करने की क्षमता होगी। मौजूदा मारक क्षमता 40 किमी. से बढ़ाकर 80 किमी से अधिक करने के लिए सॉलिड रॉकेट मोटर का इस्तेमाल किया गया है।

### मिसाइल ने लक्ष्य पर साधा अचूक निशाना



आकाश-एनजी की मारक क्षमता 40-50 किलोमीटर तक है

## आइएनडीआइए की अहम बैठक आज

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई जिसमें जनता दल (यूनाइटेड)के नेता नीतीश कुमार को संयोजक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार बैठक सुबह 11.30 बजे होगी। बर्चुल आधार पर हो रही इस बैठक में राष्ट्रवादी कांग्रेस के शरद पवार, डीएमके के एम के स्टालिन सहित कई प्रमुख नेताओं के भाग लेने की संभावना है जिसमें श्री कुमार को संयोजक और श्री खड़गे को अध्यक्ष बनाए जाने के साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर भी रणनीति पर विचार किया जा सकता है। गठबंधन की अब तक पटना, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली में बैठक हो चुकी है। यह पहली बैठक है जो ऑन लाइन की जा रही है और इसमें अहम फैसले होने की संभावना जताई जा रही है।

कांगेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की अब तक कई घटक दलों के नेताओं के साथ बैठक हो चुकी है। शनिवार की बैठक में इस मुद्दे पर अहम चर्चा होने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में देश के सबसे लंबे पुल का किया उद्घाटन, कहा

# विकसित भारत की तस्वीर है अटल सेतु

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु को भारत की ढांचागत शक्ति का उदाहरण बताया और कहा कि यह विकसित भारत की तस्वीर है। यह एक झलक है कि विकसित भारत कैसा होगा।

प्रधानमंत्री ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक को पूरा करने के प्रयासों के लिए जापान के दिवंगत प्रधानमंत्री शिंजो आबे के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं जापान सरकार को धन्यवाद देता हूं और दिवंगत शिंजो आबे को याद करता हूं। हम दोनों ने मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक परियोजना को पूरा करने की कसम खाई थी। लगभग 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है जो 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और लगभग 5.5 किमी जमीन पर बना है। यह भारत का सबसे लंबा पुल है, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश ने अपने सपनों को हकीकत में बदलते देखा है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ-साथविकसित भारत के संकल्प के लिए भी एक ऐतिहासिक दिन है। आज देश को दुनिया के सबसे लंबे समुद्री पुलों में से एक अटल सेतु मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में 24 दिसंबर को इस सेतु का शिलान्यास किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को उस सिस्टम से कोई उम्मीद नहीं थी, जिसमें काम को सालों तक लटकाने की आदत थी। लोगों को लगता था कि उनके जीवित रहते बड़ी परियोजनाओं का पूरा होना मुश्किल है। इसलिए मैंने भरोसा दिलाया था कि देश बदलेगा। यह उस समय मोदी गारंटी थी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए शिलान्यास, भूमिपूजन, उद्घाटन, लोकार्पण सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम भर नहीं होता और ना ही मीडिया में आने के लिए और जनता को रिझाने के लिए होता है। हमारे लिए हर प्रोजेक्ट देश के नवनिर्माण का माध्यम है। मोदी ने कहा कि अटल सेतु, विकसित भारत की तस्वीर है। विकसित भारत कैसा होने वाला है, उसकी एक झलक है। विकसित भारत में सबके लिए सुविधा होगी, सबकी समृद्धि होगी, गति होगी, प्रगति होगी, दूरियां सिमटेंगी और देश का कोना-कोना जुड़ेगा। जीवन हो या आजीविका, सब कुछ निरंतर, बिना रुकावट के चलेगा। यही तो अटल सेतु का संदेश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल पहले हजारों करोड़ के महाघोटालों की चर्चा होती थी और आज हजारों करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा हो, जन धन खाते हों, पीएम आवास के पक्के घर हों, घरों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हो, गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते में 6 हजार रुपये भेजना हो, नौकरी करने वाली महिलाओं को वेतन के साथ 26 हफ्ते की छुट्टी देना हो, सुकन्या समृद्धि खातों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ब्याज देना हो, हमारी सरकार ने महिलाओं का खास ध्यान रखा है।



**10 साल पहले महाघोटालों की चर्चा होती थी और अब हजारों करोड़ रुपये के मेगा प्रोजेक्ट के पूरे होने की चर्चा होती है : मोदी**

# प्राण प्रतिष्ठा के लिए सुंदर निमंत्रण मिला है : कर्ण सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता कर्ण सिंह ने शुक्रवार को कहा है कि अयोध्या में श्रीराम के ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए सुंदर निमंत्रण मिला है, यह समारोह दुनिया भर में लगभग एक अरब हिंदुओं द्वारा मनाया जाएगा लेकिन वह स्वास्थ्य के कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके साथ ही कर्ण सिंह ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या फैसले के बाद 22 जनवरी को राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। कर्ण सिंह ने कहा कि एक रघुवंशी के रूप में मंदिर निर्माण के लिए 11 लाख रुपये का मामूली व्यक्तिगत दान दिया है। इसमें शामिल होना बहुत खुशी की बात होगी लेकिन अफसोस की बात है कि 93 साल की उम्र आना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनका परिवार धर्मार्थ ट्रस्ट (जेएंडके) इस अवसर पर जम्मू में हमारे प्रसिद्ध श्री रघुनाथ मंदिर में एक विशेष उत्सव का आयोजन कर रहा है। इसके अलावा हम लोधी रोड पर अपने श्री राम मंदिर में भी छोटे पैमाने पर उत्सव का आयोजन कर रहे हैं।

**कहा- समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए**



## कांग्रेस के तीन सांसदों का निलंबन होगा वापस

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने प्रस्ताव किया है कि कांग्रेस पार्टी के तीन सांसदों अब्दुल खालिक, विजय वसंत और के जयकुमार का निलंबन रद्द किया जाना चाहिए। तीनों ने सदन के अंदर अपने आचरण के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। भाजपा सदस्य सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने कांग्रेस सदस्यों के बयान दर्ज करने के बाद इस प्रस्ताव को अपनाया है। तीनों को पिछले साल 18 दिसंबर को सदन से निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा विशेषाधिकार समिति 29 जनवरी को फिर से बैठक करेगी और निलंबन रद्द करने के लिए तीनों सांसदों की रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंपेगी। उल्लेखनीय है कि अब्दुल खालिक बरपेटा (असम), विजय वसंत कन्याकुमारी (तमिलनाडु) और के जयकुमार नमक्कल (तमिलनाडु) से सांसद हैं।

# रामलला का भव्य मंदिर बनवाने के लिए आडवाणी ने मोदी को दी बधाई

एजेंसी

**लखनऊ।** लाल आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने को आतुर हैं। आडवाणी ने इस पल को लाने, रामलला का भव्य मंदिर बनवाने और उनका संकल्प पूर्ण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नियति ने तय कर लिया था कि अयोध्या में राम मंदिर अवश्य बनेगा। अपने इन मनोभावों को उन्होंने मासिक पत्रिका राष्ट्रधर्म के विशेषांक के लिए लिखे एक आलेख में व्यक्त किया है। यह विशेषांक 15 जनवरी को प्रकाशित होगा। आडवाणी अपनी रथयात्रा को याद करते हुए लिखते हैं कि रथयात्रा को आज करीब 33 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। 25 सितंबर, 1990 की सुबह रथयात्रा आरम्भ करते समय हमें यह नहीं पता था कि प्रभु राम की जिस आस्था से प्रेरित होकर यह यात्रा आरम्भ की जा रही है, वह देश में आंदोलन का रूप ले लेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उस समय रथयात्रा में मेरे सहायक थे। वे पूरी रथयात्रा में मेरे साथ ही रहे। राम ने अपने अनन्य भक्त को उस समय ही उनके मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए चुन लिया था। आडवाणी स्वयं भी ऐसा मानते हैं कि उनकी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने उन्हें भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आपको भी फिर से समझने का अवसर दिया। वे कहते भी हैं कि जैसे जैसे रथयात्रा आगे बढ़ रही थी और उसके साथ ही जनसैलाब भी जुड़ता जा रहा था। जन समर्थन गुजरात से बढ़ता हुआ महाराष्ट्र में व्यापक हो गया और उसके बाद के सभी राज्यों में भी उत्तरोत्तर बढ़ता जा रहा था। यात्रा में जय श्रीराम व सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे के गगनभेदी नारे गूंजते रहते थे। उन्होंने लिखा, ह्यरथयात्रा के समय ऐसे कई अनुभव हुए जिन्होंने मेरे जीवन को प्रभावित किया। सुदूर गांव के अंजान ग्रामीण रथ देखकर भाव-विभोर होकर मेरे पास आते। वे प्रणाम करते। राम का जयकारा करते और चले जाते। यह इस बात का संदेश था कि पूरे देश में राम मंदिर का स्वप्न देखने वाले बहुतेरे हैं। वे अपनी आस्था को जबरन छिपाकर जी रहे थे।

**कहा- नियति ने तय किया था कि अयोध्या में राम मंदिर जरूर बनेगा**



# यूपी के हर घर और प्रतिष्ठान में 22 को जलेगी राम ज्योति

एजेंसी

**अयोध्या।** योगी सरकार अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में एक पर्व की तरह मनाए जाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रदेशवासियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में वृहद स्तर पर दीपोत्सव मनाए जाने की योजना है। यह दीपोत्सव दीपावली के पर्व पर अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव से कई गुना बड़ा होगा। इसमें सरयू समेत सभी नदियों के तटों, मंदिरों, ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के साथ-साथ हर मकान, दुकान, संस्थान और प्रतिष्ठान में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इन दीपों की लौ को राम ज्योति नाम दिया गया है। योगी सरकार की ओर से सभी प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वो सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि अपने कार्यालयों और दुकानों में भी राम ज्योति को प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव पर्व का उत्सव मनाएं। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और पूरी दुनिया में राम भक्त बेहद उत्साहित हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को डबल इंजन की सरकार ने पूरे देश में पर्व की तरह मनाने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में हर एक देशवासी से अपने घर में दीप प्रज्ज्वलित करने को कहा गया है। इन दीप से प्रज्ज्वलित होने वाली लौ को राम ज्योति कहा जा रहा है। अब योगी सरकार की ओर से अपील की गई है कि प्रदेशवासी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव का आयोजन किया जाए। राम ज्योति के माध्यम से ऐसी आभा बिखरनी चाहिए, जिससे पूरा वातावरण राममय हो जाए। भक्ति का ऐसा माहौल बने जैसा दीपावली या किसी अन्य पर्व पर होता है। इसको लेकर योगी सरकार सभी प्रदेशवासियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इसके अलावा ये भी निर्देश दिए गए हैं कि अयोध्या में सरयू घाट पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा एवं इसके बाद हरी आतिशबाजी की व्यवस्था की जाएगी। योगी सरकार पर्व पर ग्रीन क्रैकर्स को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में प्रदेश भर में लोग इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्रीन क्रैकर्स जला सकेंगे, जिससे एक बार फिर पूरा प्रदेश दीपावली की तरह रोशन हो जाएगा।

**हर मंदिर में राम संकीर्तन :**

16 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे एक सप्ताह तक हर देव मंदिर में राम संकीर्तन आदि का आयोजन करने, कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए अयोध्या में 50 अतिरिक्त स्क्रीन और डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था करने, पूरे प्रदेश के देव मंदिरों में स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण करने, सभी नगरों एवं गांवों में नगर विकास एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद दीपोत्सव का होगा भव्य आयोजन



### सभी कार्यालयों में होगी विशेष प्रकाश की व्यवस्था

**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से भी सभी विभागाध्यक्षों को जारी निर्देश में कहा गया है कि 22 जनवरी की शाम को हर घर, घाट और मंदिर में दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जाए। लोगों को प्रेरित कर घर-घर, संस्थानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी राम ज्योति प्रज्ज्वलित कराई जाए। प्रदेश के सभी कार्यालयों में 22 से 26 जनवरी तक विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाए। लोग घरों में भी विशेष प्रकाश की व्यवस्था कर सकते हैं। सभी सरकारी इमारतों, स्कूल, कॉलेज को भी दुल्हन की तरह सजाया जाए।

## अयोध्या होगा दुनिया का सबसे विकसित और भव्य टूरिस्ट स्पॉट : योगी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अयोध्या सबसे विकसित और भव्य टूरिस्ट स्पॉट होगा। उन्होंने राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड एवं उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप, इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन, टैबलेट का वितरण किया। सीएम योगी ने 'माय भारत' पोर्टल से स्वच्छता अभियान संबंधी गतिविधियों का शुभारंभ भी किया। योगी ने कहा कि मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति तक नहीं रुकने का संदेश दिया।

## एक नजर में

### कैटरीना की 'मेरी क्रिसमस रिलीज'




**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ एक बार फिर दर्शकों से रूबरू होने के लिए तैयार हैं। कैटरीना और साउथ स्टार विजय सेतुपति अभिनीत फिल्म मेरी क्रिसमस शुक्रवार को रिलीज हुई। इस फिल्म में दर्शकों को एक जबरदस्त कहानी देखने को मिलेगी। पिछले कुछ दिन से चर्चा में चल रही इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक अब उत्सुक हैं। साथ ही सभी का ध्यान इस बात पर भी है कि फिल्म पहले दिन कितनी कमाई करेगी। हालांकि, जानकारों की मानें तो यह कैटरीना की सबसे कम कमाई करने वाली फिल्म होगी। हालांकि, पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक यह फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ के फिल्मी करियर की सबसे कम ओपनिंग वाली फिल्म कही जा रही है। अगर कैटरीना कैफ की फिल्म पहले दिन 1.5 या 2 करोड़ रुपये की भी कमाई करती है तो भी यह कैटरीना के लिए सबसे कम ओपनिंग होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस कैटरीना कैफ की किसी भी फिल्म को इतनी कम करोड़ की ओपनिंग नहीं मिली है। कैटरीना कैफ की सुपर फ्लॉप फोन भूत ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 2.05 करोड़ का कलेक्शन किया।

### जापान ने किया एच2ए रॉकेट का प्रक्षेपण

**टोक्यो ।** जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएक्सए) ने शुक्रवार को तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से कोगाकु-8 ऑप्टिकल उपग्रह (टोही उपग्रह) लेकर जा रहे एक एच2ए रॉकेट का प्रक्षेपण किया।

एमबीसी टेलीविजन स्टेशन के एक प्रसारण में शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रक्षेपण 11 जनवरी को होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। कोगाकु-8 उपग्रह जापान सरकार का है और इसका उपयोग सूचना एकत्र करने के लिए किया जाएगा। यह अंतरिक्ष से पृथ्वी की सतह की निगरानी करेगा और उत्तर कोरिया में सैन्य सुविधाओं, गतिविधियों तथा स्थिति पर डेटा एकत्र करेगा, विशेष रूप से प्योंगयांग के मिसाइल कार्यक्रम के संबंध में यह जानकारी जुटाएगा। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के मामले में जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य को भी पूरा करेगा। उपग्रह को विकसित करने में 40 अरब येन (27.5 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। जापानी सरकार वर्तमान में जानकारी इकट्ठा करने के लिए 10 उपग्रहों का उपयोग कर रही है।

### मट्टू की पुलिस हिरासत 5 दिनों के लिए बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संदिग्ध आतंकी जावेद मट्टू की दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की हिरासत 5 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। शुक्रवार को मट्टू की पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मट्टू की हिरासत बढ़ाने की मांग की। मट्टू पर जम्मू और कश्मीर में 11 आतंकी हमलों और पांच ग्रेनेड हमले को अंजाम देने का आरोप है। मट्टू पर दस लाख रुपये का इनाम था। उस पर पांच पुलिसकर्मियों की हत्या और कई पुलिसकर्मियों व आम नागरिकों को घायल करने का भी आरोप है। जावेद सोपोर में एक आईईडी विस्फोट में भी शामिल रहा है। मट्टू को दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### पुरूलिया में दस लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने पुरूलिया जिले से माओवादी नेता सव्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर को गिरफ्तार किया है। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोस्वामी को झारखंड सीमा के पास जंगल से गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ह्यहमारे पास झारखंड सीमा के समीप जंगलों में उसकी आवाजाही की सूचना थी जिसके बाद हमने छापा मारा। अंततः हमने उसे चौवनिया के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उसके पास से पिस्तौल, कारतूस एवं कुछ दस्तावेज बरामद किये गये हैं। गोस्वामी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अति वांछितों की सूची में था और उस पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गयी थी।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26

Please cast your valuable

VOTE

for the post of

GENRAL SECRETARY

In favour of

ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1

Chamber :- NEW BAR BHAWAN

Chamber No. S13 Third floor,

Civil Court, Ranchi, Jharkhand

Phone No. 9852219763,9304401200

VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# विनम्रता, जिज्ञासा, दयाभाव, प्रार्थना, प्रसन्नता, सामूहिक बल से भरें हो युवा






एनके मुरलीधर

**युवा दिवस** के अवसर पर खबर मंत्र के तत्वावधान में उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची के सभागार में एक कार्यक्र म का आयोजन किया गया। युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिन 12 जनवरी पर आयोजित कार्यक्रम में 11 वीं आर्टस, कामर्स की दो हजार छात्राओं ने हिस्सा लिया। में समाज और राष्ट्र के बिखरे हुए ऊर्जा के स्रोत युवाओं को संगठित और अनुशासित करके उनकी ऊर्जा को किसी सकारात्मक लक्ष्य और समाज उत्थान के कार्य हेतु अगर प्रयोग में लिया गया तो यह युवा शक्ति हर लक्ष्य को भेदती हुई सफलता के नए आयाम गढ़कर देश और समाज को हिमालय की बुलंदियों तक पहुचा सकेगें। इसके लिए उचित शिक्षा, सही मार्गदर्शन एवं अभिभावक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ताओं व सरकारी तंत्र के पारस्परिक

## युवा दिवस पर खबर मन्त्र का कार्यक्रम



समन्वय की महती आवश्यकता है। अतएव शिक्षा को रोजगारपरक, हिंसामुक्त, क्रियाशील, मूल्यपरक एवं प्रकृति से सम्बन्धित करके ही निर्भय, स्वानुशासित, अहिंसात्मक जीवन दृष्टि वाले, आत्मनिर्भर, सहकारप्रिय एवं गीता में र्विणत 'आत्मन्येवात्मना तुष्ट (अपने भीतर स्वयं से तृप्त) युवाओं का निर्माण किया जा सकता है। ऐसे युवकों के द्वारा ही देश में सामाजिक सौहार्द्र ,सुख-शान्ति व समृद्धशाली समाज की स्थापना की जा सकती है जिसके द्वारा ही आधुनिक सभ्यता के उज्जवल भविष्य का सपना साकार हो सकेगा।

### कौन संभालेगा युवाओं को

आज प्रश्न यह है कि युवा शक्ति को संभालने और दिशा देने की सामर्थ्य किसमे है जबकि वर्तमान भारतवर्ष में 13 से 35 वर्ष की आयु वाले लगभग 42 करोड़ यूवाओं की मानवीय पूँजी है जो कि दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है अर्थात हमारा देश इन दिनो सर्वाधिक युवा देश है जिसमें से 70 प्रतिशत (लगभग 29 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। गॉव में रहने वाले युवाओं तथा शहरों में निवास करने वाले लगभग 13 करोड़ युवा दोनो के रहन-सहन, क्षमता, रूचि, परिवेश, शिक्षा आदि एकदम अलग है। गॉवो की शिक्षा व्यवस्था और शहरों की सुविधाए, दोनो में जमीन-आसमान का फर्क है। इसलिए ग्रामीण युवाओं को आज शिक्षा एवं रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त नही हो पा रहे हैं और वे विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। जबकि किसी भी राष्ट्र की युवा शक्ति उसके रचनात्मक कार्यो का आधार होती है परन्तु जब युवाओं को अपनी योग्यता व शक्ति का सदुपयोग करने का अवसर नही मिलता तो वह अपने वास्तविक मार्ग से भटक जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में युवा शक्ति रचनात्मक कार्यो में व्यस्त न रहकर विध्वंसक कार्यो की ओर अग्रसर होती है।

आज हमारे देश में ग्रामीण युवा शक्ति के सामने अनेक गम्भीर चुनौतियां हैं जिनमें आर्थिक विषमता, मूल्यरहित शिक्षा, शिक्षा का रोजगारोन्मुखी न होना, उचित मार्गदर्शन का अभाव एवं टेलीवीजन के द्वारा सेक्स और हिंसा का ग्लैमराइजेशन किया जाना आदि हैं। जिसके कारण उत्पन्न अमीरी-गरीबी की बढती खाई, बेरोजगारी, सामाजिक रिश्तों का अभाव, पारिवारिक विघटन, उपभोगवादी संस्कृति का प्रसार, टूटते सामाजिक-राजनैतिक मूल्यों ने इन युवाओं के भीतर निराशा पैदा कर दी है। आज हमारे देश में उचित मार्गदर्शन के अभाव में भारतीय युवा पीढी दिग्भ्रमित है और कुप्रवृत्तियों की पगडंडियो में भटककर अपराध और आतंकवाद पर चल रही है। कश्मीर में जारी आतंकवादी गतिविधियों तथा देश के कोने-कोने में पैर पसारते नक्सलवाद में गुमराह युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अतिरिक्त देश की बढती जनसंख्या ने भी युवा वर्ग को दिशा से भटकने के लिए मजबूर कर दिया है।

शिक्षा में सामाजिक व नैतिक मूल्यों के अभाव ने युवाओं को नैतिक मूल्यों के सरेआम उल्लंघन की ओर अग्रसर किया है। मसलन मादक द्रव्यों व ध्रूमपान की आदतें, यौन शुचिता का अभाव आदि ने विद्यालयों को विद्यास्थल के बजाए राजनीतिक अखाड़ा, असामाजिक व अनैतिक कार्यौं की जन्मस्थली बना दिया है। दुर्भाग्यवश आज के गुरूजन भी प्रभावी रूप में सामाजिक व नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में असफल रहे। युवाओं के समक्ष एक अन्य चुनौती उचित मार्गदर्शन का अभाव है। आदर्श नेतृत्व ही युवाओं को सही दिशा दिखा सकता है, पर जब नेतृत्व ही भ्रष्ट हो तो युवाओं का क्या? किसी दौर में युवाओं के आदर्श गांधी, नेहरू, विवेकानन्द, आजाद, सुभाष जैसे लोग या उनके आसपास के सफल व्यक्ति, वैज्ञानिक और शिक्षक रहे। पर आज के युवाओं के आदर्श वही हैं जो शार्टकट के माध्यम से ऊँचाइयों पर पहुँच जाते हैं। फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियां, विश्वसुन्दरियां, भ्रष्ट अधिकारी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ और अपराध जगत के डान आदि उनके आदर्श बन गए हैं। फलस्वरूप अपनी संस्कृति के प्रतिमानो और उद्यमशीलता को भूलकर रातोरात ग्लैमर की चकाचैंध में वे शीर्ष पर पहुँचना चाहते हैं। पर वे यह भूल जाते हैं कि जिस प्रकार एक हाथ से ताली नहीं बज सकती, उसी प्रकार बिना उद्यम के ठोस कार्य भी नहीं हो सकता।





## युवा दिवस पर उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्राओं ने ली शपथ

### स्वामी विवेकानंद के विचार

राष्ट्रीय युवा नीति का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उदेश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं।

### राष्ट्रीय युवा नीति

राष्ट्रीय युवा नीति का लक्ष्य युवाओं की पूर्ण क्षमता हासिल करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने और उसके जरिए देश को राष्ट्रों के बीच सही जगह हासिल करने में समर्थ बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति में पांच भली-भांति परिभाषित उद्देश्यों और प्राथमिकता वाले 11 क्षेत्रों की पहचान की गई है। इसमें प्रत्येक प्राथमिक क्षेत्र में नीति के लिए भी सुझाव दिया गया है। प्राथमिक क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, उद्यमिता, स्वास्थ्य एवं स्वस्थ जीवनशैली, खेल, सामाजिक मूल्यों का संवर्द्धन, समुदाय से जोड़ना, रानीति एवं शासन में भागीदारी, युवाओं को संलग्न करना, समावेश और सामाजिक न्याय शामिल हैं। यह नीति 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के सभी युवाओं की जरूरतें पूरी करेगी जो 2011 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का 27.5 प्रतिशत हैं। युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं संख्या सर्वाधिक है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केन्द्रित है।

**स्वामी जी के जीवन सूत्र विनम्रता, जिज्ञासा, दया का भाव, प्रार्थना, सामूहिक एकता, संस्कृति की समझ, समग्र दृष्टिकोण, प्रसन्ननता।**

उठो, जागों और जब तक मत रुकों तब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हों।

आप भगवान में जब तक विश्वास नहीं कर सकते जब तक कि आप खुद में विश्वास नहीं करते। जब एक विचार यदि मन में आये तो ये वास्तविक शारीरिक या मानसिक स्थिति में तब्दील हो जाता है। युवाओं के बीच काम करना सबसे अच्छा हैं जिनमें तुम्हारी आशाएँ रहती हैं झ धैर्य, व्यवस्थित रुप से और बिना शोर के।

**उन्नति की जरुरत है।पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता हैं ये अमोघ सत्य हैं। एक नायक बनो और सदैव कहो मुझे कोई डर नहीं है।**

महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगें। मेरी भविष्य की आशाएँ युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

### स्वामी जी के विचार

उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखों न कि लहरों की तरफ।- कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। धर्म आदमी में पहले से ही देवत्व की अभिव्यक्ति है। धन पाने के लिये कड़ा संघर्ष करों पर उससे लगाव मत करो

**जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमार में शिव को देखता हैं, वो सच में शिव की पूजा करता हैं। प्रत्येक आत्मा संभावित परमात्मा है।**

दिन में एकबार खुद से बात अवश्य करों......नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओंगे। मेरा विश्वास युवा पीढी में है, आधुनिक पीढी से मेरे कार्यकर्ता आ जायेगें। काम, काम, काम बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिये।

**मृत्यु तो निश्चित हैं, एक अच्छे काम के लिये मरना सबसे बेहतर हैं। हमारे देश को नायकों की जरुरत हैं, नायक बनों, तुम्हारा कर्तव्य हैं काम करते जाओ और फिर सभी तुम्हारा खुद अनुसरण करेंगे। आप छोटे थे तब मंदिर जाते थे वह सही था लेकिन एक युवा के लिये मंदिर जाने से अधिक आवश्यक उसका फुटबाल सहित उन खेलों में रूचि रखना और खेलना है जिससे वह शारीरिक रुप से मजबूत हो सके। एक मजबूत शरीर, आत्मबल और चरित्र आवश्यक है।**

स्वामी विवेकानंद










# निजी स्कूल में 24 बच्चों की हालत बिगड़ी

## पेस्टिसाइड के स्मेल से दस्त और सांस लेने में परेशानी की आयी शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मुंगेर।** जिले के निजी स्कूल में दो दर्जन बच्चों को दस्त और सांस लेने में परेशानी होने लगी। सभी बच्चो को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल में लगे पेड़ों में स्कूल प्रबंधन द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था। बच्चों के क्लास रूम की खिड़की पेड़ों से सटे थे। कीटनाशक दवा की दुर्गंध से बच्चों को सांस लेने में परेशानी होने लगी और दस्त भी करने लगे। इससे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। सभी बच्चो को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार इलाज के बाद सभी बच्चे सुरक्षित हैं। इस सूचना के बाद बच्चों के परिजनों ने राहत की सांस ली।

दरअसल, मामला कासिम बाजार थाना क्षेत्र के सोझी गंगा घाट रोड स्थित एक निजी स्कूल का है. उस समय अफरा तफरी मच गई जब बच्चों के परिजनों को जानकारी हुई कि स्कूल में गैस लिक हुआ है। इससे कई बच्चे बेहोश हो गए। वहीं, मामले की जानकारी मिलते ही बच्चों के परिजन स्कूल पहुंचे और स्कूल में अपने अपने बच्चों को ढूढ़ने लगे। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रसाशन और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि स्कूल में आज सुबह कुछ पेड़ों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था। पेड़ से सटे स्कूल बिल्डिंग में क्लास तीन, चार और पांच के बच्चे को सांस लेने में परेशानी होने लगी। इसके बाद दस्त और चक्कर की शिकायत मिलने लगी।

**विधायक ने बच्चों का जाना हाल-चाल :** इस घटना के बाद स्कूल प्रसाशन ने इसकी जानाकरी सदर अस्पताल को दी। आनन फानन में सदर अस्तपताल के कई एम्बुलेंस स्कूल पहुंची और सभी बच्चों को सदर अस्तपताल ले जाया गया, जहां सभी बच्चों को ऑक्सीजन सहित दवा दी गई। इलाज के बाद सभी बच्चों को घर भेज दिया गया। वहीं, घटना की जानकरी मिलने के बाद बीजेपी विधायक प्रणव कुमार यादव सदर अस्तपताल पहुंचे और बच्चों से मुलाकात की। प्रणव यादव ने कहा कि जानकारी ली जा रही है। घटना कैसे हुई है और इतने बच्चों की तबीयत क्यों खराब हुई है।

**एसडीपीओ ने दी जानकारी :** इस घटना को लेकर सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे जानकरी हुई। कुछ बच्चों की तबीयत खराब हुई है, जिसके बाद हमलोग स्कूल पहुंचे। लगभग 18 बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी, जिसे सदर अस्तपताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद सभी बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया गया। वहीं, स्कूल के प्रिंसपल और प्रबंधक कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं।

## नेहरू युवा केंद्र ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**दुमका।** नेहरू युवा केंद्र संगठन दुमका के जिला युवा अधिकारी कुश कुमार के निर्देश पर नेहरू युवक संगठन के बैनर तले राष्ट्रीय स्वयंसेवक अमन राज की अध्यक्षता में प्लस टू जिला स्कूल केंपस में युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया।

## स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**दुमका।** छात्र चेतना संगठन द्वारा भारत के स्वामी विवेकानंद जी के 161 वें जयंती पर विवेकानंद चौक स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय प्रमुख हिमांशु मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवनारायण कुमार, जिला छात्रा प्रमुख मालोती टुडू, महासचिव राकेश मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य सनातन राय, श्यामसुंदर साहा, केशव मिश्रा, फिलोमिना मरांडी, निकिता सोरेन, अंशु प्रिया, शशि कुमार, शीतांश मिश्रा, आर्यन राज, अमित कुमार सहित दर्जनों सी0 सी0 एस0 योद्धा उपस्थित थे।

## आग से झुलसी 85 वर्षीय वृद्धा समेत दो महिला की इलाज के दौरान मौत

**दुमका।** आग से झुलसी एक 85 वर्षीय वृद्ध महिला जरीफन बीवी सहित दो महिला की मौत हो गई है। दोनों दुमका के सदर अस्पताल स्थित बर्न यूनिट में इलाज के लिए भर्ती हुई थी। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई है। जरीफन बीवी दुमका के तेलियाचक नवाडीह गांव की रहने वाली थी। वह 11 जनवरी को ठंड से बचने के लिए आग ताप रही थी। आग तापने के दौरान वृद्ध महिला के कपड़े में किसी तरह से लग गई और आग की लपटे पूरे शरीर में फैल गई। महिला गंभीर रुप से झुलस गयी थी। परिजनों ने आनन-फानन में वृद्धा को उठाकर इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया,जहां देर रात में उसकी मौत हो गई। वृद्ध महिला के पुत्र मंसुर अंसारी ने पोस्टमार्टम नहीं कराने का आग्रह पुलिस से किया। नगर थाना की पुलिस ने पुत्र के लिखित आवेदन पर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर भेज दिया।

## एक नजर में

## प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मुफ्फसिल थाना का प्रभार मिला



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा जिला मुख्यालय में कार्यरत प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव को मुफस्सिल थाना का प्रभारी बनाया गया गया इस आशय की अधिसूचना पुलिस अधीक्षक गोड्डा द्वारा दी गई है। तत्कालीन मुफस्सिल थाना प्रभारी एसआई गजेश कुमार कुमार को पुलिस लाइन गोड्डा स्थानांतरित किया गया। कुमार गौरव यहां बतौर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक के रूप में कार्य भार सम्हाल रहे थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस व वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न




खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल पितीज में राष्ट्रीय युवा दिवस ( स्वामी विवेकानन्द जयंती) एवम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्य रूप से मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के संचालक जितेन्द्र चन्द्रवंशी व सभी शिक्षकों ने विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण सह पुष्प अर्पण किया। इस अवसर पर श्री चंद्रवंशी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के छात्र - छात्राओ ने ड्रिल डांस कर मनमोहक प्रस्तुति दी । विद्यालय के संचालक जितेन्द्र चन्द्रवंशी ने बताया कि तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेल भावना व उत्साह अपनी चरम सीमा पर था। खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया। प्रतियोगिताओं परिणाम इस तरह रहा।

बालक वर्ग में 80मीटर रेस में शतीश कुमार प्रथम, रवि कुमार द्वितीय और धीरज कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं बालिका वर्ग में निधि कुमारी प्रथम, आरती कुमारी द्वितीय और माया कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया । 100 मीटर बालक वर्ग रेस में राहुल कुमार प्रथम, समीर अंसारी द्वितीय और मुन्ना तृतीय स्थान प्राप्त किए। 100मीटर रेस बालिका वर्ग में स्वस्ती केशरी प्रथम, श्रुति कुमारी द्वितीय, मधु कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। शॉटपुट ( गोला फेंक) बालक वर्ग में सचिन कुमार प्रथम, बीरबल कुमार द्वितीय, समीर अंसारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। जैवलिन ( भला फैक ) बालिका वर्ग में पूजा कुमारी प्रथम,सोनाक्षी कुमारी द्वितीय, रिसीका कुशवाहा तृतीय स्थान प्राप्त किए। शॉटपुट ( गोला फेंक) स्वीटी कुमारी प्रथम,मधु कुमारी द्वितीय, सोनाक्षी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। जैबलिन ( भला फेंक) बालक वर्ग मुन्ना राणा प्रथम, यूवराज कुमार द्वितीय, आनंद कुमार यादव तृतीय स्थान प्राप्त किए। बैडमिंटन बालक वर्ग में अभिनव कुमार , उज्ज्वल कुमार प्रथम, राहुल कुमार यादव, बीरबल कुमार द्वितीय और बालिका वर्ग में साक्षी कुमारी एवम पल्लवी कुमारी द्वितीय। कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम विजेता सुभाषचन्द्र बोस के खिलाड़ी रहे। और महात्मा गाँधी हाउस के खिलाडी द्वितीय स्थान पर रहे। कबड्डी बालक वर्ग में महात्मा गाँधी हाउस के खिलाड़ी प्रथम स्थान पर रहे और सुभाषचंद्र बोस हाउस के खिलाड़ी ने द्वितीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल में सुभाषचंद्र बोस हाउस के खिलाड़ीयो ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। सिदुकान्हू हाउस के खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय के बच्चों और कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा।

# वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज गोड्डा स्थित भाजपा के मुख्य जिला कार्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर प्रियांशु राज के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में एक वाद विवाद प्रतियोगिता की गई। जिसमे निम्नलिखित विषय को ली गई थी।

1. नव मतदाता भारत का भाग्य विधाता 2. मतदान का महत्व आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थान और कोचिंग के बच्चों ने भाग लिया। विधिवत कार्यक्रम से पूर्व स्वामी विवेकानंद जी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर स्वामी विवेकानंद जी के जिवन पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव मेहता जी के स्वामी विवेकानंद जी के बारे बोला और नव मतदाता भारत का भाग्य विधाता के बारे में अपना वक्त्व रखा। जिला उपाध्यक्ष अजय साह, जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने मतदान का महत्व के विषय मे नव मतदाता को जागरूक किया, जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, अनिल साह, युवा मोर्चा के युवा मोर्चा के प्रदेश का समिति सदस्य अमित कुमार, युवा मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री नितेश सिंह युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सूरज सिंह, सुधाकर झा, प्रभाकर कुमार, अशोक मण्डल, प्रिंस राजपूत, रामलखन पंडित, पप्पू शर्मा, रोहित वर्मा, राजेश भगत, ब्रजेश मण्डल, कमलकांत कुमार, आकाश कुमार, सुमन कुमार उपस्थित थे।

## संत जेवियर इंटर कॉलेज में आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता

**दुमका।** संत जेवियर इंटर कॉलेज के तत्वावधान में युवा महोत्सव के उपलक्ष में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक सर्व शिक्षा था जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने अपने समूह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रंग-बिरंगे रंगोली द्वारा अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली उप प्राचार्य फादर जोसेफ एस जे, राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका फरहत एहसान, हिन्दी की शिक्षिका पुष्पलता हांसदा के निर्णय से प्रथम स्थान लोयोला हाउस, द्वितीय ब्रिटो एवम कैंपियन हाउस तथा कोस्टा हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## झामुमो ने किया स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**दुमका।** झामुमो की नगर कमेटी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। नगर प्रभारी रवि यादव ने कहा कि ज्ञान व्यक्ति के मन में विद्यमान है और वह स्वयं ही सीखता है। माल्यार्पण कार्यक्रम में प्रखंड सचिव विजय मल्लाह, शिबू चक्रवर्ती,पराक्रम शर्मा, सुमंत यादव, आदित्य श्रीवास्तव, शान सिंह राजपूत, कुणाल राज, अनमोल राम, विक्रम दास,कार्तिक दास, शाहनवाज रब्बानी, इंदु चौबे, गीता देवी, मो आरिफ, जफर सलीम,मो सोहैल, लक्ष्मी दास मौजूद थे।

## युवा दिवस के रूप में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**दुमका/निज संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रुप में मनाया गया। स्कूल-कॉलेजों में कई कार्यक्रम किए गए। राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों ने स्वामी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर स्कूली बच्चे भी काफी संख्या में शामिल हुए थे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर हवलदार ने की 61 लाख की ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाला कोर्ट परिसर में कार्यरत हवलदार सरगुण हरिजन इस बार बुरी तरह से फंस गया है। शुक्रवार को दुमका, साहिबगंज, गोडडा और पाकुड़ के 23 लोगों ने उस पर कोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर 61 लाख रुपया ठगी करने का आरोप लगाते नगर थाना में आवेदन दिया है। पीड़ितों ने आवेदन की प्रति राज्यपाल, मुख्यमंत्री, डीजीपी, जिला जज, डीआइजी व एसपी को देकर आरोपित पर कार्रवाई की मांग की है। गोडडा के दुबराजपुर निवासी बलराम पासवान ने नगर थाना में दिए आवेदन में बताया कि सरगुण शातिर है। उसने जमीन के नाम पर पहले पैसा लिया और उसके खिलाफ ही केस दर्ज करा दिया। तीन साल पहले गोडडा के चार, साहिबगंज के 11, पाकुड़ के तीन और दुमका के पांच लोगों से कोर्ट परिसर में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 61 लाख रुपया लिया। सरगुण ने कहा कि उसका जजों के साथ अच्छा संबंध है।



नगर थाना में मामला दर्ज कराते पीड़ित ।

किसी की भी नौकरी लगवा सकता है। लालच में आकर सभी 23 लोगों ने उसके खाते में पैसा डाल दिया। पैसा लेने के बाद सभी से दो सादे कागज में हस्ताक्षर लिया और कहा कि जल्द ही परीक्षा का एडमिट कार्ड और योगदान पत्र भेज दिया जाएगा। नौकरी लगवाने के नाम पर उन पैसों से कहीं जमीन तो कहीं घर बनवा लिया। नौकरी नहीं लगने पर पैसा वापस मांगा तो कुछ पैसा खातों में वापस भी डाल दिया। हवलदार का पुत्र मुकेश दास ने खुद को बिहार के पटना के कोर्ट सहायक लिपिक का योगदान पत्र भी दिखाया। इतना ही नहीं गोडडा के पवन पंडित को बिहार के पटना कोर्ट में सहायक लिपिक पद के लिए डाक से नियुक्ति पत्र भी भेज दिया। कहा कि अगर झारखंड में नौकरी नहीं लगी तो बिहार में जरूर लगवा देंगे। बताया कि पिता पुत्र खुले आम न्यायालय की मोहर, साहब का फर्जी हस्ताक्षर, चयन सूची और डाक से नियुक्त पत्र भेजता है। इस कार्य में उसका परिवार शामिल है। सहायक पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार को पीड़ितों ने आवेदन दिया है, लेकिन उन तक आवेदन नहीं पहुंचा है। एएसआइ से विचार विमर्श करने के बाद मामले की जांच कराई जाएगी।

## अयोध्या से आये अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरित

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के घरों घरों में अयोध्या धाम से आए पवित्र पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्रक और भगवान रामचंद्र जी की तस्वीर वितरित करने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के बुधवाचक पंचायत अंतर्गत बुधवाचक पंचायत के बेलाटीकर गांव से वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में बेलाटिकर, पिपरा, बाघाकोल, खंजरीचक आदि गांव में घरों घरों में घूम-घूम कर अयोध्या नाथ धाम से आए पवित्र पूजित अच्छा आमंत्रण पत्रक और श्री रामचंद्र जी भगवान का तस्वीर का वितरण किया गया। शेष बचे घरों में भी शुक्रवार, शनिवार को वितरित कर दिया जाएगा।

# राजस्व और आपदा प्रबंधन की बैठक के निर्देश

## भूमि विवादों के निपटारे को लेकर थानों में आयोजित किया जायेगा थाना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में राजस्व एवं आपदा प्रबांन, राजस्व संग्रहन व योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भूमि से सम्बंधित लम्बित मामलों तथा नीलाम पत्र से सम्बंधित बैठक हुई। बैठक के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दाखिल खारिज से सम्बंधित लम्बित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों के समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता दिखाएं, बेवजह कार्यालयों का चक्कर नही लगवाएं, बल्कि कार्यालय आने वाले लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर समाधान करें, दाखिल खारिज से सम्बंधित लम्बित मामलों को लेकर उपायुक्त ने कहा कि बिना वैा कारण के आवेदनों को रद्द नही करें। जाति आवासीय और आय प्रमाण को हरहाल में निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलों के सीओ को सख्त निर्देश दिया गया कि थाना से समन्वय स्थापित कर माह के एक मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन करें और भूमि सम्बनी विवादों का निपटारा करते हुए, किये गए समुचित कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। बैठक में डीसी ने अवैध जमाबंदी रद्द करने से सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया वहीं खनन, वन विभाग, उत्पाद, परिवहन, वाणिज्य कर, नगर पर्षद, नगर पंचायत आदि विभागों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करने आदि का निर्देश दिया। डीएम पोर्टल व डीजी पोर्टल पर लम्बित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने, शतप्रतिशत बिरहोरों का आाार कार्ड बनवाने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, डीएसओ अविनाश पुरेन्दू, जिला उप निर्वाचन पदााकिारी सुमंत तिर्की, डीएमओ दारोगा राय आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर याद किये गये स्वामी विवेकानंद

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के शुभारंभ महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत, सहायक प्रायापकगण, शिक्षेकेत्तर कर्मचारीगणों एवं बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने स्वामी विवेकानन्द जी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर खुशबू कुमारी सिन्हा, अनिल कुमार दास, मनीष कुमार सिन्हा, राहुल, अक्षय, राहुल, दिलीप, नूतन, उमा, अनामिका, प्रीति, आरती, रियांशु, रेणु सीताराम यादव समेत सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## भाजयुमो ने मनायी स्वामी विवेकानंद की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. लुईस मरांडी ने कहा सभी को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, उनके कथन जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है, ऐसे विचारों से लोगों और विशेषकर युवाओं के भीतर क्रांति पैदा होती है। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन का कण-कण देश को समर्पित कर दिए। स्वामी विवेकानंद समाज सुधारक और सेवक होने के साथ ही आध्यात्मिक गुरु भी थे, जिन्होंने देश-दुनिया को धर्म व अध्यात्म का पाठ पढ़ाया।

## कायस्थ महासभा ने मनायी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**दुमका।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई ने उपाध्यक्ष सत्येंद्र नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। डॉ. अमरेंद्र सुमन ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए ऐसे महान प्रतिभावान संत के उपदेशों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। डॉ सुमन ने कहा कि आज हमें सजग रहने की आवश्यकता है और लक्ष्य की प्राप्ति होने तक हमें निरन्तर आगे बढ़ते रहना है।

## सिविल सोसायटी ने किया स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**दुमका।** सिविल सोसायटी दुमका के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के अवतरण दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस पर दुमका में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पण किया गया। इस अवसर पर सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, प्रदिप्त मुखर्जी, अर्णव झा आदि शामिल थे।

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

## जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा मुख्य समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत वरीय पदाधिकारी संग उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 2023 का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित होगी। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देश दिया गया। इसके अलावे राज्य सरकार से प्राप्त होने वाले निदेर्शों के अनुरूप कार्यक्रम में संशोधन की भी बात कही गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सिविल सर्जन चतरा डा. जगदीश प्रसाद, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी, नजारत उप समाहर्ता विजय दास, जिला जन सम्पर्क कार्यालय से सहायक जन सम्पर्क पदाधिकारी सह सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## सनातन बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित धनंजय पांडेय एवं अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्रामपुर प्रखंड के रेहला स्थित एसबी पांडेय सनातन टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के एस्क्यूटिव मेंबर धनंजय पांडेय ने स्वामी जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर श्री पांडेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओ के कंो पर देश का भविष्य है। इसे संभाल कर रखना युवाओ की जिम्मेवारी है। उन्होंने सभी लोगों को स्वामीजी के आदर्शों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी ज्योति चौबे, ज्योति पांडेय, प्रगति, पूजा, निधि, मंजू, रूप आदि ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया। प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा आकर्षक पेंटिंग भी बनाया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन हर्षिता एवं अंजलि तथा धन्यवाद ज्ञापन सुति पांडेय ने की। कार्यक्रम में प्रो. सुशील उपाध्याय, संजीव पांडेय, शशिकांत पांडेय, गरिमा यादव, सत्यवती तिवारी, रूपेश तिवारी सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।